सेंसेक्स ~
निफ्टी ~
सोना ~
चांदी ~
डॉलर ~

# बालाघाट एक्सप्रेस

PMG
हिन्दी दैनिक
E-mail: balaghatexpress@gmail.com
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in

बालाघाट
सोमवार 18 अगस्त 2025
भाद्रपद कृष्ण 10 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 323
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

## खास खबर

### राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार

नई दिल्ली। महाराष्ट्र के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन एनडीए के उपराष्ट्रपति पद के उम्मीदवार होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा की बैठक में इस पर सहमति बनी। नड्डा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर इसका ऐलान किया। राधाकृष्णन 21 अगस्त को नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान एनडीए शासित राज्यों के सभी मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री भी शामिल होंगे। उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए 9 सितंबर को वोटिंग होगी। उसी दिन काउंटिंग भी होगी। नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 21 अगस्त है। 25 अगस्त तक उम्मीदवारी वापस ली जा सकती है। दरअसल, जगदीप धनखड़ ने 21 जुलाई की रात अचानक उपराष्ट्रपति के पद से इस्तीफा दे दिया था। 74 साल के धनखड़ का कार्यकाल 10 अगस्त 2027 तक था।

### केरल पूर्ण डिजिटल साक्षरता हासिल करने वाला देश का पहला राज्य

तिरुवनन्तपुरम। केरल को पूर्ण डिजिटल साक्षर राज्य का दर्जा मिलने वाला है। स्थानीय स्वशासन विभाग (एलएसजीडी) के डिजी केरल कार्यक्रम के तहत लगभग 21.87 लाख केरल वासियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है। 21 अगस्त को इसकी आधिकारिक घोषणा की जाएगी। यह अभियान सितंबर 2023 में शुरू किया गया था और 18 महीनों के भीतर, पूर्ण डिजिटल साक्षरता का लक्ष्य पूरा किया गया। शुरुआत में 65 साल तक के नागरिकों को लक्षित किया था, लेकिन अंततः 1,500 से अधिक नव साक्षर प्रतिभागी 90 साल से ज्यादा उम्र के थे।

### भाजपा को हराने हिंदू-मुस्लिम एकजुट हों-प्रशांत किशोर

नई दिल्ली। जन सुराज पार्टी के संस्थापक प्रशांत किशोर ने आगामी बिहार विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा के खिलाफ एक हिंदू-मुस्लिम गठबंधन बनाने का संकेत दिया है। उन्होंने पार्टी से जुड़े मुस्लिम नेताओं के साथ बैठक के बाद कहा, कि उनकी कोशिश महात्मा गांधी और बाबासाहेब आंबेडकर की विचारधारा में विश्वास रखने वाले हिंदू और मुसलमानों के बीच एक वैचारिक गठबंधन बनाने की है। बैठक में पीके ने कहा, कि सभी हिंदू भाजपा का समर्थन नहीं करते। यह कहना भी गलत होगा कि अधिकांश हिंदू भाजपा के साथ हैं। यदि गांधी और आंबेडकर की विचारधारा में आस्था रखने वाले हिंदू और मुसलमान एकजुट हों, तो भाजपा को आसानी से हराया जा सकता है। गौरतलब है कि प्रशांत किशोर पहले ही ऐलान कर चुके हैं कि उनकी पार्टी 243 सदस्यीय बिहार विधानसभा चुनाव में 40 मुस्लिम प्रत्याशी उतारेगी। इस फैसले से राजद-कांग्रेस-वाम गठबंधन में नाराजगी है, क्योंकि ये दल पारंपरिक रूप से अल्पसंख्यक वोटों पर निर्भर रहे हैं।

### कुछ ना कहना




### बिहार एसआईआर विवाद के बीच मुख्य चुनाव आयुक्त की दो-टूक

# 7 दिन में हलफनामा नहीं दिया तो सारे आरोप निराधार

## चुनाव आयोग के लिए कोई पक्ष या विपक्ष नहीं, सभी समान, विपक्ष चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति कर रहा

**नई दिल्ली। चुनाव आयोग ने रविवार को नेशनल मीडिया सेंटर में एक प्रेस वार्ता की। इस दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत के संविधान के अनुसार 18 वर्ष की आयु प्राप्त करने वाले भारत के प्रत्येक नागरिक को मतदाता बनना चाहिए और मतदान भी करना चाहिए। आप सभी जानते हैं कि कानून के अनुसार प्रत्येक राजनीतिक दल का जन्म चुनाव आयोग में पंजीकरण के माध्यम से होता है। फिर चुनाव आयोग समान राजनीतिक दलों के बीच भेदभाव कैसे कर सकता है? चुनाव आयोग के लिए न तो कोई विपक्ष है और न ही कोई पक्ष। सभी समान हैं। चाहे कोई किसी भी राजनीतिक दल से संबंधित हो, चुनाव आयोग अपने संवैधानिक कर्तव्य से पीछे नहीं हटेगा। चुनाव आयोग ने राहुल गांधी का बिना नाम लिए चीफ इलेक्शन कमिश्नर ज्ञानेश कुमार ने कहा- वोटरों को फर्जी कहना गलत है। माफी मांगनी चाहिए। 7 दिन में हलफनामा नहीं दिया तो सारे आरोप निराधार होंगे। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हमारे लिए न कोई पक्ष और न विपक्ष है। सभी राजनीतिक दल बराबर हैं। अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न हो और फिर वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो ये लोकतंत्र का अपमान है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि कुछ मतदाताओं ने वोट चोरी के आरोप लगाए, सबूत मांगने पर जवाब नहीं मिला। ऐसे आरोपों से इलेक्शन कमीशन नहीं डरता है। जब चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर मतदाताओं को निशाना बनाया जा रहा हो तो हम स्पष्ट करते हैं कि चुनाव आयोग निडरता के साथ गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा समेत सभी धर्मों-वर्गों के लोगों के साथ चट्टान के साथ खड़ा है, खड़ा था और खड़ा रहेगा।**

भारत निर्वाचन आयोग
Election Commission of India

### 1.6 लाख बीएलओ ने सूची तैयार की

मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि पिछले दो दशकों से लगभग सभी राजनीतिक दल मतदाता सूची में त्रुटियों को सुधारने की मांग कर रहे हैं। इसके लिए चुनाव आयोग ने बिहार से एक विशेष गहन पुनरीक्षण की शुरुआत की है। एसआईआर की प्रक्रिया में सभी मतदाताओं, बूथ स्तर के अधिकारियों और सभी राजनीतिक दलों द्वारा नामित 1.6 लाख बीएलओ ने मिलकर एक मसौदा सूची तैयार की है। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया में एक करोड़ से ज्यादा कर्मचारी, 10 लाख से ज्यादा बूथ लेवल एजेंट, उम्मीदवारों के 20 लाख से ज्यादा पोलिंग एजेंट काम करते हैं। इतने सारे लोगों के सामने इतनी पारदर्शी प्रक्रिया में क्या कोई मतदाता वोट चुरा सकता है? सीईसी ने कहा कि बिहार में मसौदा सूची जब से तैयार की जा रही थी, तभी से इसे सभी राजनीतिक दलों के बीएलए से हस्ताक्षर करा सत्यापित कराया गया। इसमें आने वाली त्रुटि को ठीक करने के लिए सभी राजनीतिक दल और मतदाता अहम योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर में त्रुटि हटाने के लिए अभी भी 15 दिनों का समय बाकी है। हम सभी दलों और बीएलए से अपील करते हैं कि आने वाले 15 दिनों में सूची में त्रुटि को फॉर्म भरकर बताएं। जमीनी स्तर पर सभी बीएलओ, बीएलए और मतदाता मिलकर काम कर रहे हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि चुनाव आयोग के दरवाजे सभी के लिए समान रूप से सदैव खुले हैं। जमीनी स्तर पर सभी मतदाता, सभी राजनीतिक दल और सभी बूथ स्तरीय अधिकारी मिलकर पारदर्शी तरीके से काम कर रहे हैं। सत्यापन कर रहे हैं। हस्ताक्षर कर रहे हैं। वीडियो प्रशंसापत्र भी दे रहे हैं। यह गंभीर चिंता का विषय है कि राजनीतिक दलों के जिला अध्यक्षों और उनकी ओर से नामित बीएलओ के ये सत्यापित दस्तावेज, प्रशंसापत्र या तो उनके अपने राज्य स्तरीय या राष्ट्रीय स्तर के नेताओं तक नहीं पहुंच रहे हैं या फिर जमीनी हकीकत को नजरअंदाज करके भ्रम फैलाने की कोशिश की जा रही है। सच्चाई यह है कि कदम दर कदम सभी पक्ष बिहार के एसआईआर को पूर्ण रूप से सफल बनाने के लिए प्रतिबद्ध, प्रयासरत और मेहनत कर रहे हैं। जब बिहार के सात करोड़ से अधिक मतदाता चुनाव आयोग के साथ खड़े हैं, तो न तो चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर और न ही मतदाताओं की विश्वसनीयता पर कोई प्रश्नचिह्न लगाया जा सकता है।

### वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल

उन्होंने कहा कि अगर सही समय पर त्रुटि हटाने का आवेदन न किया जाए और वोट चोरी जैसे गलत शब्दों का इस्तेमाल कर जनता को गुमराह किया जाए तो यह तो गलत है। यह संविधान का अपमान नहीं तो और क्या है। कुछ लोगों ने ऐसे ही बेबुनियाद आरोप लगाए। जब उनसे सबूत मांगे गए तो जवाब नहीं दिया गया। मतदाताओं के तस्वीरों का इस्तेमाल बिना उनकी इजाजत के किया गया, यह लोकतंत्र का अपमान नहीं तो और क्या है। ऐसे बेबुनियाद आरोपों से चुनाव आयोग डरने वाला नहीं है। विपक्ष चुनाव आयोग के कंधे पर बंदूक रखकर राजनीति करने का प्रयास कर रहा है। ऐसे में हम साफ कर देते हैं कि चुनाव आयोग बिना किसी डर के गरीब, अमीर, बुजुर्ग, महिला, युवा समेत सभी धर्मों-वर्गों के लोगों के साथ चट्टान की तरह खड़ा था, खड़ा है और खड़ा रहेगा।

### मशीन-पठनीय सूची मतदाता की निजता का उल्लंघन

ज्ञानेश कुमार ने कहा के रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से नतीजे घोषित करने के बाद भी कानून में यह प्रावधान है कि 45 दिनों की अवधि के भीतर राजनीतिक दल कोर्ट जाकर चुनाव को चुनौती देने के लिए चुनाव याचिका दायर कर सकते हैं। इस 45 दिनों की अवधि के बाद इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगाना, चाहे वह केरल हो, कर्नाटक हो या बिहार। जब चुनाव के बाद की वह 45 दिन की अवधि समाप्त हो जाती है और उस अवधि के दौरान किसी भी उम्मीदवार या राजनीतिक दल को कोई अनियमितता नहीं मिलती है, तो आज इतने दिनों के बाद देश के मतदाता और जनता ऐसे बेबुनियाद आरोप लगाने के पीछे की मंशा समझ रहे हैं। आगे उन्होंने कहा कि जहां तक मशीन-पठनीय मतदाता सूची का सवाल है तो सुप्रीम कोर्ट 2019 में ही कह चुका है कि यह मतदाता की निजता का उल्लंघन हो सकता है।

### अमेरिका, रूस और यूक्रेन के बीच त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन को यूरोप के शीर्ष नेताओं की मंजूरी

नई दिल्ली। यूरोप के शीर्ष नेताओं ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की उस पहल का समर्थन किया है, जिसके तहत अमेरिका, रूस और यूक्रेन के बीच एक त्रिपक्षीय शिखर सम्मेलन आयोजित करने की योजना बनाई गई है। यूरोपीय नेताओं ने कहा कि यह पहल पिछले चार साल से जारी रूस-यूक्रेन युद्ध को समाप्त करने और स्थायी शांति स्थापित करने की दिशा में एक अहम कदम हो सकता है। शनिवार को यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी, जर्मनी के चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, पोलैंड के प्रधानमंत्री डोनाल्ड टस्क और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष एंटोनियो कोस्टा ने संयुक्त बयान जारी किया। यह बयान ट्रंप और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच 15 अगस्त को अलास्का में हुई ऐतिहासिक बैठक के बाद सामने आया। बयान के मुताबिक, राष्ट्रपति ट्रंप ने पुतिन से मुलाकात के बाद यूरोपीय नेताओं और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की को बातचीत की जानकारी दी। यूरोपीय नेताओं ने ट्रंप की इस कोशिश की सराहना की और कहा कि यह कदम रूस की आक्रामकता को रोकने और यूक्रेन में हिंसा समाप्त करने में मददगार साबित हो सकता है। यूरोपीय नेताओं ने यह भी स्पष्ट किया कि किसी भी शांति समझौते में यूक्रेन की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा को मजबूत गारंटी के साथ शामिल किया जाएगा। उन्होंने दोहराया कि यूक्रेन के भविष्य, उसके गठबंधनों और उसकी जमीन से जुड़े फैसले केवल कीव ही करेगा।

### देश में अघोषित आपातकाल चल रहा, हम वोट के अधिकार को बचाने लड़ रहे-लालू

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) प्रमुख और बिहार के पूर्व सीएम लालू प्रसाद यादव ने सासाराम से शुरू होने वाली वोटर अधिकार यात्रा को लेकर कहा कि हम लोगों के वोट के अधिकारों को बचाने के लिए लड़ाई लड़ रहे हैं और वहीं बीजेपी और चुनाव आयोग एसआईआर के जरिए लोगों को वोट के अधिकार से वंचित करने का षडयंत्र रच रहे हैं। हम उसे सफल नहीं होने देंगे। उन्होंने दावा किया कि देश की वर्तमान स्थिति आपातकाल से भी बदतर है। देश में अघोषित आपातकाल चल रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी, तेजस्वी यादव समेत महागठबंधन के तमाम नेता यात्रा में शामिल हो रहे हैं। हम ये लड़ाई लड़ रहे हैं और जीतेंगे। राजद नेता तेजस्वी यादव ने वोटर अधिकार यात्रा को लेकर कहा कि लोकतंत्र और संविधान खतरे में है, इसकी रक्षा के लिए यह यात्रा निकाली जा रही है। यह यात्रा मतदाताओं के संवैधानिक अधिकारों, विशेषकर एक व्यक्ति, एक वोट के सिद्धांत को बचाने का दायित्व निभाने के लिए है।

### पहाड़ों से मैदान तक मॉनसून की मार... मुश्किल में जान, बारिश और बाढ़ ने कई राज्यों में मचाई तबाही, हर तरफ बस पानी ही पानी!

# कठुआ में 3 जगह बादल फटा, 7 की मौत, कई घायल

## कुल्लू में बादल फटा-मंडी में फ्लैश फ्लड, कहीं सड़कें बहीं तो कहीं मदद के इंतजार में लोग

नई दिल्ली/ जम्मू। देश के कई हिस्सों में लगातार हो रही भारी बारिश और नदियों के उफान से बाढ़ जैसे हालात बन गए हैं। उत्तर से दक्षिण तक अलग-अलग राज्यों में बाढ़ और बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। कहीं नदियों का पानी गांवों में घुस गया है तो कहीं पुल और सड़कें बह गई हैं। कई जगहों पर फसलों को भी भारी नुकसान हुआ है और लोग राहत-सहायता का इंतजार कर रहे हैं तो कहीं बादल फटने की घटनाओं से भारी तबाही मची है। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में रविवार सुबह बादल फटा है। जम्मू-कश्मीर में बादल फटने की ये बीते 3 दिन में दूसरी घटना है। रविवार को कठुआ जिले में बॉर्डर से सटे इलाके में 3 जगह बादल फटा। जोद घाटी इलाके में 7 लोगों की मौत हो गई और कई घायल हैं। जोद के अलावा मथरे चक, बगार्ड-चंगड़ा और दिलवान-हुटली में भी लैंडस्लाइड हुई। 14 अगस्त को भी जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ के चसोटी में भी ऐसी ही घटना हुई थी। लैंडस्लाइड के बाद जोद गांव का शहर से संपर्क टूटा गया था, काफी मशक्कत के बाद रेस्क्यू टीम गांव पहुंची। घरों में कई फीट तक पानी-मलबा भरा है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। कठुआ डिप्टी एसपी राजेश शर्मा ने कहा कि लैंडस्लाइड में 2 से 3 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 6 लोगों के फंसे होने की सूचना है। जांगलोट समेत नेशनल हाईवे पर कई जगह पर सड़क? को नुकसान पहुंचा है। रेलवे ट्रैक भी बाधित है। हिमाचल प्रदेश में मानसून की बारिश से तबाही नहीं थम रही। आज सुबह 4 बजे के करीब कुल्लू के टकोली में बादल फटा। कुल्लू के पनारसा, नगवाई में भी फ्लैश फ्लड के बाद चारों तरफ मलबा बिखरा है।

### चंडीगढ़-मनाली फोरलेन बंद

रविवार सुबह करीब 4 बजे के करीब कुल्लू के शालानाला में बादल फटा। इससे कुल्लू और मंडी के कई इलाकों में भारी नुकसान हुआ है। टकोली सब्जी और टकोली फोरलेन पर फ्लड के कारण मलबा आ गया। कुल्लू-मंडी के अलग-अलग इलाकों में 10 से ज्यादा घरों को नुकसान हुआ है। कई घरों में अंदर मलबा भर गया है। शालानाल खड्ड में आई बाढ़ से एफकॉन कंपनी के ऑफिस और कॉलोनी की दीवार टूट गई। यहां पर कर्मचारियों ने भाग कर बचाई जान, स्थानीय लोगों के घरों को भी काफी नुकसान हुआ। टकोली, पनारसा और नगवाई में 10 से अधिक गाड़ियों को भी नुकसान हुआ है। चंडीगढ़-मनाली फोरलेन मंडी और कुल्लू में जगह-जगह बंद हो गई है। मंडी जिला के बागी पराशर में भी फ्लैश फ्लड से नुकसान की सूचना है। मौसम विभाग के मुताबिक, आज चंबा, कांगड़ा, मंडी, शिमला और सिरमौर में बारिश का यलो अलर्ट है। प्रदेश में इस मानसून सीजन में अब तक 261 लोगों की मौत हो चुकी है।

### खरगोन में नदी पार कर रहा युवक बहा

मप्र के खरगोन में लगातार हो रही बारिश से रूपारेल नदी में बाढ़ आ गई। जिसमें एक 27 साल का युवक बह गया। घटना झिरन्या क्षेत्र में शनिवार शाम को हुई। रविवार सुबह इसका एक वीडियो भी सामने आया है। युवक की पहचान संजयनगर निवासी कालू पिता फत्तू पहलवान के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार नदी में बाढ़ के कारण भीकनगांव रोड बंद थी। इसी दौरान कालू ने नदी पार करने की कोशिश की। प्रत्यक्षदर्शियों ने उसे रोकने की कोशिश की, लेकिन वो नहीं माना और बाढ़ में काफी दूर तक बह गया। इसके बाद रात 11 बजे एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची, लेकिन अंधेरे के कारण तलाश नहीं हो पाई। रविवार सुबह से फिर खोजबीन जारी है।

### चीनी विदेश मंत्री वांग यी करेंगे भारत यात्रा

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चीन दौरे से पहले चीनी विदेश मंत्री वांग यी, सोमवार को भारत पहुंच रहे हैं। उनकी दो दिन की भारत यात्रा के दौरान दोनों देशों के बीच विवादित सीमा पर स्थायी शांति और स्थिरता के लिए, नए विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा होने की उम्मीद है। मौजूदा जियो-पॉलिटिकल स्थितियों को देखते हुए उनकी ये यात्रा महत्वपूर्ण मानी जा रही है। खास तौर से भारत के एनएसए अजीत डोभाल संग उनकी होने वाली मुलाकात पर बहुतों की नजर है। वांग की यात्रा को दोनों पड़ोसी देशों के संबंधों को फिर से ठीक करने के जारी प्रयासों के हिस्से के रूप में देखा जा रहा है। गलवान में 2020 में घातक संघर्ष के बाद भारत और चीन के बीच संबंध बेहद खराब हो गए थे। यह यात्रा इसलिए भी अहम मानी जा रही है क्योंकि यह अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से भारतीय आयात पर शुल्क लगाए जाने के कारण भारत-अमेरिका संबंधों में तनाव बढ़ने के बीच हो रही है। चीनी विदेश मंत्री मुख्य रूप से राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजित डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) वार्ता के एक नए दौर के लिए भारत आ रहे हैं। वांग और डोभाल सीमा वार्ता के लिए नामित विशेष प्रतिनिधि हैं। बता दें कि पिछले साल अजित डोभाल ने चीन का दौरा किया था और वांग यी के साथ सीमा मुद्दे पर बातचीत की थी। इस साल की शुरुआत में डोभाल, जयशंकर और रक्षा मंत्री भी एससीओ की बैठकों के लिए चीन गए थे।



### व्यापारी विदेशी छोड़ मेड इन इंडिया प्रोडक्ट बेचें

गुरुग्राम/दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दिल्ली के रोहिणी में देश के पहले 8 लेन एलिवेटेड हाईवे द्वारका एक्सप्रेसवे और अर्बन एक्सटेंशन रोड-2 का उद्घाटन किया। द्वारका एक्सप्रेसवे शुरू होने से गुरुग्राम से दिल्ली आईजीआई एयरपोर्ट जाम खत्म होगा। इन दोनों प्रोजेक्ट पर 11 हजार करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। कार्यक्रम में पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगों से भारतीय सामान खरीदने की अपील की। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारतीय हैं तो भारत में बना सामान ही खरीदें। दीवाली पर भी वही सामान खरीदें, जो भारत में भारतीयों की तरफ से बना हो। व्यापारी भी विदेशी सामान छोड़कर लोकल सामान बेचें। पीएम ने यह भी कहा कि पिछली सरकारों ने दिल्ली को बर्बाद किया। भाजपा की नई सरकार को दिल्ली को उबारने में काफी समय लगेगा। दिल्ली को हमें विकास का ऐसा मॉडल बनाना है, जहां से सबको महसूस हो कि ये विकसित होते भारत की राजधानी है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि यूपीए सरकार के दौरान फाइलें चलती थीं, लेकिन उन पर काम हमने किया। जब केंद्र में राज्यों में भाजपा की सरकारें बनीं तो विकास शुरू हुआ। मोदी ने कहा कि जीएसटी में नेक्स्ट जेनरेशन रिफॉर्म होने जा रहा है। दीवाली में डबल बोनस मिलने वाला है। इसका पूरा प्रारूप राज्यों को भेज दिया है। इसका फायदा सभी को होगा। मोदी ने कहा कि जो लोग संविधान सिर पर रखकर नाचते हैं, वही उसे कुचलते भी थे और बाबा साहब की भावनाओं से विश्वासघात करते थे। आज जो संविधान की बात करते हैं, इन्होंने जमकर लोगों का शोषण किया।

### तिरंगे और भारत माता की जय के बीच...

# एस्ट्रोनॉट शुभांशु की वतन वापसी



नई दिल्ली। देश के लिए आज फिर गौरव का एक पल आया। भारत के दूसरे अंतरिक्ष यात्री और अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (ISS) पर जाने वाले पहले भारतीय, ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला 15 जुलाई को कैलिफोर्निया तट के पास स्प्लैशडाउन के बाद रविवार सुबह दिल्ली पहुंचे। एयरपोर्ट पर उनका स्वागत केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह, दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और बड़ी संख्या में अन्य लोगों ने किया। उनके स्वागत में एयरपोर्ट पर ढोल नगाड़े बजते दिखे और लोगों ने तिरंगा भी लहराते हुए भारत माता की जय के नारे भी लगाए। 23 अगस्त को इसरो के इंटरनेशनल स्पेस-डे सेलिब्रेशन में शामिल होने के बाद शुभांशु 25 अगस्त को अपने घर लखनऊ आ सकते हैं। वहीं शुभांशु का इंतजार कर रही उनकी मां ने कहा कि दुनिया के लिए वह भले ही सेलिब्रिटी हो, लेकिन मेरे लिए अब भी नन्हा बेटा है। उसके आने का बेसब्री से इंतजार है।

### पीएम मोदी से मुलाकात, सदन में भी चर्चा

शुभांशु शुक्ला दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मुलाकात करेंगे पीएम ने उनसे अपने अनुभव और सीख को दस्तावेज में दर्ज करने का आग्रह किया है ताकि भविष्य के मिशन में मदद मिल सकें। सोमवार को लोकसभा में भी शुक्ला के मिशन पर विशेष चर्चा होगी जिसमें यह बताया जाएगा कि कैसे अंतरिक्ष कार्यक्रम भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने में मदद करेगा। गौरतलब है कि एक्सियम मिशन-4 के तहत 25 जून को शुभांशु शुक्ला सहित चार एस्ट्रोनॉट इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन के लिए रवाना हुए थे। 26 जून को भारतीय समयानुसार शाम 4:01 बजे आईएसएस पहुंचे थे। 18 दिन रहने के बाद 15 जुलाई को पृथ्वी पर लौटे थे।

### सोशल मीडिया पर लिखा

#### यूं ही चला चल राही...

शुभांशु ने इंस्टाग्राम पर लिखा- यूं ही चला चल राही... जीवन गाड़ी है, समय पहिया। मुझे अपने देश पहुंचने की बेसब्री है। विमान में बैठते ही मेरे दिल में कई तरह की भावनाएं उमड़ रही हैं। मुझे उन शानदार लोगों को पीछे छोड़कर जाने का दुख है, जो इस मिशन के दौरान मेरे दोस्त और परिवार थे।

# गोंविदा आला रे-आला-जरा-मटकी संभाल ब्रजबाला

## जिले भर में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया कृष्ण जन्मोत्सव, गोविंदाओ ने पिरामिड बनाकर टोड़ी मटकी, विधिविधान से पूजा अर्चना कर प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन







**बालाघाट( पद्मेश न्यूज )। भादों मास की अष्टमी पर हिन्दू धर्मलंबियों द्वारा भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ भक्तिमय माहौल में मनाया गया। जहाँ श्रद्धालुओं ने घर-घर ना सिर्फ लड्डू गोपाल भगवान श्री कृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर विधि-विधान से पूजा अर्चना की। बल्कि श्री कृष्ण के जयघोष व भजन कीर्तन कर रतजगा किया गया। जन्माष्टी पर्व की यह धूम जिला मुख्यालय सहित अन्य तहसिलो व ग्रामीण अंचलो में देखने को मिली ।वही जगह जगह संस्कृतिक, धार्मिक और मटकी फोड़ कार्यक्रमो के आयोजन के साथ साथ, भगवान श्री कृष्ण की विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रतिमाओ का जलाशयों में विसर्जन किया गया ।जहाँ जिले भर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी का यह उत्सव रविवार देर शाम तक देखा गया।**

### कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी की रही धूम

वही कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर नगर के वार्ड नंबर 16 स्थित जिले के एकमात्र कृष्ण मंदिर में प्रतिवर्ष के अनुसार इस वर्ष भी विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए ।जहां वर्ष 1921 से चली आ रही परंपरा के अनुसार भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।जिसके तहत विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन संपन्न कराए गए ।जहा शनिवार रात्रि में भजन मंडली द्वारा सुंदर पाठ का आयोजन किया गया, जिसके तुरंत बाद रात्रि 10 बजे से 12बजे तक भजन कीर्तन, हनुमान चालीसा, श्री कृष्ण भजनो की संगीतमय प्रस्तुति दी गई तो वही रात्रि 12बजे महा आरती के साथ भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण का कार्यक्रम के बाद मंदिर के सामने बंधी मटकी को जय जवान जय किसान टोली द्वारा तोड़ा गया।

### गोविंदाओं की टोली ने पिरामिड बनाकर तोड़ी मटकी

कृष्ण जन्मष्टमीं के अवसर पर रविवार को नगर में गोविंदाओं की टोली ने विभिन्न स्थानों पर बांधी गई मटकी को फोड़कर जन्मोत्सव के इस त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मनाया। नगर में जय जवान जय किसान सेवा समिति के तत्वावधान में गोंविंदाओं ने शोर मच गया शोर देखो आया माखन चोर और गोंविदा आला रे आ,,,ला जरा मटकी संभाल ब्रजबाला गो गो गोविंदा सहित अन्य भगवान कृष्ण के मनमोहक गानों की धुन पर पिरामिड बनाकर मटकी को फोड़ा। जय जवान जय किसान सेवा समिति ने नगर में मटकी फोड़ आयोजन की शुरुआत की ।जहा नगर ही नही बल्कि सम्पूर्ण जिले में नगर के वार्ड नंबर 16 स्थित कृष्ण मंदिर में जन्माष्टमी मनाकर रात 12 बजे के बाद मटकी तोड़ने की शुरूवात की गई ।इसके बाद रविवार की सुबहा से ही नगर सहित सम्पूर्ण जिले में जगह जगह मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।जहां गोविंदाओ की विभिन्न टोलियों ने जगह जगह मटकी तोड़ी ।नगर में रविवार को मटकी तोड़ने की शुरुवात जय हिंद टॉकीज परिसर में बांधी मटकी से की गई ।जहाँ लोग भी गोविंदाओं को मटकी फोड़ने से रोकने के लिए तैयार थे। जिन्होंने रंग, पानी सहित अन्य माध्यमों से गोविंदाओं पर बोछार कर गोविंदाओं को रोकने का प्रयास किया लेकिन भगवान कृष्ण की भक्ति में मस्त गोविंदाओं ने पिरामिड बनाकर तोड़ी मटकी, जहाँ मटकी तोड़ते ही सभी पुन: जश्न में डूब गए।

### जगह जगह निभाई गई मटकी फोड़ परंपरा

जय जवान जय किसान सेवा समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि जिले में समिति के गोविंदाओं द्वारा पिछले कई वर्षो से भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव के अवसर पर मटकी फोड़ने की परंपरा का निर्वहन किया जा रहा है और इसी परंपरा को निभाते हुए आज नगर के नावेल्टी हाउस रोड, असाटी रोड, सराफा बाजार चौक, हनुमान चौक, हनुमान चौक से लेकर आंबेडकर चौक, आंबेडकर चौक से लेकर काली पुतली, नगर पालिका परिसर, काली पुतली चौक से लेकर महावीर चौक के अलावा अन्य स्थानों पर बांधी गई मटकी को फोड़ा है ।इस दौरान पुलिस सुरक्षा बल भी तैनात रहा है।

### घर घर विधि-विधान से की पूजा-अर्चना

उधर भगवान कृष्ण के जन्मोत्सव पर लोगों ने घरों में विराजित की भगवान कृष्ण प्रतिमाओं की पूर्ण विधिविधान के साथ पूजा अर्चना की,वही घर घर धार्मिक अनुष्ठान कर भजन कीर्तन के साथ जगराता किया गया ।जिसके अगले दिन रविवार को स्थानीय देवी तालाब, मोती तालाब, बुढ़ी तालाब, वैनगंगा नदी सहित अन्य जलाशय स्थानों में प्रतिमा को लेकर गए। जहाँ पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की और अगले वर्ष भगवान कृष्ण के जल्द ही आने के साथ ही घर-परिवार व पूरे जिले में सुख-शांति व समृद्धी की कामनाओ के साथ प्रतिमाओ का विसर्जन किया गया।

### सुरक्षा व्यवस्था के दिखे पुख्ता इन्तेजाम

कृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित मटकी फोड़, प्रतिमाओं के विसर्जन सहित अन्य कार्यक्रमों को लेकर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम देखने को मिले। जहां प्रत्येक आयोजन पर जगह-जगह पुलिस बल तैनात नजर आया। बताया जा रहा है कि नगर में करीब 75 स्थानो पर मटकी फोड़ का भव्य आयोजन किया गया था।

# यौमे आजादी पर मुस्लिम प्रतिभामान विद्यार्थियों का सम्मान समारोह सम्पन्न

## 79 से अधिक विघार्थियो को 2 लाख रु से अधिक के दिए गए नकद इनाम, बुजुर्गों ,ख्याति प्राप्त व्यक्तियों को भी पुष्प गुच्छ, प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह देकर किया गया सम्मानित

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। यौमे आजादी के 79 वे मुबारक मौके पर, हर साल की तरह इस साल भी मुस्लिम एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसायटी की जानिब से मुस्लिम समाज के प्रतिभामान विघार्थियों के सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।जहां कक्षा 10 वीं, कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत से अधिक अंक लाने वाले विद्यार्थियों को पुष्प गुच्छ, नगद राशि, स्मृति चिन्ह, प्रमाण पत्र ,स्कूल बैग सहित विभिन्न पुरस्कारों से नवाजा गया। मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान समारोह का यह आयोजन बैहर रोड स्थित अंजुमन शादी हाल में दोपहर 2 बजे आयोजित किया गया ।जिसमे 79 से अधिक प्रतिभामान विघार्थियो का सम्मान कर 2 लाख रु के अधिक के नकद इनाम, प्रमाण पत्र ,स्मृति चिन्ह, स्कूल बैग व विभिन्न पुरस्कारों का वितरण कर उनकी हौसला अफजाई की गई ।वही कार्यक्रम के दौरान समाज के उच्च पदों, पर आसीन व्यक्तियों ,प्रतिष्ठित व्यक्तियों सहित अन्य समाजसेवको का सम्मान कर समाज के बच्चो का मार्गदर्शन कराया गया ।वही स्वल्पाहार का वितरण कर देर शाम इस सम्मान समारोह का समापन किया गया ।इस मुबारक मौके पर जीएसटी, कस्टम, नारकोटिक्स डिप्टी कमिश्नर नागपुर, डॉ एम आमिर सिद्दीकी, ज्वाइंट कमिश्नर इनकम टैक्स नागपुर फारिया एजाज ,और सीएम राईज स्कूल उप प्राचार्य साजिद मोहिद सहित अन्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

### 10 वी के इन विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

आयोजित कार्यक्रम के दौरान कक्षा 10 वी के विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय क्रम में क्रमश: 51 सौ, 31 सौ और 21 सौ रूपए की राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही पुष्प गुच्छ, प्रमाण पत्र, स्कूल बैग और स्मृति चिन्ह के रूप में शील्ड देकर सम्मानित किया गया ।जिसमे नौरीन फातिमा कुरैशी (97.4) ,अलीशा खान (97.4) और आयशा फिरदौस (96.2) ,हसमीन खान( 95.2),अनीमा शेख(95),ओवैश खान(92.4),शिफा अंसारी(92), माहिरा खान(91.2),सुहैरा फातेमा(91.2), मनतशा खान(91)अर्शील कुरैशी (90.6),सैफिया मंसूरी (90.6), सादका खान(89.8) मो. जावेद खान




(88.8) अनस खान (88.6),अयफाज खान (88), जुनेद खान (87), राफिया खान(87), अहद खैरो(86.2), शुमैरा कुरैशी(85.4), तनिश खान (85.2), अलशिफा (85), जरनैन अहमद (84.8), फैजान अली(84.6), जेहान खान(84.6), नोमाना खान(83.2), अलनाज खान(83.2), रोमाना खान (83), अल्फिया खान(83), मो नोमान खान (82.8), तशकीन कुरैशी(82.2), हाशमी खान (81.2), आयशा कौशर (80.4), तसकिन खान (80.2), मो कैफ कुरैशी (79.4),बुशरा फातेमा (79.2),मो. जकी अख्तर (78.8), मुदस्सर कुरैशी (78.4), अल्ताफ ए ऐमन (77.8), मो. तौसीफ कुरैशी (77.4), रेहान अली (76.2), मो. शाहान (76), अशिया खान (75.6), शेख दानिश(75.4), निकहत परवीन(75.4) मो. शायान कुरैशी (75), और शानीया शेख(75) को सम्मानित किया गया।

### 12 वी के इन विद्यार्थियों का किया गया सम्मान

विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय और तृतीय क्रम में क्रमश: 51 सौ, 31 सौ और 21 सौ रूपए की राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही पुष्प गुच्छ, प्रमाण पत्र, स्कूल बैग और स्मृति चिन्ह के रूप में शील्ड देकर सम्मानित किया गया ।जिसमे अलवीना शेख ( 93.8), साईरा अंजुम( 93.6), नीलोफर कुरैशी (91), अनशरा परवीन (89.4), शीजा तुर्क (88.8) मिशबा खान (88.6), हलीमा फिरदौस (87.8), सुमैरा खान (85.4 ),जुनैरा अंसारी (85.2 ), अशफिया अहमद (85 ), आलीया कुरैशी (84.8), बेनजीर उमरा( 83) सना अंजुम खान (83) नाजिया खान (83.8), जोया कुरैशी (82.8), अर्शला गनी( 81.8), अली शबा मंसूरी( 81.4), तनज कुरैशी (80.6) अरिबा मंसूरी (80त्र) नवाज खान (79.6), आलिया खान (78.8 ),खालिद रजा (78.6 ),सरफराज खान (78.4) आफरीन परवीन( 78.2 ), अलफिया हसन (77.8 )मो. कैफ कुरैशी (77.6), सुमायला खान (77.4), अबिदा बेगम मिर्जा( 76.4), मुबशिशरह अंसारी (75.6), अब्दुल जीशान मुजम्मिल (75.4), मो हमजा खान (75) और असमा खान (75) को सम्मानित किया गया।

### इनका रहा विशेष योगदान

आयोजन समिति के द्वारा कार्यक्रम में पधारे अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया गया ।कार्यक्रम का संचालन अपोलो स्कूल मैडम अर्शी खान द्वारा किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में अध्यक्ष मो. सोहेल एजाज, उपाध्यक्ष रियाज गनी, सचिव आसिफ शेख, यानिश मदार, अमीन शेख,असीफ राईस पप्पू भाई, आदिल खान कोसमी, जिला प्रवक्ता रहीम खान, मो इमरान कुरैशी, इकबाल कुरेशी, इकबाल सादिक,समी अहमद, कैफ अहमद, फिरोज खान, नफीस खान( वारासिवनी), अहमद खान मलाजखंड, अब्दुल शफी खानशामा डॉ. शकील खान, और शेख पीर मोहम्मद सहित अन्य पदाधिकारी सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। समिति ने शिक्षा एवं छात्रों के सम्मान से जुड़े इस प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से योगदान देने वाले सभी पक्षों का आभार व्यक्त करते हुए विश्वास व्यक्त किया है कि भविष्य में उन्हें यह सहयोग इसी तरह से प्राप्त होते रहेगा और वह दुगने उत्साह के साथ इस कार्यक्रम को संचालित करेगें।

# आर्मी में जाने वाले अभ्यर्थियों का लिया गया ट्रायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। वर्दी पाने का जुनून व मातृभूमि की रक्षा करने आर्मी जाने के लिए 6 माह से ऐबी फिटनेस एकेडमी बालाघाट से नि:शुल्क तैयारी कर रहे है। एसएससी जीडी से बीएसएफ, सीआईएसएफ, आईटीबीपी, सीआरपीएफ अन्य सेना में जाने का मौका मिलता है। एसएससी जीडी में लड़को को 5 किमी 24 मिनट में व लड़कियों को 1600 मीटर 8.30 मिनट में दौड़ना होता है। सभी परीक्षा उतीर्ण अभ्यर्थियों का फिजिकल



20 अगस्त से शुरु हो रहा है । उसी को लेकर आज ट्रायल आयोजित किया गया । जिसमें 380 पुरूष अभ्यर्थियों व 47 लड़कियों ने दौड़ में भाग लिया। अभ्यर्थियों का सबसे पहले वजन किया गया । फिर दौड़ शुरू की गई। लगभग 300 लड़को व 30 लड़कियों ने भी निर्धारित समय मे दौड़ पूरी की। सभी अभ्यर्थियों का टाइम लिया गया व उनके अंदर जो कमी गई उनको बताया गया। जिला एथलेटिक्स संघ अध्यक्ष नरेश धुवारे ने सभी अभ्यर्थियों को उनकी लगन मेहनत के लिए खुशी जाहिर की। इस सफल ट्रायल में बालाघाट के युवाओं के साथ मंडला,डिंडोरी, सिवनी के बच्चें को एक मंच मिला ।

**स्थान परिवर्तन**

मेसर्स पंकज एफ अग्रवाल एंड एसोसिएट्स चार्टर्ड एकाउंटेंट का कार्यालय जो वर्तमान में वार्ड नं 20 अन्नपूर्णा मंदिर के पास बालाघाट में स्थित है। अब अपने नवनिर्मित कार्यालय, आर्थिक आर्केड, दूसरी मंजिल, यूको बैंक के ऊपर, रेलवे स्टेशन रोड, बालाघाट में संचालित होगा

संपर्क नं- 9425138797

# छात्रा फरखन्दा कुरैशी ने अपने ही विद्यालय में आईएएस अफसर बनकर किया ध्वजारोहण

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जिले की अग्रणी शाला सेंट मेरी इंग्लिश मीडियम स्कूल बालाघाट की 2014 बैच की छात्रा फरखन्दा कुरैशी ने इतिहास रचते हुए हाल ही में आईएएस आफिसर बनने में सफलता हासिल की है। वर्ष 2014 बैच की छात्रा फरखन्दा कुरैशी वर्ष 2025 की आईएएस अफसर बनकर 15 अगस्त को शाला में ध्वजारोहण किया ।शाला की प्रधानाचार्या सिस्टर पावना, शाला के प्रबंधक महोदय फादर जयप्रकाश,फादर नरेंद्र ,समस्त शिक्षकगण ,नॉन टीचिंग स्टाफ ,एवं विद्यार्थियों में इस अवसर पर हर्ष जताया है ।जहां फरखन्दा ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार जनों एवं सभी सेंट मेरी शालेय परिवार को दिया है।

# रविदासिया समाज की नई कार्यकारिणी का हुआ गठन,राधेश्याम कनौजे बने जिला अध्यक्ष, भैयालाल महोबे कोषाध्यक्ष

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। जिला रविदास समाज सांस्कृतिक भवन बूढ़ी बालाघाट में रविदासिया समाज जिला बालाघाट की बैठक आहुत हुई । आयोजित इस बैठक में बालाघाट जिले के समस्त 10 ब्लॉकों से सैक ?ों की संख्या में सामाजिकबंधु उपस्थित हुए। आयोजित इस महत्वपूर्ण बैठक में अखिल भारतीय रविदासियां धर्म संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष के आदेशानुसार और उनकी सहमति के आधार पर प्रारम्भ हुई जहां संगठनात्मक विभिन्न विषयों पर विस्तृत रायशुमारी की गई। जिसके बाद जिला अध्यक्ष के चयन हेतु चिट सिस्टम के माध्यम से 2 उम्मीदवार ने विधिवत अपना नामांकन दर्ज किया जिसके बाद सर्वसम्मति से राधेश्याम कनौजे को अध्यक्ष पद से नवाजा गया हैं साथ ही कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसके तहत दिलीप कुम्हरे को जिला सचिव, कोषाध्यक्ष भैयालाल मोहबे, संरक्षक अमीरचंद छिपेश्वर महाराज, उपाध्यक्ष विनोद छिपेश्वर, विजेंद्र रायगडे सहसचिव सहित मीडिया प्रभारी सहित अन्य पदों पर भी गठन किया गया, जिसकी संपूर्ण सूचना अखिल भारतीय रविदासिया धर्म संगठन राष्ट्रीय अध्यक्ष मान. सुखदेव वाघमारे महाराज को




प्रेषित की गईं। जिला अध्यक्ष राधेश्याम कनोजे ने बताया कि अखिल भारतीय रविदास या धर्म संगठन जिला कमेटी बालाघाट के माध्यम से आज संगठन के पदाधिकारियों का गठन किया गया है आयोजित इस बैठक जिले के 10 ब्लॉकों से सामाजिक बंधु मौजूद रहे जिनके द्वारा अध्यक्ष, संरक्षक आदि सभी पदों पर चयन किया गया हैं। संगठन का प्रमुख उद्देश्य समाज के बच्चों की शिक्षा, रोजगार और सामाजिक उत्थान की दिशा में कार्य करना है। जिलेभर में समाजबंधुओं की समस्याओं के निराकरण हेतु संगठन शासन-प्रशासन के समक्ष मजबूती से खड़ा रहेगा ,सामाजिक चिंतक जी.एल टांडेकर ने कहा की हमारा संगठन शिक्षा, रोजगार पर विशेष कार्य करेगा आपस में भाईचारा बनाकर संगठित होकर समाज में कोई विपरीत परिस्थितिया आएगी तो डटकर संघर्ष करेंगा ।संरक्षक अमीरचंद छिपेश्वर महाराज ने कहा की हम सभी संगठित रहकर समाज उत्थान पर बेहतर कार्य करेंगे।

### यह रहें शामिल

आयोजित इस बैठक के दौरान अमीरचंद छिपेश्वर, छबिलाल भोंडेकर, दिलीप कम्हरे, जीएलजी टांडेकर, भैयालाल महोबे, अधि. अरुण टांडेकर, देवेंद्र बलिये, साहेबलाल बरिये, लालदास बारेकर, अर्जुन बिंझाडे, साहेबलाल गौधरे, विजय हटीले, मदनलाल जगने, शेखलाल भोंडेकर, राधेश्याम कनोजे, विजय बारेकर, अनिल बारेकर, साहेबलाल बारेकर, डॉ. दीपक चौधरी, कमलेश खरोले, जीतेन्द्र तरवरे, मुकेश खरोले, राधेश्याम टांडेकर, रविंद्र बिंझलेकर, विजय भोंडेकर, धनवर लाल पटले, मंगल प्रसाद बारेकर, जीतेन्द्र चौरे, दिनेश भोंडेकर, कुलदीप कनोजे, परदेशी टांडेकर, विजय बारेकर, रंजीत भोंडेकर, बारेलाल छिपिये, धर्मेंद्र मालाधारी सहित अन्य स्वजातीय बंधु शामिल रहें।

**बारबेड वायर (कांटेदार तार) एवं चेन लिंक जाली उचित दाम पर उपलब्ध**

लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध

निर्माता

तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स

मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट

फोन:- 07632-243531

मो:- 8989976858, 9425139998

# बेलगाम कार की टक्कर से घायल हुए बच्चें की हुई मौत

**मृत बच्चें के परिजनों एवं सामाजिक लोगों ने किया थाने का घेराव एवं चक्काजाम, आरोपी पर कठोर कार्यवाही एवं मुआवजा दिलवाने की मांग की, कार्यवाही का आश्वासन मिलने के बाद परिजनों का हुआ आक्रोश शांत, शोकाकुल माहौल में मृत बच्चे का किया गया अंतिम संस्कार**







लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के बालाघाट रोड़ मानपुर पुल के समीप शुक्रवार की देरशाम में बेलगाम कार की टक्कर से हाथठेला में मूर्ति बेचकर अपनी बड़ी मम्मी के साथ आ रहे ९ वर्षीय मानेगांव (भरवेली) निवासी सत्यम टरेंडे गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसे गोंदिया ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई थी। वहीं कार चालक पर कठोर से कठोर कार्यवाही एवं मृत बच्चें के परिजनों को मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर रविवार को दोपहर १ बजे मृत बच्चें के परिजन व सामाजिक लोग मृत सत्यम टरेंडे के शव को लेकर बड़ी संख्या में लालबर्रा थाना पहुंचे और पुलिस प्रशासन से कार चालक पर कठोर कार्यवाही करने एवं मृत बच्चें के परिजनों को मुआवजा दिलवाये जाने की मांग को लेकर थाने का घेराव कर हाईवे ऱोड़ थाने के सामने चक्काजाम कर दिया। जिसके बाद तहसीलदार कन्हैयालाल टेकाम एवं थाना प्रभारी सुनिल चतुर्वेदी, वारासिवनी थाना प्रभारी हेमंत नायक के द्वारा आक्रोशित परिजनों से कहा कि कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। जिस पर कठोर कार्यवाही की जायेगी एवं रेडक्रास व सड़क दुर्घटना में शासन से मिलने वाली मुआवजा राशि दिलवाने का आश्वासन दिया गया। जिसके बाद आक्रोशित परिजनों व सामाजिक लोगों का आक्रोश व्याप्त हुआ। जिसके बाद शव को मानेगांव (भरवेली) ले जाकर शोकाकुल माहौल में ९ वर्षीय सत्यम टरेंडे का अंतिम संस्कार किया गया। वहीं थाने के सामने करीब १० मिनट तक चक्काजाम होने के कारण आवागमन करने वालों को कुछ परेशानियों का सामना भी करना पड़ा। साथ ही कार की टक्कर से बच्चें की मौत हो जाने से आक्रोशित परिजनों व सामाजिक लोगों के द्वारा थाना पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करने की जानकारी लगने पर लालबर्रा एवं वारासिवनी पुलिस बल थाना सहित अन्य स्थानों पर तैनात रहे।

## आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है

प्राप्त जानकारी के अनुसार मृत बालक मानेगांव (भरवेली) निवासी ९ वर्षीय सत्यम टरेंडे के माता-पिता चेन्नई कमाने चले गये थे एवं सत्यम अपनी बड़ी मम्मी अमोली निवासी पुष्पा टरेंडे के घर में रह रहा था। शुक्रवार को दोपहर में अपनी बड़ी मम्मी के साथ सत्यम हाथठेला में भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति बेचने बकोड़ा-मानपुर की ओर गया था और शाम में मूर्ति बेचकर अपनी बड़ी मम्मी के साथ वापस आ रहा था। तभी लालबर्रा की ओर से जा रहे कार चालक ने नशे की हालत में तेज रफ्तार एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए मानपुर पुल के समीप दो गाय को चपेट में लेकर हाथ ठेला को जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे हाथठेला क्षतिग्रस्त हो गया एवं हाथठेला के पीछे चल रहा सत्यम गंभीर रूप से घायल हो गया था। वहीं बेलगाम कार की टक्कर से हाथठेला के पीछे से आ रहे मोटरसाइकिल भी चपेट में आई, जिससे बाईक सवार को मामूली चोटे आई है। इस तरह से बेलगाम कार की टक्कर से दो मवेशी सहित तीन लोग घायल हो गये थे। जिसके बाद गंभीर रूप से घायल हुए ९ वर्षीय सत्यम टरेंडे को लालबर्रा अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर जिला चिकित्सालय रिफर किया गया। वहां गंभीर स्थिति को देखते हुए सत्यम को बेहतर उपचार के लिए गोंदिया रिफर किया गया था और घायल बच्चें को गोंदिया ले जाते समय रास्ते में उसकी मौत हो गई थी। जिसके बाद मृत बच्चें के शव को जिला चिकित्सालय लाया गया लेकिन मृत बच्चें के पिता व माता चेन्नई से नही आने के कारण दुसरे दिन रविवार को सुबह मृत बच्चें के शव का पोस्टमार्टम चिकित्सक के द्वारा किया गया। जिसके बाद मृत बच्चें के परिजन व कुम्हार समाज के सामाजिक लोग एम्बुलेंस में बच्चें का शव लेकर लालबर्रा थाना पहुंचकर कार चालक पर कठोर कार्यवाही एवं मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर थाने का घेराव एवं थाने के सामने १० मिनट तक चक्काजाम किया। वहीं लालबर्रा पुलिस ने कार चालक को शुक्रवार को ही गिरफ्तार कर लिया है जिसकी कार से शराब की बॉटल भी बरामद की गई है जो नशे की हालत में वाहन चला रहा था। लालबर्रा पुलिस ने आरोपी अमोली निवासी २५ वर्षीय सरफराज/रहमान के खिलाफ बीएनएस की धारा ११०, १०५, मो.वि.ए की धारा १८४, १८५ के तहत मामला पंजीबध्द कर कार्यवाही कर रही है।

## आरोपी पर कठोर कार्यवाही करें एवं मुआवजा दिलवाये प्रशासन - घाटे

एसपी घाटे ने बताया कि शुक्रवार को मानेगांव निवासी ९ वर्षीय सत्यम टरेंडे अपनी बड़ी मम्मी अमोली निवासी के साथ भगवान श्रीकृष्ण की मूर्ति बेचकर आ रहा था। तभी कार चालक ने उसे टक्कर मार दी थी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया था एवं गोंदिया ले जाते समय उसकी रास्ते में मौत हो गई थी। श्री घाटे ने बताया कि मृत बच्चें के परिजन व सामाजिक लोगों ने कार चालक पर कठोर कार्यवाही एवं उचित मुआवजा दिये जाने की मांग को लेकर थाना पहुंचे थे। तहसीलदार एवं पुलिस प्रशासन के द्वारा मुआवजा दिये जाने एवं आरोपी पर कठोर कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है जिसके बाद परिजनों का आक्रोश शांत हुआ। पुलिस प्रशासन से मांग है कि आरोपी पर सख्त कार्यवाही एवं उचित मुआवजा दिलवाये।

## मृत बच्चें के परिजनों को दिलवाया जायेगा मुआवजा - कन्हैया

तहसीलदार कन्हैयालाल टेकाम ने बताया कि ९ वर्षीय बच्चें की मौत हुई है यह बहुत दु:खद घटना है। मृत बच्चें के परिजनों से चर्चा कर उन्हे आश्वास्त किया गया है कि रेडक्रास एवं सड़क दुर्घटना में मिलने वाली मुआवजा राशि दिलवाई जायेगी। साथ ही शासन की अन्य योजनाओं का भी लाभ दिलवाया जायेगा और आरोपी पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

# 19 मई को बालाघाट में लगेगा नि:शुल्क योग शिविर, डॉ. परमार्थ देवजी महाराज पहुंचेंगे बालाघाट

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। 19 मई को बालाघाट में आयोजित एक बड़े योग शिविर में पतंजली योग समिति के केन्द्रीय प्रभारी स्वामी डॉ. परमार्थ देवजी महाराज आ रहे है। यहां वे नई शिक्षा नीति के तहत स्थापित भारतीय शिक्षा बोर्ड की कार्यप्रणाली, योग के प्रसार-प्रचार, , आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा और असाध्य रोगो से ल ?ने किए जाने वाले योग अभ्यास की जानकारी देंगे। बताया जाता है कि पतंजली योग समिति के केन्द्रीय प्रभारी डॉ. परमार्थ देवजी महाराज , जबलपुर से मंडला होते हुए, वे बालाघाट आएंगे। बालाघाट के हरिमंगलम लॉन में आयोजित शिविर को लेकर भारत स्वाभिमान न्यास, पतंजली योग समिति, युवा भारत महिला पतंजली योग समिति और किसान सेवा समिति ने तैयारी शुरू कर दी है। जिनके लिए 30 बाई 15 का एक मंच बनाया जा रहा है, जहां से वह योगाभ्यास कराएंगे। इसके साथ ही इस कार्यक्रम में शामिल होने वाले लोगों के लिए, 18 हजार वर्गफीट में बैठने की व्यवस्था बनाई जा रही है। जिसको लेकर आयोजित प्रेसवार्ता में भारत स्वाभिमान न्यास के प्रभारी अर्जुनकुमार सनोडिया ने जानकारी देते हुए बताया कि योग कार्यक्रम को लेकर स्वामी रामदेवजी महाराज के निर्देश पर पतंजली योगपीठ के केन्द्रीय प्रभारी डॉ. परमार्थ देवीजी महाराज का बालाघाट आगमन हो रहा है,



18 अगस्त की देरशाम वह बालाघाट पहुंचेंगे और 19 अगस्त को प्रात: 5.30 से 7.30 बजे तक, वे, रोगों से निदान के योग अभ्यास कराएंगे। इसके अलावा उनके आगमन योग का प्रचार, आयुर्वेद, प्राकृतिक चिकित्सा और भारतीय शिक्षा बोर्ड का पैगाम देना है। पतंजली योग समिति के संरक्षक देवीप्रसाद राहंगडाले ने बताया कि, पहला सूत्र निरोगी काया है, जो केवल योग से पाया जा सकता है, योग हमारी पुरानी पद्धति है लेकिन वह विलुप्त हो गई थी। जिसे स्वामी रामदेव महाराज ने पुर्नजीवित कराया। जिस योग के ज्यादा से ज्यादा प्रसारित करने के लिए समिति के केन्द्रीय प्रभारी डॉ. परमार्थदेवजी आ रहे है। इसके अलावा वे मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृद्रयरोग, मोटापा, गैस कब्ज, कमर दर्द, सरवाईकल, र्स्पोडिलाइटिस, एलर्जी, दमा, अस्थमा, माईग्रेन, डिप्रेशन, जोड़ो का दर्द सहित अन्य रोगो के निवारण से संबंधित योग अभ्यास कराएंगे। आयोजित प्रेसवार्ता में योग आयोग अध्यक्ष तपेश असाटी, हरीओम अग्रवाल, राजेन्द्र साकरे, आशीष मिश्रा उपस्थित थे।

# पति ने पत्नी को चाकू मार कर किया घायल

**गंभीर अवस्था में महिला का जिला अस्पताल में चल रहा उपचार, हत्यारा पति रातों-रात ससुराल से हुआ फरार**

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। हट्टा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खोड़सिवनी में बीती रात पति-पत्नी के बीच हुए विवाद में, पति ने पत्नी को धारदार हथियार से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जहां पति ने पत्नी के सिर, हाथ सहित अन्य जगहों में चाकू मारकर मौके से फरार हो गया। उधर पति के हमले से गम्भीर रूप से घायल पत्नी को रात्रि करीब 2 बजे गंभीर अवस्था में उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। घायल महिला का नाम ग्राम खोड़सिवनी निवासी 29 वर्षीय रेखा पति अनिल धुर्वे बताया गया है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है।



## हैदराबाद में भी पति ने पत्नी पर किया था जानलेवा हमला

प्राप्त जानकारी के अनुसार खोड़सिवनी निवासी रेखा का विवाह थाना लांजी ग्राम रिसेवाडा निवासी अनिल धुर्वे के साथ करीब 8 वर्ष पूर्व हुआ था। जानकारी के मुताबिक पति-पत्नी दोनों बास से डल्ला टोकना बनाकर उसकी बिक्री का काम करते है।जिनका एक 04 वर्ष का लड़का, तो वही 6 वर्ष की लड़की ऐसे दो बच्चे हैं। जानकारी के अनुसार 1 वर्ष पूर्व पति-पत्नी दोनों कमाने खाने के लिए हैदराबाद गए थे।जहा दोनो मजदूरी का काम करते थे।बताया गया कि हैदराबाद में भी पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। उस समय भी पति अनिल ने पत्नी रेखा धुर्वे के साथ मारपीट कर उसे जान से मारने का प्रयास किया था। तब से ही पति-पत्नी दोनों अलग रह रहे थे। जहां पत्नी पिछले एक वर्ष से अपने मायके खोड़सिवनी में आकर रह रही थी।जानकारी के अनुसार करीब 1 माह पूर्व पति, अनिल उसके ससुराल आया था, जो पत्नी रेखा को साथ ले जाने कह रहा था।लेकिन रेखा नही मानी, जिसपर पति अनिल अपने ससुराल खोड़सिवनी में ही पत्नी रेखा के साथ रह रहा था।

## रात को पत्नी नही उठी, तो कर दिया हमला, हुआ फरार

बताया जा रहा है कि एक माह से पति-पत्नी दोनों खोड़सिवनी में रहकर टोकनी डल्ला बनाकर उसकी बिक्री करने का काम कर रहे थे। परिजनों से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि करीब 1बजे जब घर के सभी लोग सोए हुए थे ।तब पति अनिल, अपनी पत्नी को उठा रहा था। लेकिन पत्नी नींद आ रही है कह कर सो गई और पति की बात नहीं मानी।जिस पर गुस्साए पति ने पास लड़कियों के साथ रखें चाकू को उठाकर आवेश में आकर पत्नी के सर हाथ और शरीर के अन्य अंगों में हमला कर दिया। जिससे पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई। जहां पत्नी को लहूलुहान देखकर पति अनिल ससुराल से मौके का फायदा उठाकर भाग गया।सम्भवत: पति अनिल के हैदराबाद भागने की आशंका जताई जा रही है।

## मामले की जांच में जुटी पुलिस

उधर घटना के तुरंत बाद रेखा के परिजनों ने मामले की सूचना हट्टा थाना पुलिस को दी और रेखा को उपचार के लिए रात्रि करीब 2 बजे जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। जहां रेखा का उपचार जारी है। उधर हट्टा पुलिस ने रविवार की सुबह जिला अस्पताल पहुंचकर घायल महिला और उनके परिजनों के बयान दर्ज किए।जहां पुलिस द्वारा आरोपी पति अनिल पिता बृजलाल धुर्वे 32 वर्ष के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।वही फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

# डेड बॉडी फ्रीजर की कमी से झुझ रहा जिला अस्पताल

**महज 2 फ्रीजर में हो रहा काम, 2 से 3 फ्रीजर खराब, बड़ा हादसा होने पर बॉडी रखने की नहीं है सुविधा**

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट का सबसे बड़ा जिला अस्पताल डेड बॉडी फ्रीजर की कमी से झूझ रहा है। जहां जिले के सबसे बडे जिला अस्पताल में महज 2 डेड बॉडी फ्रीजर के भरोसे काम चल रहा है।जिसके चलते कई बार कोई बड़ा हादसा होने और उस हादसे में मृतकों की संख्या अचानक से बढ़ने पर डेड बॉडी रखने के लिए फ्रीजर की सुविधा नहीं है। जिससे मृतकों के परिजनों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।एक ऐसा ही मामला शनिवार की रात जिला अस्पताल में सामने आया। जहां भरवेली के वार्ड नंबर 17 पुरानी बस्ती निवासी 28 वर्षीय आकाश पिता ब्रजलाल सोनवाने की फांसी लगने से मौत होने पर जब उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल लाया गया तो जिला अस्पताल मर्चुरी में डेड बॉडी रखने के लिए जगह नही मिली।बताया गया कि अस्पताल मर्चुरी में महज 2 डेड बॉडी रखने की जगह है।जिसमें पहले से ही बॉडी रखी हुई थी। जिसके चलते भरवेली के मृतक की बॉडी रखने के लिए फ्रीजर की कमी महसूस हुई। जिस पर जिला अस्पताल सिविल सर्जन से संपर्क कर प्राइवेट तौर पर डेड बॉडी फ्रीज़र मंगाकर बॉडी रखने की व्यवस्था की गई। स्थानिय कर्मचारियों ने बताया की जिला अस्पताल में मर्चुरी के अलावा दो से तीन डेड बॉडी फ्रीजर अतिरिक्त है। लेकिन वह पिछले कई महीनो से खराब पड़े हैं।जिसे अबतक दुरुस्त नहीं कराया गया है जिसके चलते अक्सर एक साथ 2 से अधिक डेड बॉडी आने पर लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है।और उन्हें निजी डेड बॉडी फ्रीजर के लिए इधर उधर भाग दौड़ करनी पड़ती है।




## जिले का सबसे बड़ा अस्पताल है इसमें सभी व्यवस्था होनी चाहिए- अजय

कोसमी निवासी स्थानीय नागरिक अजय बंटी नागरे ने बताया कि अक्सर जिला अस्पताल में दो से अधिक बॉडी आने पर बाहर से बॉडी फ्रीज़र मांगना पड़ता है। जबकि यह जिले का सबसे बड़ा अस्पताल है इसमें तमाम तरह की व्यवस्थाएं होनी चाहिए। ताकि एन वक्त पर भागा दौड़ी करनी ना पड़े।

# उमरा के सफर पर 23 को रवाना होगा 20 जायरीनों का काफिला

**आज फैज़ नूरी फ़ाउंडेशन में होगा इस्तक़बालीया प्रोग्राम**

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। स्टार हज उमरा टूर्स के ज़रिए 23 अगस्त 2025 को लगभग 20 जायरीनों का काफिला उमरा अदा करने मक्का मदीना शरीफ़ के लिए रवाना होगा। रवाना होने से पहले जायरीनों का पुरजोश इस्तक़बालीया प्रोग्राम 18 अगस्त 2025 को दोपहर 3 बजे से फैज़ नूरी फ़ाउंडेशन की जानिब से आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम अल्हाज मौलाना अब्दुल वहीद नूरी साहब के मकान परिसर, नूरी चौक ताजनगर, बालाघाट में होगा।इस मौके पर समुदाय के वरिष्ठजनों और अज़ीज़ो-अक़रब ने शिरकत कर जायरीनों को दुआएँ देंगे। अल्हाज नूरी साहब ने जानकारी दी कि काफिला उमरा अदा करने के बाद मक्का शरीफ़ से मदीना शरीफ़ के लिए रवाना होगा, जहां हुज़ूर का 1500वाँ जश्ने विलादत बड़े अदब और एहतराम के साथ मनाया जाएगा।इस प्रोग्राम को लेकर शहर में रौनक और रूहानियत का माहौल है। स्थानीय लोग भी काफिले के सफर-ए-उमरा की कामयाबी और बरकत के लिए दुआएँ कर रहे हैं।

# जन्माष्टमी के अवसर पर सहमत साहित्य सदन का वैदिक सनातन रीति, रिवाज से हुआ शुभारम्भ

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। विश्व के प्रथम कवि, अद्वितीय प्रेरक कुशल नीतिकार के जन्मोत्सव श्री कृष्ण जन्माष्टमी के सुअवसर पर सहमत साहित्य सदन का सनातन वैदिक रीति द्वारा नगर की प्रथम नागरिक नगरपालिका, सुसाहित्यकार अध्यक्षा भारती ठाकुर, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष सहमत के संरक्षक समाजसेवी साहित्यप्रेमी पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रमेश रंगलानी, प्रख्यात शिक्षाविद समाजसेवी एवं राष्ट्रीय विचार मंच अध्यक्षा लता एलकर, सनातन सभा के महासचिव चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष साहित्यप्रेमी अभय सेठिया, सहमत के अध्यक्ष एवम हिन्दी साहित्य भारती के प्रदेश अध्यक्ष प्रसिद्ध कवि राजेन्द्र शुक्ल, वैश्य महासभा की संभागीय अध्यक्षा (महिला प्रकोष्ठ) ब्रांड अम्बेसडर नगर पालिका स्वक्षता अभियान अर्चना गुप्ता, वात्सल्य संस्था की अध्यक्षा समाजसेविका मीना चावड़ा, सहमत के साहित्यिक संरक्षक मार्गदर्शक डॉ राम कुमार रामारिया की उपस्थिति में स्थानीय पुत्री शाला परिसर में भव्य शुभारम्भ किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भवन द्वार का फीता खींचकर उद्घाटन करने के उपरांत वीणावाणी माँ सरस्वती सहित, प्रथमपूज्य श्री गणेश एवं अखिल ब्रह्माण्ड नायक भगवान श्री कृष्ण के साथ माँ भारती का पूजन किया गया। इसी के साथ भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री कवि हृदय अटलजी, पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी प्रसिद्ध कवयित्री स्व. सुभद्रा कुमारी चौहान, भारतीय नारी अस्मिता की प्रतीक रानी अवन्ति बाई के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्का स्मरण किया गया। इस अवसर पर हिन्दी साहित्य भारती के जिला अध्यक्ष अशोक सागर मिश्र, सहमत महामंत्री अमर सिंह ठाकुर, हिन्दी साहित्य भारती प्रांताध्यक्ष प्रणय श्रीवास्तव, सहमत कोषाध्यक्ष सुनील दीपानी, सहमत के सम्माननीय सदस्य गण डॉ



सतीश चिले, संजय श्रीवास्तव, साहेबलाल दशरिये सरल मोहन आचार्य, तुमेश पटले, किशोर छिपेश्वर, सहमत जन संचार प्रभारी शालू गाँधी, सुश्री सविता अग्निहोत्री, डॉ प्रिया शर्मा, अजय गुप्ता, राजकुमार जैन, जनसंचार सह प्रभारी चंद्रशेखर डोंगरे, त्रिलोक दुबे, उपस्थित रहे तथा इस दिव्य भव्य अनुष्ठान को सस्वर वैदिक मंत्रोच्चार कर अपने मुखारविन्द से सम्पन्न किया आचार्य कमलेश तिवारी ने। यह अवसर इसलिये भी अविस्मरणीय रहेगा क्योंकि इसी दिन भारत के प्रधानमंत्री कवि हृदय भारत रत्न अटलबिहारी वाजपेयी की पुण्य तिथि के साथ साथ महान कवयित्री स्वतन्त्रता संग्राम सेनानी सुभद्रा कुमारी चौहान के साथ साथ रानी अवन्तिबाई तथा कर्मयोगी कुशभाऊ ठाकरे की जयंती भी थी।

# नंद के यहां आनंद भयो....जय कन्हैया लाल की.... जयकारों से गुंजा क्षेत्र

## भक्तिभाव के साथ श्रीकृष्ण प्रतिमाओं का किया गया विसर्जन, क्षेत्रभर में श्रध्दा एवं उल्लास के साथ मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी, हुए विविध धार्मिक कार्यक्रम





लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज )।'नंद के यहां आनंद भयो.... जय कन्हैया लाल की ......- भगवान श्री कृष्ण के जयकारों के साथ नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में 16 अगस्त को भक्तजनों के द्वारा श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धार्मिक श्रध्दा, भक्तिभाव एवं धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान श्रीकृष्ण के भक्तजनों के द्वारा मुख्यालय से मूर्ति ले जाकर 16 अगस्त को अपने अपने घरों में विधि-विधान से प्रतिमा विराजित कर बाकें बिहारी को हल्दी, घी, कपूर, दही, बेलपत्ती, केसर, जल सहित अन्य सामग्री का चढ़ावा चढ़ाकर पूजन अर्चन किया गया। जिसके बाद भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को आनंदमयी वातावरण में मनाने हेतु विविध धार्मिक आयोजन किये गये और मध्यरात्रि को 12 बजे गड्डू गोपाल को दूध का अर्ध्य देकर श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर्व आस्थापूर्वक मनाया गया तत्पश्चात आरती कर प्रसादी का वितरण किया



गया। 17 अगस्त को नंदलाला की पूजा अर्चना कर पूरे क्षेत्र में आस्थापूर्वक स्थानीय नदी, नहरों एवं तालाबों में प्रतिमा विसर्जित किया गया। इसी तरह नगर मुख्यालय स्थित पांढरवानी गार्डन के विसर्जन घाट, वैनगंगा बड़ी नहर, सर्राटी नदी में बड़ी संख्या में श्रध्दालु जन हाथी घोड़ा पालकी....जय कन्हैया लाल की सहित अन्य जयकारे लगाते हुए भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा को लेकर पहुंचे जहां पूजा अर्चन एवं आरती कर प्रतिमा विसर्जित कर प्रसादी का वितरण किया गया। आपकों बता दें कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को मनाने हेतु गत एक सप्ताह से हिन्दु धर्मालंबियों ने तैयारी प्रारंभ कर दी थी क्योंकि यह पर्व एक रात-दिन का होता हैं। जिसमें गृहणी महिलाओं के द्वारा विभिन्न प्रकार के पकवान बनाकर गोकुल के नंदलाल को चढ़ाकर प्रसादी के रूप में ग्रहण किया गया। भगवान श्रीकृष्ण के प्रतिमा विसर्जन के दौरान पांढरवानी विसर्जन घाट, सर्राटी नदी, वैनगंगा बड़ी नहर अमोली, रामजीटोला में भक्तजनों की भीड़ रही। इस दौरान उपस्थितजनों ने एक-दुसरे को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व की शुभकामनाएं दी और प्रतिमा विसर्जन का दौर देरशाम तक जारी रहा।

### अमोली में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व

नगर मुख्यालय से सटी ग्राम पंचायत अमोली में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व भक्तिभाव के साथ मनाया गया। इस अवसर पर 16 अगस्त को देरशाम भक्तजनों ने भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की स्थापना कर पूजा अर्चना की एवं 17 अगस्त को शाम 5 बजे ग्राम स्थित बजरंग मंदिर चौक में ग्रामीणजन अपने-अपने घरों की प्रतिमा को लेकर एकत्रित हुए जहां सभी ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना किये। जिसके बाद बैडबाजे की धुन पर शोभायात्रा निकाली गई, जो ग्राम स्थित सर्राटी नदी पहुंची। जहां भगवान श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना के पश्चात आरती कर प्रतिमा को विसर्जित किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रध्दालुजन उपस्थित रहे।

# महात्मा फुले प्रतिमा चौक में आम आदमी पार्टी ने किया ध्वजारोहण



लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। नगर मुख्यालय के हाई स्कूल मार्ग स्थित महात्मा फुले प्रतिमा स्थल में आम आदमी पार्टी के द्वारा 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष शिव जायसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने महात्मा ज्योतिबाराव फुले की प्रतिमा, भारत माता, बाबा साहेब के छायाचित्र के समक्ष दीप प्र'वलित एवं तिरंगे झंडे की पूजा अर्चना की। तत्पश्चात पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी रामचंद्र सिहोरे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया एवं तिरंगे झंडे को सलामी देने के बाद सामूहिक राष्ट्र गान का गायन किया गया। वहीं उपस्थित पदाधिकारियों ने सभी को स्वतंत्रता दिवस पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर आम आदमी पार्टी के जिला सचिव रजनीश नायडू, जिला उपाध्यक्ष सुरेश कारे, डॉ. भुनेश भारद्वाज, विधानसभा सह प्रभारी फिरोज नियाजी, युवा विंग दिनेश बघेले, किसान विंग शंकर कंसरे, विनोद पारधी, सखाराम सराटे, भोलाराम सराटे, अरूण लानगे, दिलीप चैतगुरू, भेजनलाल सराटे, श्याम हल्लूमारे, इब्बू कुरैशी, अशोक सराटे, राजेश ब्रम्हे (कवि), ललकू बाहेश्वर सहित पार्टी के कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक

# कदम संस्था ने शहर में किया वृक्षारोपण

बालाघाट( पद्मेश न्यूज ) । कदम संस्था परिवार द्वारा एक कार्यक्रम डाइट स्कूल में आयोजित किया गया। जिसमें पर्यावरण संरक्षण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है । यह संस्था विगत 5 सालों से नगर के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण करती आ रही है । संस्था प्रमुख डा. लोकरे , डा. शुक्ला, सेवानिवृत जज सुरेंद्र तुरकर के अथक प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा दिया जा रहा है । इस अवसर पर संस्था के प्रधान सचिव सहित समस्त गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और पर्यावरण संरक्षण के लिए नागरिकों को प्रोत्साहित और जागरूक किया कि पर्यावरण संरक्षण ही मानव जीवन का सबसे महत्वपूर्ण हिस्सा है । कदम संस्था के पदाधिकारी सेवानिवृत जज सुरेंद्र तुरकर ने बताया कि वह हर वर्ष नए-नए पौधे लगाते हैं । उसे वर्ष भर देखभाल करते हैं । यह काम वह लगभग 7 वर्षों से आयोजित कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि उन्होंने अन्य महानगर में देखा की सड़कों के किनारे सुंदर-सुंदर अलग-अलग प्रजाति के पौधे लगे होते हैं। जिसे उन्हें अपने जिले में भी लगाना चाहिए । इसी बात से प्रभावित होकर उन्होंने यह वृक्षारोपण का कार्य शुरू किया है । उन्होंने कहा कि वैसे ही बालाघाट ग्रीन है और इसे संजोकर रखना हमारा और हम सभी का कार्य है । वह बालाघाट शहर में जहां भी खाली जगह देखते हैं वहां पर वह अपनी संस्था के साथ वृक्षारोपण करते हैं।

# मूर्ति विसर्जन के दौरान ग्रामीण की डूबने से मौत

## तिरोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम परसवाड़ाघाट की घटना

कटंगी( पद्मेश न्यूज ) । तिरोड़ी थाना अंतर्गत ग्राम परसवाड़ाघाट में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के के दौरान मूर्ति विसर्जन करने गए एक प्रौढ़ की तालाब मे डूबने से मौत हो गई। घटना रविवार की सायं 5 से 6 बजे के बीच की बताई जा रही है। पूर्व सरपंच प्रमोद हरिनखेड़े ने बताया कि जन्माष्टमी पर्व के चलते ग्राम पंचायत के समीपस्थ एक तालाब में बड़ी संख्या में ग्रामीण मूर्ति विसर्जन के लिए एकत्रित हुए थे। इसी दौरान ग्रामीण पुरूषोत्तम उर्फबब्लू पिता किशनलाल हरिनखेड़े भी अपने घर से मूर्ति विसर्जन करने तालाब के घाट पर पहुंचा था। वह मूर्ति लेकर विसर्जन के लिए तालाब में उतरा और फ्रि मूर्ति पानी में विसर्जित कर थोड़ा आगे बढ़ गया, गहरा गड्ढा होने के कारण वह पुन: वापस नहीं आ पाया। उसे पानी से बाहर न निकलते देख मौके पर अफ्ररा-तफ्ररी मच गई। ग्रामीणों ने तत्काल तिरोड़ी पुलिस को सूचना दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे पुलिस अमले ने तालाब में मौजूद मछुआरों की मदद से मृतक की खोजबीन शुरू की। मछुआरों ने मृतक का शव बाहर निकाला। पुलिस ने मर्ग कायम कर मृतक का शव विच्छेदन के लिए सरकारी अस्पताल कटंगी के लिए रवाना किया। घटना से मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है।



# टेंगनीखुर्द में भक्तिभाव के साथ मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव




लालबर्रा ( पद्मेश न्यूज ) । नगर मुख्यालय से लगभग 15 किमी. दूर ग्राम पंचायत टेंगनीखुर्द स्थित श्रीकृष्ण मंदिर में शनिवार को श्रीकृष्ण जन्मोत्सव भक्तिभाव के साथ मनाया गया। यह कार्यक्रम ग्राम सरपंच श्रीमती अनिता/धनेन्द्र राणा सहित अन्य ग्रामीणजनों की उपस्थिति में प्रारंभ हुआ। जिसमें सर्वप्रथम उपस्थितजनों ने मंदिर में स्थित भगवान श्रीकृष्ण की प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा अर्चना कर श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर दिनभर विविध धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हुए एवं शाम में आरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि धनेन्द्र राणा, उपसरपंच श्रीमती ममता/गुलाब उइके, सचिव जितेन्द्र लानगे, सहायक सचिव धर्मेन्द्र कारे, मनोज मेश्राम, मनीष मेश्राम, दयानंद ब्रम्हे, अरूण पंचेश्वर, कविता गजभिये, मोहित टेंभरे, तुलसीराम उइके, मोहपत उइके, पवन वैद्य, संतोष पंचेश्वर, अशोक राहंगडाले, अतुल मेश्राम, सुरेन्द्र मेश्राम, बलीराम गजभिये, राजेन्द्र वैद्य, भरत ठाकरे, राजेन्द्र पटले, कुमेश ठाकरे, रवि चौधरी, सफीक खान सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# वोट चोरी के मामले में कांग्रेस का विरोध प्रदर्शन एवं संविधान बचाओं रैली आज

लालबर्रा (पद्मेश न्यूज)। लालबर्रा क्षेत्र के कांग्रेसियों के द्वारा वोट चोरी के मामले में 18 अगस्त को दोपहर 2 बजे से विरोध प्रदर्शन एवं संविधान बचाओं रैली का आयोजन किया गया है। चर्चा में पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष कुशवाहा, जिला उपाध्यक्ष मुनेन्द्र ठाकरे ने संयुक्त रूप से विज्ञप्ति जारी कर बताया कि संपूर्ण देश में निर्वाचन की पारदर्शिता को लेकर एवं चुनाव आयोग की निष्पक्षिता को लेकर सवाल उठ रहे है एवं चुनाव आयोग भारतीय जनता पार्टी, प्रधानमंत्री जी की मदद कर रहा है। ऐसे वोट चोरी करवाने वाले लोग व चुनाव आयोग के खिलाफ देश के विपक्ष की समस्त पार्टियों एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी जी के नेतृत्व चुनाव आयोग द्वारा की गई धांधली को उजागर की जा रही है। आगे बताया कि पूरे देश में मतदाता जनजागरण अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है, इसी कड़ी में लालबर्रा क्षेत्र के कांग्रेसजनों के द्वारा 18 अगस्त को दोपहर 2 बजे से स्थानीय विश्राम गृह से वोट चोरी के मामले के विरोध में संविधान बचाओं रैली एवं विरोध प्रदर्शन कर चुनाव आयोग की निष्पक्षिता को लेकर महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा जायेगा। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के समस्त विंगों के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भाऊराम गाड़ेश्वर, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र ढांडे, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिलाध्यक्ष मनीष कुशवाहा, उपाध्यक्ष मुनेन्द्र ठाकरे, कमल शांडिल्य, ओपी बिसेन, दीपक तोमर, सतानंद दमाहे सहित अन्य कांग्रेसी पदाधिकारियों ने की है।

# हट्टा मे हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हट्टा ( पद्मेश न्यूज ) । आजादी के महापर्व स्वतंत्रता दिवस की 79 वि वर्षगाठ हट्टा मे आन बान शान के साथ तिरंगा फहराकर मनाया गया । हट्टा स्थित शासकीय स्कूल,शासकीय कालेज , अशासकीय स्कूलो ,हट्टा थाना व विभिन विभागों के कार्यालयो मे ध्वजारोहण किया गया । सुबह से ही सजे धजे परिधानों मे स्कूली बच्चे हाथों मे तिरंगा लिए अपने अपने स्कूल पहुचे जहा संस्था प्रमुखों सहित लोगों के द्वारा सर्वप्रथम भारतमाता ,तिरंगे का पूजन कर महापुरुषों के छायाचित्रों पर माल्यार्पण कर नमन किया गया । तत्पश्चात राष्टीय ध्वज तिरंगे का ध्वजारोहण कर राष्टगान का गायन किया गया । तत्पश्चात स्कूली बच्चों द्वारा प्रभात फेरी निकली गई जो ग्राम के समस्त चोक मे ध्वजारोहण करते हुए स्थानीय गुजरी चौक पहुचे । प्रतिवर्ष हट्टा के गुजरी चौक मे स्वतंत्रता दिवस का आयोजन किया जाता है । जहा पर पर ग्राम के समस्त शासकीय,अशासकीय स्कूलो ,कालेज के छात्र छात्राए,शिक्षक गण प्रभात फेरी के रूप मे पहुचते है साथ ही ग्राम के गणमान्य व ग्राम की जनता उपस्थित रहती है। इस स्थल पर ग्राम के सरपंच श्री उमेश सोनेकर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया । तत्पश्चात उपस्थित जनों के द्वारा राष्ट ध्वज सलामी को दी गई , राष्टगान के पश्चात भारत माता के जयघोष के नारे लगये गए । ग्राम पंचायत हट्टा मे स्वतंत्रता दिवस गरिमामय माहोल मे मनाया गया । प्रात: 7:30 बजे सरपंच उमेश सोनेकर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया । इस दौरान प्रमुख रूप से उपसरपंच वीरेंद्र बिसेन , सचिव राजेन्द्र पिछोड़े , सहायक सचिव मंगलेश पटले ,जनपद सदस्य श्रीमती रंजना वैध , आमंत्रित आतिथियो व समस्त पंचगण की उपस्थिति मे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया । इसी कड़ी मे हट्टा स्थित कबीर मंगल भवन मे श्री दशरथ सोनकुसरे जी के द्वारा ध्वजारोहण किया गया तत्पश्चात राष्टीय गान गाया व भारत माता की जय के नारे लगाय गए । इसके पश्चात सभाहाल मे आगंतुक व्यक्तियों के द्वारा अपने विचार रखे गये। कार्यक्रम मे कोष्ठी समाज के अध्यक्ष राजू बुरडे अपनी समाज के कार्यकारिणी के साथ उपस्थित रहे इसी प्रकार हट्टा क्षेत्र के समस्त ग्राम पंचायतो मे सरपंचों के द्वारा ध्वजारोहण किया गया व शासकीय अशासकीय स्कूलो मे स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम आयोजित किया गया व महापूरूषों के द्वारा स्वतंत्रता प्राप्ति मे दिए योगदान के बारे बताया गया तत्पश्चात छात्र छात्रों को स्वल्पाहार प्रदान कर कार्यक्रम की समाप्ति की गई ।




# अंजली पंवार जयपुर में मिस यूनिवर्स इंडिया फिनाले में आज लेगी हिस्सा

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। बालाघाट जिले की संस्कारधानी वारासिवनी तहसील मुख्यालय की बेटी डा. अंजली पंवार सोमवार को जयपुर राजस्थान में आयोजित मिस यूनिवर्स इंडिया 2025 फिनाले में हिस्सा लेगी। इसमें देश भर से 51 प्रतिभागियों ने शिरकत किए हैं। इसके पूर्व अंजली मिस यूनिवर्स छत्तीसगढ़ 2025 का खिताब अपने नाम कर चुकी है। अंजली का छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सीएम आवास में बुलाकर सम्मान किया जा चुका है। डा. अंजली पंवार वारासिवनी नगर के वार्ड नंबर एक मिश्रा नगर की निवासी है, इनके पिता भुवन प्रसाद राहंगडाले व्याख्याता( रसायन) तथा माता पूजा राहंगडाले गृहणी हैं। डा. अंजली पंवार ने नगर में ही शिक्षा अध्ययन की थीं। उसके बाद दंत चिकित्सक की पढ़ाई इंदौर से पूरी की है। वर्ष 2018 में वहां पढ़ाई के साथ ही मिस इंदौर का खिताब अर्जित किया था, इसलिए उन्हें पूर्व मुख्यमंत्री व वर्तमान केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सम्मानित कर चुके है। उनका विवाह रायपुर निवासी भारतीय इंजीनियर सेवा( आईएस) में कार्यरत प्रसन्न बोपचे से हुआ। डा. अंजली पंवार गृहस्थी व दंत चिकित्सा का कार्य करने के साथ ही विभिन्न स्पर्धाओं में शामिल होते रहती हैं। गत मई माह में संपन्न हुए मिस यूनिवर्स छत्तीसगढ़ 2025 में हिस्सा लेकर अव्वल स्थान प्राप्त कर मध्य प्रदेश के बालाघाट जिले का नाम रोशन किया हैं। मिस यूनिवर्स यूनिवर्स छत्तीसगढ़ बनने के बाद मिस यूनिवर्स इंडिया वर्ष 2025 के लिए इंदौर में चल रही प्रतियोगिता में प्रतिभागी के रूप में हिस्सा लिया था।



# खमरिया हायर सेकेण्डरी स्कूल से निकाली गई तिरंगा रैली

खमरिया/लालबर्रा (पद्मेश न्यूज) । जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खमरिया स्थित शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में हर घर तिरंगा अभियान के तहत गत दिवस तिरंगा रैली निकाली गई। यह रैली स्कूल से प्रारंभ हुई जो ग्राम के विभिन्न चौक-चौराहों का भ्रमण करते हुए पुन: वापस स्कूल पहुंची। जिसके बाद रैली का समापन किया गया। इस तिरंगा रैली के माध्यम से ग्रामीणजनों को तिरंगे झंडे फहराने एवं देशभक्ति के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्कूल पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष रेवेन्द्र डहरवाल, स्कूल प्राचार्य दिनेशकुमा रंगारे, शिक्षक दिलीपकुमार मिश्रा, नंदकुमार राहंगडाले, श्रीमती भारती बिसेन, नुपेशकुमार बिसेन, श्रीमती रेखा पारधी, श्रीमती नीलू चौरे, सुनयाना ठाकरे सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



# मंदिरों व घरों में विराजे भगवान श्रीकृष्ण : हर्षउल्लास के साथ मनाया गया जन्माष्टमी पर्व







**वारासिवनी( पद्मेश न्यूज )। नगर सहित क्षेत्र में १६ अगस्त को भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धार्मिक आस्था एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भक्तजनों के द्वारा विधि.विधान से पूजन अर्चन कर विभिन्न प्रकार के पकवान व लाई चने माखन मिश्री का भोग लगाया गया एवं रात में जन्मोत्सव हर्षोल्लास से मनाया। जहाँ भजन कीर्तन कर रात जागरण भी किया गया।**

## आस्था के साथ मनाई गई जन्माष्टमी

नगर सहित क्षेत्र में स्थित मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव पर्व बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस पर्व पर मंदिरों को लाइटिंग सहित अन्य साज सज्जा से सजाया गया। मंदिरों में स्थापित मूर्ति सभी भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही थी। इसी कड़ी में नगर व क्षेत्र के सभी मंदिरों में रात १२ बजे भगवान श्री कृष्ण की आरती कर भजन कीर्तन के साथ कृष्ण जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं भक्तजनों ने अपने घरों में भगवान श्रीकृष्ण को विराजित कर सारी रात श्रीकृष्ण धुन में मगन रहे साथ ही विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

## श्रीराम मंदिर में की गई महाआरती

नगर में स्थित श्रीराम मंदिर में धार्मिक आस्थाओं के साथ जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। जिसमें रात्रि ९ बजे से भजन कीर्तन प्रारंभ किया गया जहाँ मनमोहक भजनों की शानदार प्रस्तुति दी गई जो देर रात तक चला। वहीं रात्रि १२ बजे पूजा अर्चना प्रारंभ कर मध्यरात्री में आतिशबाजी कर भगवान श्री कृष्ण के मंदिर व पालने के पर्दे हटाकर दर्शन करवाया गया और पालना झुलाया गया। तत्पश्चात महाआरती कर प्रसादी का वितरण किया गया। जिसके बाद देर रात तक संगीतमय भजन.कीर्तन हुए जिससे सभी भक्तजन भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में डूबे नजर आयें। इस दौरान जनप्रतिनिधि सहित श्रीराम मंदिर सदस्य व नगरवासी बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

## श्री राधा कृष्ण मंदिर में मनाया गया जन्मोत्सव

नगर के भाजी मंडी स्थित अति प्राचीन श्री राधा कृष्ण मंदिर में आकर्षक साज सज्जा के बीच १६ अगस्त की मध्य रात्रि में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जहां पर देर शाम से ही भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया गया एवं रात्रि १२ बजे भगवान श्री कृष्णा के पर्दे हटाकर पालन झुलाकर जन्मोत्सव मना कर महाआरती की गई। तत्पश्चात बधाई गीत गाकर प्रसादी का वितरण किया गया। विदित हो कि यह मंदिर करीब ३०० वर्ष से भी अधिक पुराना है जहां पर नगर वासियों की गहरी आस्था है। इस मंदिर के सामने कुएं के बारे में बताया जाता है कि उसमें १२ गिरनी है जिसमें ६ गिरनी का मीठा पानी है और ६ गिरनी का पानी खारा है जो एक अद्भुत चमत्कार है। इस मंदिर में भगवान कृष्ण राधा रानी के साथ विराजमान है। जहाँ पीढ़ियों से एक परिवार के द्वारा मंदिर की सेवा की जा रही है।

## सोसायटी शिव मंदिर में विराजे नंदलाल

नगर में सेवा सहकारी समिति वारासिवनी परिसर में स्थित शिव मंदिर में १६ अगस्त की भगवान श्रीकृष्ण की विशाल प्रतिमा की स्थापना के साथ जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। जिसमें मंदिर समिति के सदस्य ढोल बाजे की थाप पर मूर्तिकार के निवास पर पहुंचे जहाँ से ऑडर की हुई प्रतिमा को नाचते गाते शिव मंदिर लाया गया। जहाँ पर पंडित के द्वारा विधि विधान से प्रतिमा की स्थापना कर पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात देर रात्रि तक भजन कीर्तन किया गया। जहां १७ अगस्त को विधि विधान से हवन पूजन कर भंडारे का आयोजन किया गया। वहीं १८ अगस्त की दोपहर में प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे।

## वार्ड नंबर १२ में राधा कृष्ण की आराधना जारी

नगर के वार्ड नंबर १२ स्थित खिल्या मुठिया देव परिसर में १६ अगस्त को गोवारी समाज के द्वारा भगवान राधा कृष्ण की प्रतिमा स्थापित कर आराधना की गई है। जिसमें प्रतिमा को ढोल नगाड़े की थाप पर धूमधाम के साथ खिल्या मुठिया परिसर में लाया गया। जहां पर विधि विधान से पूजा अर्चना कर प्रतिमा की स्थापना कर कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया। इस दौरान भगवान कृष्ण और राधा कृष्ण की मनमोहक प्रतिमा विराजित की गई है जो हर किसी को अपनी ओर आकर्षित कर रही है। खिल्या मुठिया परिसर में बीते कई वर्षों से गोवारी समाज के द्वारा विशाल प्रतिमा विराजित की जा रही है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तगण मौजूद रहे।

# रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से टिकेश पटले घायल

## घायल का उपचार सिविल अस्पताल में जारी

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के लालबर्रा रोड़ स्थित गुरुनानक धर्मशाला के सामने १७ अगस्त की दोपहर में मुख्य मार्ग पर रेत से भरी ट्रैक्टर ट्राली की टक्कर से ४० वर्षीय व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल टिकेश पटले लालबर्रा से वारासिवनी आ रहा था इसी दौरान यहां हादसा घटित हो गया उसका उपचार सिविल अस्पताल में जारी है। इस दुर्घटना में उसके शरीर के विभिन्न हिस्सों में चोटे आई है मामले में पुलिस के द्वारा अस्पताल तहरीर पर कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार तिरोडा जिला गोंदिया महाराष्ट्र निवासी ४० वर्षीय टिकेश पटले कपड़ों के होलसेल का व्यापारी है जो अपने कार्य के लिए लालबर्रा आया हुआ था। जहां से वापस वह अपनी मोटर सायकिल से वारासिवनी होते हुए तिरोड़ा के लिए निकल रहा था तभी ट्रैक्टर ट्राली रेत लेकर लालबर्रा रोड़ से जा रही था। इस दौरान नगर के लालबर्रा रोड़ स्थित गुरुनानक धर्मशाला के पास में अचानक ट्रैक्टर ट्राली से मोटरसाइकिल की टक्कर हो गई। जिसमें मोटरसाइकिल सवार व्यापारी टिकेश पटले गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की आवाज सुन आसपास के लोग दौड़कर आए जहां पर भीड़ लग गई। इसी दौरान राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली,बेरोजगार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष गोविल चौरे ,हरी क्षीरसागर के साथ मौके पर पहुंचे उनके द्वारा तत्काल संजीवनी १०८ को फोन कर बुलाया गया। उसकी मदद से सिविल अस्पताल में लाकर भर्ती करवाया गया। दुर्घटना का मामला होने पर अस्पताल के द्वारा पुलिस को तहरीर के माध्यम से सूचना दी गई। जिस पर राजकपूर रंगारे के द्वारा अस्पताल पहुंचकर घायल के बयान दर्ज किए गए वहीं मामले में कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई। इस दुर्घटना में घायल को हाथ पैर सर सहित शरीर के विभिन्न हिस्सों में अंदरूनी और बाहरी चोटे आई है।



# बड़ी नहर में हुआ श्रीकृष्ण की प्रतिमा का विसर्जन





वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धार्मिक मान्यताओं के अनुरूप मनाया गया। १६ अगस्त को भगवान श्री कृष्ण की मनमोहक प्रतिमाओं को हिदू द्यर्मावलंबियों ने विधि विधान से विराजमान कर १७ अगस्त की शाम को नगर स्थित वार्ड नं.१,२,३ व १४ से होकर गुजरने वाली बड़ी नहर, शिवधाम मोहल्ला, चंदन नदी, शंकर तालाब में शोभायात्रा के रूप में पहुँचकर प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया। इस दौरान प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सभी स्थानों पर मेले जैसा माहौल दिखाई दिया। तरह तरह की दुकाने जिसमें खाने की सामग्री सहित बच्चों के खिलौने व गुब्बारे की दुकाने सॅजी हुई दिखाई दिखी। वहीं कुछ स्थानों पर जम्पिंग झूला भी लगायें गये हुये थे। इस दौरान विसर्जन करने पहुंचे नन्हे मुन्ने बाल गोपाल के द्वारा खरीदी की गई तो वहीं झूलों का भी आनंद लिया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में नगर वासी विसर्जन स्थल पर मौजूद रहे जिनके द्वारा मेले का आनंद लिया गया। भगवान कृष्ण के विसर्जन के दौरान पूरा नगर कृष्णमयी माहौल में डूबा दिखाई दिया। छोटे छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण की वेशभूषा धारण कर भगवान श्रीकृष्ण का रूप धारण किया। वहीं सड़को पर श्रीकृष्ण का विसर्जन करने आये लोगों ने हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैयालाल की जैसे नारे लगाए जाते रहे। जिससे नगर गूंजाय मान होता रहा जिसने धर्ममयी कर दिया। विसर्जन के दौरान नगर के वार्ड नंबर ११ के वार्ड वासियों के द्वारा सामूहिक रूप से भगवान कृष्ण की प्रतिमा विसर्जन के लिए निकाली गई। जिसमें मार्ग पर मटकी फ ोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड के ग्वालों की टोली के द्वारा गली के विभिन्न स्थानों पर मटकी बांधकर उसे फोड़ने का कार्य किया गया। इस दौरान वार्डवासियों के द्वारा भी जमकर उत्साह मनाते हुए घरों से पाइप के माध्यम से उन पर पानी बरसाया गया जहां लोगों की भीड़ लगी रही। नगर के समस्त विसर्जन स्थलों पर नगरवासी की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा। वहीं पूरे क्षेत्र में पुलिस के द्वारा नजर बनाकर रखी गई। इस दौरान देखने में आया कि नगर के विसर्जन स्थल पर नगर पालिका के द्वारा प्रकाश व्यवस्था एवं चूना लाइन डालकर व्यवस्था बनाई गई थी। जहां पर व्यवस्थित रूप से लोगों ने मूर्तियों का विसर्जन किया हालांकि इस दौरान किसी प्रकार की दुर्घटना सामने नहीं आई।

# नवदुर्गा उत्सव समिति की बैठक सम्पन्न

## दुर्गा उत्सव के स्वरूप को लेकर विचार-विमर्श किया गया-संजयसिंह कछवाहा



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। नगर के इंडोर स्टेडियम परिसर में नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक समिति अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा सहित अन्य सदस्यों की उपस्थिति में प्रारंभ की गई। जिसमें नवदुर्गा उत्सव समिति की परंपरा के तहत भव्य आयोजन को लेकर चर्चा की गई की किस प्रकार से पंडाल लाइटिंग गरबा और शरद पूर्णिमा का कार्यक्रम रहेगा। इसमें नवदुर्गा उत्सव समिति सिविल क्लब का यह २२ वां वर्ष है जिसमें हमेशा भव्यता की गुंजाइश रखी गई है। इसमें कलकत्ता के कारीगरों के माध्यम से पंडाल का निर्माण किया जाता है हर बार लाइव गरबा किया जाता है। इस बार बेहतर डीजे एवं संचालक टीम को लाने वहीं लक्की ड्रा में लाखों के नाम हर बार की तरह इस बार भी रखे गए हैं। तो वहीं सबसे बड़ा कार्यक्रम शरद पूर्णिमा के दिन रखा जाता है जिसमें हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध गायक एवं अभिनेता को लाने का प्रयास पर भी चर्चा की गई। वहीं उपस्थित सदस्यों के द्वारा कार्यक्रम को अति भव्य बनाने के लिए अपने अपने सुझाव दिए गए। जिस पर आगामी समय में बैठक कर चर्चा करने की बात कही गई। विदित हो की यह दुर्गा उत्सव का नाम जिले ही नहीं आसपास के क्षेत्र और महाकौशल सहित महाराष्ट्र के विभिन्न स्थानों पर ख्याति प्राप्त है। लगातार भव्य कार्यक्रमों की पेशकश की जाती रही है। जहां पर दुर्गा उत्सव को देखने के लिए दूर दूर से लोग आते हैं इस वर्ष भी भव्यता में और बढ़ोतरी करने का प्रयास समिति का है। पद्मेश से चर्चा में नवदुर्गा उत्सव समिति अध्यक्ष संजय सिंह कछवाहा ने बताया कि २२ वर्षों से हमारे द्वारा नवरात्र पर्व मनाया जा रहा है और हर बार जो बैठक आयोजित होती है वह इस बार की गई। सभी जानते हैं कि हमारे मंडल के द्वारा जो नवरात्र पर्व मनाया जाता है वह आसपास के जिले सहित संभाग और महाराष्ट्र में ख्याति प्राप्त है। यहां समिति के द्वारा चर्चा की गई की कैसे और नवरात्र पर्व को बड़ा बना सकते हैं। पहली बार क्या कुछ नया किया जा सकता है पिछली बार जो कार्यक्रम हुए थे उसमें क्या सुधार करने की आवश्यकता है ऐसे समस्त विषयों पर चर्चा की गई। पिछले तीन वर्षों से कलकत्ता के कारीगरों के द्वारा पंडाल का भव्य निर्माण किया जा रहा है जो इस वर्ष भी किया जाएगा। समिति का प्रयास रहेगा की बढ़कर कार्य किया जा सके। शरद पूर्णिमा को हमारे यहां जो बड़े.बड़े कलाकार हिंदी सिनेमा के गायक आते हैं उन्हें भी लाने का प्रयास है ड्रॉ में हर बार की तरह इस बार भी इनाम रखे गए हैं। यह सभी नगरवासी क्षेत्रवासी राजनीतिक दलों के सहयोग से अच्छा प्रोग्राम करने का प्रयास है और जो हमारी पहचान रही है वह बनाए रखने का हैं। हमारे यहां जो गरबा होता है वह सनातन संस्कृति के आधार पर करवाया जाता है जिसमें अश्लीलता नहीं होती। माता के गाने होते हैं भजन होते हैं भारतीय परिधान का लोग पालन करते हैं। हमारा जो कार्यक्रम है उसमें सर्वाधिक पारिवारिक लोग आते हैं हमारी समिति के लोग भी जागरुक है । हमारे यहां हर वर्ष पुलिस और राजस्व सहित प्रशासन का भरपूर सहयोग रहता है आज तक कोई घटना तो हुई नहीं और भविष्य में होगी भी नहीं। बैठक में समिति अध्यक्ष संजयसिंह कछवाहा, आशीष सिंह, राम खंडेलवाल, जयप्रकाश नेमा, संतोष आड़े, हरी क्षीरसागर, संजय घोले, मिथून मिश्रा, अशफाक खान, रिंकू दुबे, अरमान खान, अनिल लिल्हारे, संतोष शिवणे, शलबसिंह बैस, प्रदीप डहरवाल, सागर देवगड़े, सुधीर शर्मा, संजयसिंह चंदेल, अजय पात्रे, राजेश पटले, बंसत गिरी, देवेश पाराशर, शिवशक्ति सिंह सोलंकी, मयंम चौबे, लक्ष्मीकांत मिश्रा, कुलदीप डहरवाल, भागसिंह कापसे,शरीफ खान, राजू बोपचे,कोकिल कन्नोजखेंडे, मन्नू डहरवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# क्रिएटिव इंटरनेशनल एकेडमी में स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया



खैरलांजी/वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। क्रिएटिव इंटरनेशनल एकेडमी किन्ही में १५ अगस्त २०२५ को भारत का ७९ वां स्वतंत्रता दिवस धुमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल परिसर में देशभक्ति सांस्कृतिक सहित अन्य कार्यक्रमों की धूम रही। जिसमें छात्र छात्राओं शिक्षकों और अभिभावकों ने बढ़.चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में प्रधानाचार्य के द्वारा ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान गाया गया। इसके पश्चात छात्र छात्राओं ने देशभक्ति गीत, नृत्य, कविता पाठ और नाटकों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को याद किया और देश की एकता व अखंडता का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य तुलमोहन भोयर ने कहा १५ अगस्त हम सभी के लिए गर्व और समर्पण का दिन है। हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों के बलिदान को कभी नहीं भूलना चाहिए और देश के विकास में योगदान देने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देते हुए एक विशेष प्रार्थना सभा भी आयोजित की गई। कार्यक्रम के अंत में मिष्ठान वितरण किया गया और छात्रों को देशप्रेम की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया।

# सरस्वती विद्यालय में मनाई गई श्री कृष्ण जन्माष्टमी



वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का हर्ष उल्लास के साथ आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यालय अधीक्षक जितेंद्र टेंभरे ,प्राचार्य राजेंद्र मिश्रा ,दयानंद धुवारे सहित वरिष्ठ शिक्षकों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें सर्वप्रथम मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना की गयी। तत्पश्चात झूले में बैठे श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना एवं आरती की गई। जिसमें शिक्षक शिक्षिकाएं अभिभावक ने पूजा कर लाभ प्राप्त किया। वहीं शिक्षिका एवं छात्राओं ने शानदार भजन की प्रस्तुती दी तत्पश्चात राधा कृष्ण माता यशोदा बलराम सुदामा के साथ.साथ अनेक जीवंत झांकियां की प्रस्तुति दी गई। वहीं कार्यक्रम के अंत में प्रसादी का वितरण किया गया। इस अवसर पर श्रीमती नीतू टेंभरे ,छाया पटले ,शारदा चौधरी ,कुमारी राजकुमारी लिल्हारे सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र.छात्राएं मौजूद रहे।

# आशा सहाय चौधरी- नेताजी के रानी झाँसी रेजिमेंट की लड़ाकू योद्धा

आजाद हिंद फौज की महिला रेजिमेंट रानी झांसी रेजिमेंटकी सेकेंड लेफ्टिनेंट आशा चौधरी ने 12 अगस्त 2025 की रात 11:55 बजे अंतिम सांस ली। 97 वर्ष की उम्र में। वह द्वितीय विश्व युद्ध के इतिहास के सबसे मार्मिक अध्यायों में से एक के जीवंत सेतु थीं वह। आज़ाद हिंद फ़ौज की लड़ाकू इकाई महिला इकाई रानी झाँसी रेजिमेंट की एक योद्धा थी। उनका जीवन भारतीय स्वतंत्रता संग्राम की कहानी का एक पन्ना मात्र नहीं था, बल्कि उस साहस, बलिदान और अदम्य साहस का एक ज्वलंत प्रमाण था। वावजूद इसके यह विडंवना रहा कि राज्य की राजधानी पटना में निधन हुआ, लेकिन निधन के बाद जिस राजकीय सम्मान की हकदार रहीं, उससे सरकार ने वचिंत कर दिया। ये है सरकारी सांस्कृतिक वोध। जबकि एक माह पूर्व बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने राजभवन में उन्हें सम्माानित किया था।जापान के कोबे में दो फरवरी 1928 को जन्म लेने वाली भारती ने घूम-घूम कर आजादी का नारा दिया था। लेफ्टिनेंट सहाय की यात्रा चुनौती और प्रेरणा से भरी रही। उनके पिता आनंद मोहन सहाय आज़ाद हिंद सरकार के मंत्रिमंडल में मंत्री थे और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के राजनीतिक सलाहकार थे। आशा की मुलाकात नेताजी से उनकी माँ सती सेन सहाय के साथ तब हुई जब वह 15 साल की थीं। उन्हें औपचारिक रूप से 1945 की शुरुआत में झांसी की रानी रेजिमेंट में शामिल किया गया था। उन्होंने बैंकॉक में प्रशिक्षण लिया और जापानी आत्मसमर्पण के बाद उन्हें जेल में डाल दिया गया। अप्रैल 1946 में वह अपने पिता से फिर से मिलीं। अदम्य कैप्टन लक्ष्मी सहगल के नेतृत्व में रानी झाँसी रेजिमेंट का हिस्सा बनकर, उन्होंने और उनके जैसी कई युवतियों ने लिंग, जाति और धर्म की बेड़ियों को तोड़ दिया और औपनिवेशिक उत्पीड़न के खिलाफ लड़ाई में भारतीय नारी शक्ति के प्रतीक के रूप में खड़ी रहीं। हर कदम पर, उन्होंने और उनके साथियों ने हुकूमत-ए-ब्रितानिया की ताकत को चुनौती दी, प्रतिरोध की एक ऐसी आग जलाई जिसने अनगिनत लोगों को साम्राज्यवाद के खात्मे के संघर्ष में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनका साहस एक स्पष्ट आह्वान था, जिसने साबित कर दिया कि किसी भी राष्ट्र की आज़ादी की लड़ाई का मर्म कोई सीमा नहीं जानता।भारत की आज़ादी का मार्ग बलिदानों से प्रशस्त हुआ था और उसमें नेताजी सुभाष चंद्र बोस के आज़ाद हिंद फ़ौज का महत्वपूर्ण योगदान था। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की क्रांतिकारी दृष्टि ने आजाद हिंद फौज को जन्म दिया, एक ऐसा आंदोलन जिसने एक राष्ट्र और उसके सशस्त्र बलों की नियति को नया रूप दिया। 1945 के आज़ाद हिंद फौज के मुकदमों और 1946 के विद्रोहों ने ब्रिटिश शासन की नींव हिला दी, जिससे साम्राज्य का पतन और दुनिया भर में उसकी औपनिवेशिक पकड़ का पतन तेज़ हो गया, क्योंकि ब्रिटिश भारतीय सशस्त्र बलों का इस्तेमाल उपनिवेशवाद को लागू करने के लिए किया गया। लेफ्टिनेंट सहाय और उनके साथी योद्धा इस क्रांतिकारी बदलाव के केंद्र में थे, उनकी बहादुरी ने एक ऐसी विरासत को जन्म दिया जिसकी गूंज भारत की सीमाओं से परे तक फैली। भारतीय स्वतंत्रता संग्राम वीरता, एकजुटता और त्याग की एक गाथा थी, जिसे उन देशभक्तों ने बुना था जिन्होंने एक स्वतंत्र राष्ट्र का स्वप्न देखा था। इन महिलाओं और पुरुषों का साहस, जिन्होंने अकल्पनीय चुनौतियों का अटूट संकल्प के साथ सामना किया, हमारी स्मृति से कभी नहीं मिटेगा। 15 अगस्त, 1947 को भारत की स्वतंत्रता के लगभग आठ दशक बाद, उनके बलिदान हमें याद दिलाते हैं कि स्वतंत्रता एक कठिन परिश्रम से प्राप्त उपहार है, जो उन लोगों के खून और बहादुरी से अर्जित किया गया था जिन्होंने साम्राज्यवाद के आगे झुकने से इनकार कर दिया था। वे 1944 में 17 वर्ष की उम्र में वे नेताजी सुभाषचंद्र बोस के नेतृत्व में गठित आजाद हिंद फौज की सहयोगी रेजिमेंट रानी झांसी रेजिमेंट में शामिल हुई थीं। उनके पिता आनंद मोहन सहाय नेताजी के निकट सहयोगी और आजाद हिंद फौज के सेक्रेटरी जनरल थे।

# क्रोध हमेशा धैर्य और साहस की कमी का परिचायक होता है

आज के युग में हर व्यक्ति को जीवन के किसी न किसी पड़ाव में विपरीत परिस्थितियों का निर्माण होने के कारणों में कहीं ना कहीं एक कारण उसका गुस्सा या क्रोध भी होगा। अगर हम अत्यंत संवेदनशीलता और गहनता से उत्पन्न हुई उन परिस्थितियों की गहनता से जांच करेंगे तो हमें जरूर यह कारण महसूस होगा। गुस्से और क्रोध का वह छोटा सा पल ऐसी अनेकों विकराल स्थितियों और परिस्थितियों को पैदा कर देता है, जिसकी हमें उम्मीद भी नहीं रहती और फिर बड़े बुजुर्ग लोग कहते हैं ना कि, जब चिड़िया चुग गई खेत अब पैछतावे का होए। मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि हमें उस गुस्से क्रोध के उस पल को काबू में रखने के मंत्र सीखने होंगे जो कि आसान है। सबसे पहले तो हमारी यह सव प्रतिशत कोशिश होनी चाहिए कि उस स्थिति को पैदा ही ना होने दें , जिसके कारण क्रोध या गुस्सा या आक्रोश उत्पन्न हो।परंतु यह भी उचित बात है कि, हम किसी भी परिस्थिति को कितना भी रोके, परंतु स्थिति उत्पन्न हो ही जाती है,या अन्य कोई यह स्थिति उत्पन्न कर ही देता है, तो ऐसी परिस्थिति में सबसे सरल मंत्र है उस परिस्थिति की हर बात,हर स्थिति को अत्यंत ही सहजता और सरलता से लें और गुस्से या क्रोध या आक्रोश को जगने से पहले ही तुरंत उसे समाप्त कर दें। उसके लिए सहजता व सरलता इन दो शब्दों या मंत्रों को गांठ बांध के रखना ही होगा। साथियों जब शरीर क्रोध के आवेग में काबू हो जाता है तो मनुष्य विचार शून्य हो जाता हैं. उसे कुछ भी सूझता नहीं है जैसे मुह में आया बोल दिया अथवा जो हाथ में आया उसे चला दिया जाता हैं. ऐसे करने से बाद में पछताने के सिवाय कुछ भी हाथ नहीं लगता हैं. यदि आप क्रोध को नियंत्रित नहीं कर पाते है तो यह आपके स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है, यह आपके ब्लड प्रेशर को अधिक करने के साथ ही कई व्याधियों को जन्म भी दे सकता हैं।क्रोध को कायरता की



निशानी भी कहा जाता है, इसे स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक भी माना गया हैं. जिन्हें विभिन्न परिस्थितियों में धैर्य एवं साहस की कमी होती है वे क्रोधित होते हैं। यह संताप विकलता की दशा हैं. एक क्रुद्ध व्यक्ति के सोचने समझने और विचारने की शक्ति शून्य हो जाती हैं।साथियों ,मेरा ऐसा निजी मानना है कि जितनी भी विपरीत, हानिकारक, कष्टदाई परिस्थितियां उत्पन्न होती है, उसका मूल कारण गुस्सा, आक्रोश, क्रोध में उठाया गया हिंसात्मक कदम होता है, जिसकी परिणीति में उन विपरीत परिस्थितियों का जन्म होता है।और अगर उन परिस्थितियों, स्थितियों को फलने फूलने के लिए, कथित प्रोत्साहन मिला तो फिर विकराल रूप बन इंसान को सबसे बड़ा और खतरनाक प्राणी बना देता है ,जिसे आज की स्थिति में अपराध के जगत का डॉन या कुख्यात अपराधी की संज्ञा दी जाती है।साथियों, हम अपने रूटीन जीवन के हर क्षण में काफी नजदीकी से देखते होंगे कि कोई भी टॉपिक में, किसी भी क्षेत्र में, किसी भी विषय में, बात तभी बिगड़ जाती है जब वहां तावबाज़ी अर्थात गुस्सा या क्रोध का जन्म होता है, और बात बढ़ कर कहासुनी, मारपीट, हत्या की कोशिश, हत्या, जख्मी, घायल इत्यादि से पुलिस, जेल , और मामला अदालतों की दहलीज तक जा पहुंचती है। और सामाजिक-आर्थिक नैतिक, हानि, मानहानि अलग होती है। साथियों, सोचिए इतनी भारी कीमत चुकानी होती है, मात्र एक छोटे से पल की जिस पर आसानी से नियंत्रण किया जा सकता था। जो भी व्यक्ति उपरोक्त विपरीत प्रक्रिया, गुस्से, क्रोध, से जेल तक में बंदी बनाया जाता है या सजा काटता है या अदालतों के चक्कर काटता है, विशेषज्ञों और अधिवक्ताओं के पीछे घूमता है, अगर हम उसकी प्रतिक्रिया जानना चाहेंगे तो हमें निर्णय करने में आसानी होगी कि मामला गुस्से और क्रोध की परिणीति का है और कहीं ना कहीं उस व्यक्ति के मन में गुस्से और क्रोध के प्रति पछतावे की बात सामने आती है। गुस्सा और क्रोध से, बदले की भावना का उदय होता है और फिर बदले पर बदला के चक्रव्यूह में अनेक जीवो का जीवन कुचक्र में फंस कर खराब हो जाता है। क्योंकि फिर बदले का अंजाम बहुत दूर तलक जाता है, जो गुटबाजी, गैंगवार सहित बात दूर तलक चली जाती है।

साथियों अगर हम अपने क्रोध, गुस्से को काबू में कर पाएंगे तो सहजता और सरलता रूपी मिठास का अपने आप उदय होगा हम स्वाभाविक रूप से मीठा बोलेंगे। हमारी वाणी में मिठास उत्पन्न होगी। चार लोग हमारे करीब आएंगे,और हमारी सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी, मान सम्मान होगा। जिसका प्रभाव हमारी वर्तमान पीढ़ी, भावी पीढ़ी पर भी पड़ेगा क्योंकि बड़े बुजुर्ग कहते हैं कि, बोया बीज बबूल का तो आम कहां से खाए, और बोया बीज मिठास का तो कुल पुरा मीठा होय। हम सामाजिक रुप में भी किसी व्यक्ति या परिवार को उसके कुल से ही कतारते हैं कि, अच्छे कुनबे का परिवार है या अच्छे कुनबे का व्यक्ति है। इसलिए सभी कुभावनाओं, विपरीत विचारों, परिस्थितियों, से ओतप्रोत इस गुस्से और क्रोध,आक्रोश को हीपूरी विपत्ति और कठिनाइयों की जड़ मानेंगे

साथियों उपरोक्त पूरे विवरण को अगर हम संकुचित और कुछ शब्दों या शब्दकोश में सीमित करें तो गुस्सा और क्रोध एक तेज तीखी मिर्ची के समान है ,एक आग के समान है,जिसे फैलने या रोकने के लिए सहजता और सरलता रूपी गुड़ शक्कर या शहद की जरूरत होती है, जो मिर्ची रूपी धास को, आग रूपी तबाही को, सहजता सरलता और मीठी वाणी रूपी पानी से बुझाया जा सके।

अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि क्रोध हमेशा धैर्य और साहस की कमी का परिचय होता है। क्रोध से पूरे परिवार के मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ने की संभावना को रेखांकित करना समय की मांग है। क्रोध की हर बात और हर स्थिति को अत्यंत ही सहजता और सरलता में ही लेना चाहिए ताकि क्रोध और गुस्से पर नियंत्रण हो सके यही मूल मंत्र है।

**-एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं**

# मुश्किल समय में हमेशा शांति से काम लें

जब भी हम शांति को भंग करते हैं तो हमें चिड़चिड़ाहट होती है हमारा कौन ऐसा काम है जो हो नहीं सकता है दूसरों पर हावी होते हैं तो ऐ देखना जरुरी है हम सही हैं या गलत एक इसी तरह की घटना एक चैरीटी संस्था में हुई जो दो गुटों में बंटी है क्योंकि उसमें हकीकत कुछ और है समझ कुछ और् पहले ऐ देखना जरुरी है कि मेरे पास जो पेपर हैं वो सही में चुनाव अधिकारी से नहीं चैरीटी कमीशनर से पास हुआ है या नहीं अगर सही में चैरीटी कमीशनर ने चेंज रिपोर्ट को अनुमोदन कर दिया है तो कोई दूसरा कभी दावा नहीं करेगा अत: पहले ऐ देखें हकीकत क्या है जहाँ तक चुनाव का सवाल है लोक सभा चुनाव में एक बार मुझे टेबलटिँग अधिकारी के साथ काम करने का अवसर मिला कितना मुश्किल होता है काउंटिंग राउंड टेबल पर इलेक्शन के दिन फॉर्म सी जो दिया जाता है जिसमें हर बूथ पर चुनावी एजेंट होते हैं वो सभी को बारीकी से देखते हैं और अंत: में फॉर्म सी होता है जिसे वहाँ काउंटर पर चेक किया जाता है और बाद में हर 1घंटे में रिजल्ट काउंटिंग ऑफिसर से टेबूलेशन अधिकारी के पास जाता है और वो आईएएस अधिकारी होता है जो इलेक्शन कमीशन को ऑनलाइन रिपोर्ट देता है और मीडिया में खबर जाती है अत: उस समय कुछ ईवीएम में खराबी आती है जिसे बाद में उसके इंजीनियर ठीक करते हैं ऐसा ना होने पर वीवीपैड से मिलान होता है और जब कैंडिडेट का वोट का मार्जिन बहुत अधिक होता है तो कहीं होता है कहीं नहीं होता निर्भर करता है कि विपक्षी कैंडिडेट क्या चाहता है अंत में चुनाव जितने का सर्टिफिकेट वहाँ का डीएम देता है अत: चुनाव में पारदर्शिता है असल में वोटर लिस्ट वेरिफिकेशन का मसला कम बल्कि अंदर से सरकार में ऐ मुद्दा बनता जा रहा है कि कब तक मंत्री नहीं बनेगें जो सांसद बार बार लगातार चुन कर आये हैं कांस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के सचिव पद के चुनाव को बीजेपी को सतर्क होना चाहिए क्योंकि एक ही पार्टी के कांस्टिट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया के सचिव पद के में राजीव प्रताप रूडी ने संजीव बालियान को हराया है। अब एक चुनाव हारने पर बालियान ने कहा कि कुछ (विपक्षी) दलों के सारे वोट एक ही उम्मीदवार को मिले। पार्टियों ने शीर्ष स्तर पर यह फैसला किया। इसने वहां मेरे उन दोस्तों को भी मजबूर किया, जो मुझे वोट देना चाहते थे, कि वे पार्टी लाइन का पालन करें और किसी दूसरे उम्मीदवार को वोट दें।ऐ दिखाता है कि अंदर सब कुछ ठीक नहीं है इसलिए शांति से सबके हित में निर्णय लेना चाहिए सबक लेनी चाहिए की पार्टी भी एक धर्म है जिसमें एकता होना चाहिए और जब अपने को बड़ा दिखाने की कोशिश में आप की पार्टी का ही नुकसान होगा इसलिए त्याग और समय अनुसार परिवर्तन जरुरी है ऐ हमेशा देखा गया है कि जहाँ रामराय जी ने मुगल दरबार में गुरू गद्दी ना मिलने या किसी अन्य कारण से गुरबाणी की त्रुटिपूर्ण व्याख्या की। उस समय की राजनैतिक परिस्थितियों एवं गुरु मर्यादा की दृष्टि से यह सब निन्दनीय थाजब गुरू हरराय साहिब जी को इस घटना के बारे में बताया गया तो उन्होने राम राय जी को तुरंत सिख पंथ से निष्कासित किया। गुरु गोबिंद सिंह ने गुरुगद्दी पर बैठने के बाद राम राय को माफ़ कर दिया था, जब राम राय ने अपने पिछले अपराधों के लिए पश्चाताप व्यक्त किया और गुरु से मिलने की इच्छा जताई थी। राम राय के अनुयायी और मसंद गुरु और मुख्यधारा के सिखों के बीच किसी भी सुलह के खिलाफ़ थे, लेकिन फिर भी यमुना नदी के तट पर राम राय और गुरु गोबिंद सिंह के बीच एक बैठक हुई, जिसमें गुरु ने उन्हें क्षमा कर दिया। इस घटना ने सिखों में देश के प्रति क्या कर्तव्य होने चाहिए, ऐसे भावों का संचार हुआ। सिख इस घटना के बाद गुरु घर की परम्पराओं के प्रति अनुशासित हो गए। इस प्रकार गुरू साहिब ने सिख धर्म के वास्तविक गुणों, जो कि गुरू ग्रन्थ साहिब जी में दर्ज हैं, गुरू नानक देव जी द्वारा बनाये गये किसी भी प्रकार के नियमों में फेरबदल करने वालों के लिए एक कड़ा कानून बना दिया।मसंद एक नियुक्त अधिकारी या मिशनरी होता था जो सिख गुरु के प्रतिनिधि के रूप में कार्य करता था, दशमांश (दसवंध) एकत्र करता था और धर्म का प्रचार करता था। गुरु रामदास द्वारा वित्तीय प्रबंधन और सिख धर्म के प्रसार के लिए शुरू की गई इस व्यवस्था को बाद में गुरु गोबिंद सिंह ने मसंदों के भ्रष्टाचार और उत्पीड़न के कारण उन्हें सबक भी सिखाया , क्योंकि मसंद अपनी शक्ति का दुरुपयोग करने लगे थे और खुद को धार्मिक अधिकारी मानने लगे थे अत: इन सबको देखते हुए ही गुरू गोविन्द सिंहजी ने गुरु ग्रन्थ साहिब को अपना अगला गुरू माना लेकिन गलत चीजों को गलत ही बताया किसी आवेश या किसी के बहकावे में कभी नहीं आए और उनका सारा परिवार शहीद होने के बाद भी अकाल पूरख को सब कुछ माना और मानवता को ही सबसे बड़ा धर्म माना अकाल पुरख गुरु नानक का एक संदेश था जिसका अर्थ है अकाल पुरख समय से परे या कालातीत। यह शब्द सिख धर्म में ईश्वर के लिए इस्तेमाल होता है, जो कि समय और मृत्यु से परे है। अकाल पुरख का शाब्दिक अर्थ कालातीत प्राणी है, जो कभी नहीं मरता।इसलिए उनके साथ एक बहुत बड़ी संख्या में सिख ही नहीं बल्कि अन्य धर्मों के लोग भी साथ दिए दरअसल उस समय मुगल शासक औरंगजेब का इस्लाम में धर्म परिवर्तन और लूट पाट औरतों के साथ जबरदस्ती और गुरु गोविन्द सिंह के दोनों छोटे से पुत्र को जिस तरह दीवारों में चुनवाने के बाद अंतिम संस्कार हेतु राजा टोडर मल को अपने सारी सम्पति उस छोटे से जमीन के लिए दे दी जो शहीदों को दफनाया गया,और उनके दो पुत्र तो चमकोर की लड़ाई में शहीद हो गए अत: जब आप सच्चे तो कौन हिला सकता है ईश्वर पर विश्वास रखें और हमेशा समय एक जैसा नहीं होता है समय अनुसार दूसरों को भी मौका मिलना भी पार्टी या संस्था के लिए अच्छा होता है अब जो होगा किसी अच्छे के लिए ही होगा ईश्वर पर विश्वास रखें सत्ता मिलती है जितनी मुश्किल से छोड़ना भी मुश्किल जरूर होता है लेकिन यदि पार्टी के हित में हो तो पार्टी को भरोसे में लेना जरुरी है अगर वहाँ दो कैंडिडेट जो बी जे पी के ही थे आपस में मिलकर काम करते और किसी में भी त्याग की भावना होती तो इतना किरकिरी नहीं होता है वक्त है अभी भी सबको साथ में लेकर चलने की ऐसे में शांति से काम लेना और जमीनी हकीकत को समय के साथ समझना जरुरी है।

**-संजय गोस्वामी**

# क्या आरएसएस के मुखिया मन की बात कहते हैं?

आगामी 2 अक्टूबर 2025 से आरएसएस का शताब्दी वर्ष शुरू होगा। इसे मनाने के लिए संघ ने कई कार्यक्रमों के आयोजन की योजना बनाई है। इनमें से एक है तीन व्याख्यानों की एक श्रृंखला जो 26, 27 और 28 अगस्त को दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित है। इसके बाद तीन-दिन की इस श्रृंखला का आयोजन मुंबई, बेंगलुरू और कोलकाता में होगा। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने दिल्ली के विज्ञान भवन में सन् 2018 में तीन व्याख्यान दिए थे। इस बार अंतर यह है कि यह आयोजन देश के चार प्रमुख नगरों में किया जा रहा है। तीसरे व्याख्यान में प्रश्नोत्तर सत्र भी होगा और इनमें ऐसे बहुत से लोगों को आमंत्रित किया गया है जो संघ परिवार से संबद्ध नहीं हैं। आमंत्रित जन 12 वर्गों के हैं। इनमें विदेशी दूतावासों के अधिकारी, बुद्धिजीवी और अन्य राजनैतिक दलों के नेता शामिल हैं। विदेशी दूतावासों के कर्मियों में पाकिस्तान, बांग्लादेश और तुर्किये के दूतावासों के कर्मी शामिल नहीं हैं। जहां तक राजनैतिक दलों का सवाल है, गैर-भाजपा दलों के उन नेताओं के विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है जो मोदी सरकार के सुर में सुर मिला रहे हैं। यह शुरूआती प्रमुख कार्यक्रमों में से एक है। अन्य कार्यक्रमों में हिंदुओं का सम्मेलन आदि शामिल हैं।

हमे याद है कि भागवत द्वारा विज्ञान भवन में 2018 में दिए गए व्याख्यानों को कितनी महत्ता दी गई थी। उन्हें सुनकर कई नादान राजनैतिक समीक्षकों को यह लगने लगा था कि आरएसएस बदल रहा है। आरएसएस के अंदरूनी मामलों की जानकारी रखने वाले और उससे जु? एक सज्जन की टिप्पणी थी कि आरएसएस ग्लासनोस्त की प्रक्रिया से गुजर रहा है। मगर ऐसा कुछ नहीं हुआ। उसके बाद का घटनाक्रम आरएसएस के एजेंडे के मुताबिक विघटनकारी कृत्यों ही भरा रहा। भागवत ने हिन्दू-मुस्लिम रिश्तों को बेहतर करने की वकालत करते हुए कहा था कि एक व्यक्ति सच्चा हिंदू नहीं हो सकता यदि वह कहता है कि मुसलमानों को भारत में नहीं रहना चाहिए। मॉब लिचिंग में शामिल लोग हिन्दुत्व विरोधी हैं''। क्या इसके बाद मुसलमानों की लिंचिंग की घटनाएं रूक गईं नहीं! वे पहले की तरह जारी रहीं। सन 2020 में उत्तर प्रदेश में शाहरु? सैफी और हरयाणा में लुकमान की लिंचिंग हुई। इसके अलावा मुसलमानों के घरों और दुकानों को तोड़ने के लिए बुलडोजरों का इस्तेमाल हुआ।

ज्यादातर मुस्लिम विरोधी गतिविधियां बदस्तूर जारी रहीं क्योंकि उनके खिलाफ किया जाने वाला प्रोपेगेंडा संघ परिवार का मुख्य हथियार है। जब देश में कोविड-19 फैला तो इस त्रासदी का उपयोग भी मुसलमानों का और अधिक दानवीकरण करने के लिए किया गया और महामारी का ठीकरा दिल्ली में चल रहे



तबलीगी जमात सम्मेलन पर फोड़ने की कोशिश की गई। कोरोना जेहाद, कोरोना बम जैसे शब्दों का इस्तेमाल किया जाने लगा और इसके साथ ही फेरी लगाकर सामान बेचने वाले मुसलमानों का हिन्दू बस्तियों में बहिष्कार किया गया।

भागवत ने कहा था कि वह हिन्दू, हिन्दू नहीं है जो यह कहता है मुसलमानों को भारत में नहीं रहना चाहिए। सीएए, जिसने मुसलमानों को छोड़कर सभी के लिए भारत की नागरिकता हासिल करने का पिछला दरवाजा खोल दिया, के बाद राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर करने की भारी भरकम और कष्टदायी प्रक्रिया प्रारंभ की गई। निडर मुस्लिम पुरूषों और महिलाओं ने इसके विरोध में शाहीन बाग आंदोलन शुरू किया। यह दु:खद है कि भाजपा के कपिल मिश्रा जैसे लोगों ने इसका विरोध किया, और इन लोगों ने खुलेआम धमकी दी कि यदि पुलिस ने इन्हें धरना स्थल से नहीं हटाया, तो वे यह काम करेंगे। इसके बाद दिल्ली में हुई हिंसा में 51 निर्दोष लोगों को अपनी जान से हाथ धोना पड़ा, जिनमें से दो तिहाई मुसलमान थे।

एक तरह से भागवत के नेतृत्व में संघ परिवार मुसलमानों के प्रति नफरत ब?ाने वाले हर कदम का समर्थन कर रहा है। आखिर 2018 के व्याख्यान का लक्ष्य क्या था? यह साफ है कि वह न तो पेरोस्त्रोईका था और ना ही यह कयास सही था कि आरएसएस में बदलाव आ रहा है।

सीधी सी बात यह है कि आरएसएस हिन्दू राष्ट्रवाद की राह पर चल रहा है। वह भले ही सैद्धांतिक तौर पर एम। एस। गोलवलकर के 'हिन्दू राष्ट्र के लिए तीन आंतरिक खतरों - मुसलमान, ईसाई और कम्युनिस्ट - वाले नजरिए को त्यागने की बात कह रहा हो, लेकिन हकीकत में वह उसी के अनुरूप काम कर रहा है। मुस्लिम समुदाय पिछले कई दशकों से भयभीत है और उसे हाशिए पर पटक दिए जाने का एहसास हो रहा है। यहां तक कि बुलंद आवाज में आरएसएस में बदलाव आने का दावा करने वाले सुधीन्द्र कुलकर्णी को भी मुसलमानों की दुर्दशा नजर आ रही थी। उन्होंने लिखा, "साम्प्रदायिक दंगों में मुसलमानों की हजारों करोड़ की संपत्ति नष्ट हो रही है इसके बावजूद इन मामलों में ठीक से एफआईआर तक दर्ज नहीं होती। इसके अलावा हिंसा, लूटपाट और दुष्कर्मों के ज्यादातर दोषियों के खिलाफ कोई कार्यवाही नहीं होती। इसके विपरीत, विरोध के अपने संवैधानिक अधिकारों का उपयोग करने वाले मुसलमानों को सख्त दंड भुगतना पड़ता है, पुलिस की गोलीबारी में जान गवांनी पड़ती है, बड़े पैमाने पर गिरफ्तार किया जाता है और सार्वजनिक संपत्ति की हानि की कीमत जुर्माने के रूप में चुकानी पड़ती है। कहां है इंसाफ?

जहां तक ईसाईयों की बात है, उन्हें ज्यादा नजर में न आने वाली हिंसा का सतत सामना करना पड़ता है क्योंकि यह कम तीव्र होती है और विभिन्न इलाकों में बिखरी हुई होती है। यह भी अत्यंत तेज गति से बढ़ रही है खासकर पिछले एक दशक के दौरान। एक बड़े ईसाई पंथ के प्रताड़ित नेता ने 2023 में कहा था, हर दिन गिरजाघरों और पॉस्टरों पर हमलों की चार या पांच घटनाएं होती हैं और हर रविवार को ये दोगुनी होकर दस के करीब हो जाती हैं - हमने ऐसा पहले कभी नहीं देखा। उनके अनुसार भारत में ईसाईयों को प्रताड़ित करने में प्रमुख भूमिका हिंदू उग्रपंथियों के संगठन संघ परिवार की है जिसमें प्रभावशाली अर्ध-सैन्य और रणनीतिक समूह आरएसएस, प्रमुख राजनैतिक दल भाजपा और हिंसक युवा संगठन बजरंग दल शामिल हैं।

जहाँ तक कम्युनिस्टों का सवाल है, हर मानवाधिकार कार्यकर्ता पर शहरी नक्सल का लेबल चस्पा किया जा रहा है। भीमा-कोरेगांव मामले में इनमें से कई को गिरफ्तार किया गया। अब महाराष्ट्र में महाराष्ट्र सरकार पीपल्स सिक्यूरिटी विधेयक पारित करने के तैयारी में हैं। इससे राज्य सरकार को उन सभी व्यक्तियों और संस्थाओं पर नजर रखने, उनकी जांच करने और उनके खिलाफ कार्यवाही करने के अधिकार मिल जाएंगे जिन पर यह संदेह है कि वे प्रतिबंधित माओवादी संगठनों को बौद्धिक या आर्थिक सहायता उपलध करवा रहे हैं या उन्हें काम करने के लिए सुविधाएँ मुहैया कर रहे हैं।

ये सारी नीतियां और कानून, यह सारी हिंसा उस दुष्प्रचार का नतीजा है जो संघ अपनी शाखाओं में करता है। संघ के अनुषांगिक संगठन में इसमें मदद करते हैं। तो फिर 2018 में व्याख्यान क्यों दिए गए। और अब 2025 में फिर व्याख्यानों की श्रृंखला क्यों आयोजित की रही है? आरएसएस का एजेंडा एकदम साफ है और पिछले कुछ दशकों में इसे लागू करने की प्रक्रिया में तेजी आई है।

दरअसल, ये व्याख्यान आरएसएस के एजेंडा के नकारात्मक नतीजों की कड़वी गोली पर शक्कर की परत चढाने का प्रयास है। चूँकि संघ एक प्रजातान्त्रिक व्यवस्था में काम कर रहा है (भले की यह व्यवस्था केवल नाम के लिए प्रजातान्त्रिक हो) इसलिए उसे यह दिखावा करना की पड़ेगा कि हिन्दू राष्ट्र की उसकी अवधारणा, प्रजातंत्र से असंगत नहीं है। सन 2018 के व्याख्यानों के बाद हुए घटनाक्रम से साफ है कि आरएसएस अपने मुखिया के माध्यम से जो कहता है, वह अमल करने के लिया नहीं होता। वह केवल संघ के आलोचकों को थोड़ी राहत देने के लिए होता है। यह भी हो सकता है कि अन्य पार्टियों के असंतुष्ट तत्वों को इन व्याख्यानों में आमंत्रित करने का उद्देश्य, ऑपरेशन कमल के नए संस्करण की तैयारी हो। शायद संघ अन्य पार्टियों के रुष्ट नेताओं को अपने शिविर में शामिल करना चाह रहा हो? जाहिर है कि हमें असलियत जानने के लिए कुछ समय इंतजार करना होगा।

**-राम पुनियानी**

# विदेशी बाजारों में मजबूती से घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सुधार

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह विदेशी बाजारों में तेल-तिलहन के भाव में मजबूती के कारण घरेलू बाजार में भी सरसों तेल, सोयाबीन तेल, कच्चा पामतेल (सीपीओ), पामोलीन और बिनौला तेल की कीमतों में सुधार दर्ज हुआ। हालांकि, सोयाबीन तिलहन के दाम में गिरावट आई क्योंकि सोयाबीन डी-आयल्ड केक (डीओसी) की स्थानीय मांग कमजोर रही। सोयाबीन तिलहन के दामों का सीधा संबंध डीओसी के बाजार से है, जो सोयाबीन से लगभग 82 प्रतिशत निकलता है। डीओसी के मजबूत दामों से सोयाबीन तिलहन को सहारा मिलता है, लेकिन ऊंचे दामों के कारण इसकी स्थानीय मांग कम बनी हुई है। विशेषज्ञों ने इसके लिए स्थानीय बाजार के विकास की जरूरत बताई है। मिलावटी बिनौला खल की समस्या ने भी तेल-तिलहन कारोबार को प्रभावित किया है। इससे किसानों को शुद्ध बिनौला खल के लिए उचित दाम नहीं मिल पा रहे हैं, जो कपास उत्पादन पर भी असर डाल सकता है। इस समस्या को लेकर संसद में भी रोक लगाने की मांग उठी है। सरकार ने खाद्य तेलों के आयात शुल्क में बढ़ोतरी की है, जिससे कच्चा पामतेल के लिए 20 रुपये और सोयाबीन डीगम के लिए 30 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ाए गए हैं। इससे आयातित तेलों की कीमतों में वृद्धि हुई और घरेलू तेलों की कीमतों को मजबूती मिली। मूंगफली तेल-तिलहन के दाम स्थिर रहे, जबकि कमजोर आवक के कारण बिनौला तेल के दामों में सुधार देखा गया। सरसों दाने का थोक भाव 100 रुपये बढ़कर 7,275-7,325 रुपये प्रति क्विंटल पर बंद हुआ। सीपीओ तेल के दाम में 420 रुपये और पामोलीन तेल में 400-500 रुपये की बढ़ोतरी दर्ज की गई। कुल मिलाकर, विदेशी बाजारों की मजबूती और सरकारी नीतियों के कारण घरेलू तेल-तिलहन बाजार में सुधार का रुख जारी है।

# चीन से मैग्नेट सप्लाई में रुकावट

**मुंबई।** भारत की इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर निर्माता कंपनियों ने चीन से हैवी रेयर अर्थ मैग्नेट की सप्लाई में आई कमी से निपटने के लिए वैकल्पिक समाधान खोजने शुरू कर दिए हैं। फेस्टिव सीजन को ध्यान में रखते हुए कंपनियां उत्पादन बनाए रखने के लिए तेजी से कदम उठा रही हैं। पहले यह आशंका जताई जा रही थी कि अगस्त में उत्पादन बाधित हो सकता है, लेकिन अब कंपनियों ने विकल्प तैयार कर लिए हैं। बजाज ऑटो ने चीन से लाइट रेयर अर्थ मैग्नेट, जिन्हें हैवी रेयर अर्थ-फ्री मैग्नेट भी कहा जाता है, आयात किए हैं। इनका परीक्षण ऑटोमोटिव रिसर्च एसोसिएशन ऑफ इंडिया में चल रहा है। परीक्षण सफल रहने पर बजाज इन मैग्नेट्स को बड़ी मात्रा में मंगाकर अपने मोटर सब-असेंबली में इस्तेमाल करेगी। इन मैग्नेट्स की खासियत यह है कि इन्हें उपयोग करने पर कंपनी को घरेलू मूल्यवर्धन में कोई छूट नहीं लेनी पड़ेगी। एथर एनर्जी भी इसी दिशा में काम कर रही है। कंपनी खुद लाइट रेयर अर्थ मैग्नेट्स की टेस्टिंग कर रही है और साल की आखिरी तिमाही में एआरएआई से मंजूरी लेने की योजना है। टीवीएस मोटर कंपनी के सीईओ ने बताया कि उनकी कंपनी कई विकल्पों पर काम कर रही है, जैसे फेराइट आधारित मैग्नेट, हैवी रेयर अर्थ-फ्री मैग्नेट और बिना मैग्नेट वाली मोटर टेक्नोलॉजी। साथ ही, कंपनी विभिन्न देशों से सप्लाई सुनिश्चित करने की भी कोशिश कर रही है। यह पहल भारतीय ईवी इंडस्ट्री को चीन पर निर्भरता कम करने और तकनीकी आत्मनिर्भरता की दिशा में ले जा रही है।

# सेंसेक्स की पांच कंपनियों का मार्केट कैप 60,675.94 करोड़ बढ़ा

नई दिल्ली। पिछले सप्ताह शेयर बाजार में तेजी के चलते सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से पांच के बाजार पूंजीकरण में कुल 60,675.94 करोड़ की बढ़ोतरी दर्ज की गई। इस दौरान भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) और एचडीएफसी बैंक को सबसे अधिक लाभ हुआ। सप्ताह के दौरान सेंसेक्स 739.87 अंक बढ़ा, जबकि निफ्टी में 268 अंक की वृद्धि हुई। बाजार में छुट्टियों के कारण कारोबार के सत्र कम थे, फिर भी निवेशकों का भरोसा बना रहा। एचबीआई का बाजार पूंजीकरण 20,445.82 करोड़ बढ़कर 7,63,095.16 करोड़ हो गया, जो इस सप्ताह की सबसे बड़ी बढ़त रही। एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 14,083.51 करोड़ बढ़कर 15,28,387.09 करोड़ हो गई। इसके अलावा इन्फोसिस का मार्केट कैप 9,887.17 करोड़ बढ़ा और यह 6,01,310.19 करोड़ पर पहुंच गया। भारती एयरटेल और रिलायंस इंडस्ट्रीज ने भी क्रमश: 8,410.60 करोड़ और 7,848.84 करोड़ की बढ़त दर्ज की। इसके विपरीत, एलआईसी को सबसे अधिक नुकसान हुआ। उसका बाजार मूल्यांकन 15,306.50 करोड़ घटकर 5,61,881.17 करोड़ रह गया। बजाज फाइनेंस, आईसीआईसीआई बैंक, टीसीएच और हिंदुस्तान यूनिलीवर को भी घाटा हुआ। मार्केट कैप के आधार पर शीर्ष कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर बनी रही, इसके बाद एचडीएफसी बैंक, टीसीएच, भारती एयरटेल और आईसीआईसीआई बैंक का स्थान रहा। इस सप्ताह के सकारात्मक संकेत निवेशकों के लिए उत्साहजनक रहे, विशेषकर बैंकिंग और आईटी क्षेत्र में।

# आईओसी इस्तेमाल किए गए खाना पकाने के तेल से बना रहा विमानन ईंधन

नई दिल्ली। इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन (आईओसी) की पानीपत रिफाइनरी ने इस्तेमाल किए गए खाना पकाने के तेल से टिकाऊ विमानन ईंधन (एसएएफ) बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय आईएससीसी कोरसिया प्रमाणन प्राप्त कर लिया है। यह भारत में पहली बार किसी कंपनी ने ऐसा प्रमाणन हासिल किया है। सेफ पारंपरिक जेट ईंधन में 50 फीसदी तक मिलाया जा सकता है, जिससे विमानन क्षेत्र के कार्बन उत्सर्जन में कमी आएगी। भारत ने 2027 से अंतरराष्ट्रीय एयरलाइंस के लिए जेट ईंधन में कम से कम 1 फीसदी सेफ अनिवार्य कर दिया है। आईओसी पानीपत रिफाइनरी सालाना 35,000 टन सेफ का उत्पादन करेगी। यह ईंधन मुख्यत: बड़े होटल और रेस्तरां से एकत्रित इस्तेमाल किए हुए तेल से बनेगा। इसके अलावा, कंपनी गुजरात की कोयाली रिफाइनरी में ब्यूटाइल एक्रिलेट उत्पादन के लिए भी बड़ा संयंत्र स्थापित कर रही है और हरित हाइड्रोजन उत्पादन पर भी काम कर रही है। यह कदम पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण साबित होगा।

# आज का राशिफल



**मेष**- आज का दिन आपके लिए मिश्रित रूप से फलदायक रहने वाला है। आपको अपने परिवार के सदस्यों का पूरा साथ मिलेगा। सांसारिक सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी। आपको कोई पुरस्कार मिलने से आपका मन काफी खुश रहेगा। आपका कोई पुराना लेनदेन चुकता होगा, जिसे लेकर आपको लंबे समय से टेंशन बनी हुई थी। संतान के मन में चल रही उलझनों को दूर करने की पूरी कोशिश करेंगे। आपको तेज गति के वाहनों के प्रयोग से थोड़ा सावधान रहना होगा।

**वृषभ**- आज का दिन आपके लिए आय में वृद्धि लेकर आने वाला है। आपके धन आगमन के रास्ते खोलेंगे, जो आपको खुशी देंगे और आपको अपने कामों को लेकर जल्दबाजी दिखाने से बचना होगा। आपका कोई लंबे समय से रुका हुआ काम पूरा हो सकता है। आप यदि किसी से कोई बात बोले, तो बहुत ही सोच समझकर बोले, नहीं तो उन्हें आपकी बात बुरी लग सकती है। आपका कोई पुराना प्यार वापस आ सकता है, जिससे आपके रिश्तों में कोई कड़वाहट खड़ी हो सकती है।

**मिथुन**- आज आप अपने मीठे स्वभाव से लोगों को अपनी ओर आकर्षण करने में कामयाब रहेंगे। राजनीति में कार्यरत लोगों की उनके कामों से एक नई पहचान मिलेगी। आपके बॉस आपको कोई बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। आपको कोई चोट-चपेट आदि लग सकती है, इसलिए आपको थोड़ा एतियात बरतनी होगी। परिवार में किसी सदस्य के विवाह को लेकर आप अपने किसी परिजन से बातचीत कर सकते हैं। आप किसी काम को लेकर जल्दबाजी न दिखाएं।

**कर्क**- आज आपकी निर्णय लेने की क्षमता बेहतर रहेगी, लेकिन प्रेम जीवन जी रहे लोगों को भावनाओं में बेहतर कोई काम करने से बचना होगा। आप अपने पर्सनालिटी पर पूरा ध्यान देंगे, जिसके लिए आप खर्चा भी करेंगे। आपका कोई पारिवारिक मुद्दा आपको टेंशन दे सकता है। माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा। आपके रिश्ते में एक नयापन आएगा। आपको शेयर मार्केट आदि में इन्वेस्टमेंट थोड़ा सोच समझकर करना होगा, इसलिए कोई जोखिम न लें।

**सिंह**- आज का दिन आपके लिए इनकम को बढ़ाने वाला रहेगा। आपके मन में प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी। संतान को किसी नई नौकरी की प्राप्ति होने से आपका मन काफी खुश रहेगा और आपके सहयोगी भी आपके कामो में पूरा साथ देंगे। आप परिवार के सदस्यों को लेकर कहीं पिकनिक आदि पर जाने की योजना बना सकते हैं। आपको किसी दूर रह रहे परिजन की याद सता सकती है। आपको अपनी क्रिएटिविटी से लोगों को हैरान करेंगे।

**कन्या**- आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। आपको अपने खर्चों को भी थोड़ा कंट्रोल करके चलना होगा। आपके घर किसी अतिथि का आगमन हो सकता है। आप अपने आस पड़ोस में किसी बात विवाद में ना उलझें, तो आपके लिए बेहतर रहेगा। भगवान की भक्ति में आपका खूब मन लगेगा। आपका कोई कानूनी मामला यदि आपको समस्या दे रहा था, तो उसमें आपको विजय प्राप्त होगी और बॉस को आपके दिए गए सुझाव खूब पसंद आएंगे, जिससे आपकी वाहवाही होगी।

**तुला**- आज आपको अपनी दिनचर्या को बेहतर बनाए रखना होगा। भाग्य का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। आप धार्मिक कार्यों में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। किसी कानूनी मामले को लेकर आपको कोर्ट-कचहरी के चक्कर काटने पड़ सकते हैं। आपकी सेहत को लेकर भी आप थोड़ा सतर्क रहें, क्योंकि आपकी छोटी-छोटी समस्याएं जो लंबे समय से चली आ रही थी, वह बढ़ सकती है।

**वृश्चिक**- आज आपको किसी विपरीत परिस्थिति में धैर्य बनाए रखना होगा। यदि आपको किसी काम को लेकर कोई संशय चल रहा है, तो आप किसी अनुभवी व्यक्ति से बातचीत अवश्य करें। जीवनसाथी के साथ आप छोटी-छोटी बातों पर ना झगड़ा करेंगे, इससे आपके आपसी रिश्ते में कड़वाहट उत्पन्न होगी। आपकी माताजी आपसे किसी बात को लेकर नाराज हो सकती हैं।

**धनु**- आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। नौकरी में कार्यरत लोगों की स्थिति पहले से बेहतर रहेगी, उनके बॉस का पूरा समर्थन मिलेगा। परिवार में किसी सदस्य के विवाह की बात पक्की होने से माहौल खुशनुमा रहेगा और किसी धार्मिक कार्यक्रम का आयोजन हो सकता है। आपका बिजनेस में भी रुकी हुई योजनाएं बेहतर लाभ देगी। आपको अपनी सेहत को लेकर थोड़ा एतियात बरतनी होगी। आपको किसी सहयोगी की कोई बात बुरी लग सकती है।

**मकर**- आज का दिन आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। आप अपने शत्रुओं को भी आसानी से मात देने में कामयाब रहेंगे। आप अपने व्यवहार से लोगों का दिल जीतेंगे, जिससे आपके मित्रों की संख्या में भी इजाफा होगा। राजनीति मे कार्यरत लोगों को किसी नए पद के मिलने से खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा।

**कुंभ**- आज का दिन विद्यार्थियों के लिए बढ़िया रहने वाला है। आप अपने जीवनसाथी को लेकर कहीं घूमाने-फिराने जा सकते हैं। आप दोनों के बीच प्रेम और गहरा होगा। आप वाहनों का प्रयोग थोड़ा सावधान रहकर करें और परिवार में वरिष्ठ सदस्य यदि आपको काम को लेकर कोई सलाह दे, तो उस पर अमल अवश्य करें। नौकरी को लेकर यदि कोई टेंशन थी, तो वह भी दूर होती दिख रही है।

**मीन**- आज का दिन आपके लिए किसी नए मकान दुकान आदि की खरीदारी के लिए बेहतर रहेगा। आपको एक के बाद एक खुशखबरी सुनने को मिलेगी। आपकी सुख-सुविधाओं में भी वृद्धि होगी। आपको रुका हुआ धन आपको मिलने से आपकी आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी, जिससे आप खुल खर्च करेंगे, लेकिन आप बाहर के खाने पीने पर ज्यादा ध्यान देंगे, जो आपकी पेट संबंधित समस्याओं को बढ़ा सकती है।

## शब्दजाल - 7993

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | अ | मु | न | सी | ब | आ | ज | ग | ल | ट |
| रा | वि | ली | प्रे | दि | ला | व | र | ज | कां | ड़ |
| न्यौ | छा | व | र | दी | छ | मि | आ | ब | वृ | ता |
| इं | नौ | ब | न | बा | वा | स | थु | ल | ष | क |
| डि | आ | मु | नी | श्व | र | न | न | न | भ | त |
| या | ल | मा | र | रा | क | ली | ट | ण | घ | व |
| द | स | न | न | ट्रे | जो | रा | व | र | व | र |
| क | रो | ऊ | ई | स | ब | क | र | चो | श | क |
| रा | व | तु | ला | रा | रो | ते | या | औ | र | आ |
| क | र | ल | प | लि | जी | व | भ | म | प | द |
| क | ड | क | अ | धी | श्व | र | र | ब | त | म |

*शब्द जाल में ऐसे 10 शब्द ढूंढिए जिनके पीछे 'वर' शब्द लगा हो. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे भी हैं.*

दिलावर, सरोवर, जोरावर, नटवर, तेवर, अधीश्वर, मुनीश्वर, न्यौछावर, ताकतवर, मानसरोवर,

### शब्दजाल - 7992 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | खी | रे | दा | र | रि | सि | या | र | ट |
| दा | वि | ल | ग | व | जी | ग | द | इ | ह | ली |
| गि | स | शे | ज | ग | न्ना | थ | ता | गा | क | क |
| री | ज | र | दो | पु | ज | न | म | न | त | ज |
| क | ग | ग | भा | लू | लं | ग | म | ग | व | न |
| जी | द | ल | जा | य | ज | पू | ना | हि | र | नी |
| ती | गु | म | ड़ी | हि | प | र | श | र | र | ल |
| क | रु | ल्जा | ई | धा | र | क | ज | ल | न | ण |
| ने | बा | म | न्न | ब्रा | ह | त्या | री | श | प | क |
| ज | ग | त | प | व | ज | ग | दा | चा | र्य | त |
| क | दु | ल्हे | रा | नी | ल | ज | ग | ख्या | त | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 6937

**ऊपर से नीचे:-**

१. नसीरुद्दीनशाह, जैकीश्रॉफ, नगमा की फिल्म-२
२. करणनाथ, मनीषा नतान्यासिंह की 'क्यूं मेरा दिल' गीत वाली फिल्म-२
३. अमिताभ, वहीदा, जीनत की फिल्म-३
४. ऋषिकपूर, श्रीदेवी की 'बदली है ना बदलेगी' गीत वाली फिल्म-४
५. देवानंद, मधुबाला की फिल्म-३
६. 'बनाकेक्यूं बिगाड़ा रे' गीत वाली फिल्म-३
९. अमिताभ, संजयदत्त, अक्षयखन्ना, अमृता राव की फिल्म-३
११. 'यारा ओ यारा' गीत वाली फिल्म-२
१२. 'खाई है रे हमने' गीत वाली राजेंद्र, शर्मिला की फिल्म-३
१३. फिल्म 'सपने साजन के' की नायिका-३
१४. राजकपूर, दिलीपकुमार, नर्गिस की 'झूम झूम के नाचो आज' गीत वाली फिल्म-३
१६. 'हैलो हैलो बोल के' गीत वाली फिल्म-३
१८. सनी देओल, सुष्मिता सेन की 'मैं अपना नाम भूला' गीत वाली फिल्म-२
२१. 'मेरे तो गिरधर गोपाल' गीत वाली फिल्म-२
२२. मनोजकुमार, साधना की फिल्म-४
२३. 'जो उनकी तमन्ना है' गीत वाली फिल्म-४
२४. राजकपूर, नर्गिस की फिल्म-२
२६. 'सुना था देखा ना था' गीत वाली आफताब, उर्मिला की फिल्म-२
२७. अमिताभ, रितिक, प्रीति की फिल्म-२
२८. 'फूलों से जो खुशबू आए' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. सैफअली खान, रानी मुखर्जी की 'सांसों को सांसों में ढलने दो' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'रंग भरे मौसम से रंग चुराके' गीत वाली जैकी श्रॉफ, जूही चावला की फिल्म-३
७. गोविंदा, मनीषा की 'ठहरो तो सही सोचो तो जरा' गीत वाली फिल्म-४
८. 'संडे की रात थी' गीत वाली गोविंदा, रवीना की फिल्म-३
१०. ऋषिकपूर, शाहरुख, दिव्या भारती की 'तेरी उम्मीद तेरा इंतजार' गीत वाली फिल्म-३
११. फिल्म 'मनोरंजन' में शम्मीकपूर के साथ नायिका कौन थी-३
१४. सलमान, सोमी की 'दिल मेरा यहां' गीत वाली फिल्म-२
१५. 'कब के बिछड़े हुए' गीत वाली अमिताभ, जीनत अमान की फिल्म-४
१७. अमजद खान, बिंदिया गोस्वामी की 'दिल के टुकड़े टुकड़े' गीत वाली फिल्म-२
१८. 'मेरे खयालों की मलिका' गीत वाली शाहरुख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या, प्रिया की फिल्म-२
१९. सुनील शेट्टी, रंभा की 'कहां गये ममता' गीत वाली फिल्म-२
२०. 'तुम भी चलो' गीत वाली अमिताभ, विनोद खन्ना, सायरा बानो की फिल्म-३
२५. अमिताभ, अरशद वारसी, करिश्मा, विजय शांति की फिल्म-४
२६. 'ये दपनियावाले' गीत वाली देवानंद, आशा पारेख की फिल्म-३
२९. धर्मेन्द्र हेमा की 'दुनिया जब' गीत वाली फिल्म-२
३०. अक्षयकुमार, सुनील शेट्टी, करिश्मा, सोनाली की फिल्म-३

### फिल्म वर्ग पहेली- 6936

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दी | वा | ने | | फू | ल | औ | र | कां | टे |
| वा | | हा | सि | ल | | जा | | टे | |
| र | न | | फ़ | | शे | र | नी | | झु |
| | सी | | तु | म | | | य | ती | म |
| श | ब | न | म | | स | पू | त | | रू |
| त | | गिं | | जू | | र्णि | | तू | |
| र | | स | हे | ली | | मा | ई | ल | व |
| ज | या | | रा | | ज | | मा | | र |
| | रा | ज | म | ह | ल | | न | | दा |
| ली | ना | | | म | वा | ली | | डॉ | न |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8461

**बाएँ से दाएँ**

1. रमण योग्य-4
4. साल, वर्ष-3
6. बांया-2
7. राय, वोट-2
9. तकरार, कहासुनी-4
11. अंधकार, अंधेरा-3
12. सरल, आसान-3
13. चील, ईगल-2
14. देवदास की प्रेमिका-2
15. सूली, क्रूस-3
17. कारण-3
19. मन को हरने वाला-4
21. कार्य, काज-2
23. बाण, तीर-2
24. दबाना, कुचलना-3
25. हाथी चलाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. परंपरा, रीति-रिवाज-4
2. संस्कृत में 'मेरा'-2
3. भरोसा, विश्वास-3
4. दीदी, भगिनी-3
5. समान, एक जैसा-2
8. अंधेरा, अंधकार-3
9. बोरिया बिस्तर-4
10. रिहा-2
12. तालाब, जलाशय-4
15. तमीज, शिष्टता-3
16. मछली, एक राशि-2
18. ज्वरताप-4
19. चिंतन, विचार-3
20. रनिवास (उर्दू-3)
22. नशा, अभिमान-2
23. पार्थिव देह, लाश-2

### शब्द पहेली -8460 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गी | ला | | गा | य | क | | दी | प |
| ति | | बा | ल | | चा | बी | | व |
| का | ज | ल | | भा | | ना | खू | न |
| | ल | | बा | व | न | | न | |
| स | म | त | ल | | ख | ट | ख | ट |
| | ह | | क | रा | रा | | रा | |
| प | ल | क | | वी | | शा | बा | श |
| र | | ला | ल | | आ | प | | ह |
| ख | त | | ता | जु | ब | | ती | र |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**18 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | सिंह में | सिंह | 05.32 बजे से |
| चंद्र | वृष में | कन्या | 07.48 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 09.59 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.13 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 14.29 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 16.35 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.21 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 19.54 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.24 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 23.04 बजे से |
| 7.30 से 9.00 बजे तक | | मिथुन | 01.03 बजे से |
| | | कर्क | 03.16 बजे से |

**सोमवार** 2025 वर्ष का 230 वा दिन **दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** दशमी 17.23 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** मृगशीर्ष 02.06 बजे को रात्र समाप्त। **योग** हर्षण 23.00 बजे को समाप्त। **करण** वणिज 06.23 बजे, विष्टि 17.23 बजे तदनन्तर बव 04.26 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 13° 05' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872440 **जूलियन दिन** 2460905.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| अमृत | 05.53 से | 07.22 बजे तक | चर | 05.43 से | 07.14 बजे तक |
| काल | 07.22 से | 08.50 बजे तक | रोग | 07.14 से | 08.45 बजे तक |
| शुभ | 08.50 से | 10.19 बजे तक | काल | 08.45 से | 10.17 बजे तक |
| रोग | 10.19 से | 11.48 बजे तक | लाभ | 10.17 से | 11.48 बजे तक |
| उद्वेग | 11.48 से | 01.17 बजे तक | उद्वेग | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| चर | 01.17 से | 02.45 बजे तक | शुभ | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| लाभ | 02.45 से | 04.14 बजे तक | अमृत | 02.51 से | 04.2 बजे तक |
| अमृत | 04.14 से | 05.43 बजे तक | चर | 04.22 से | 05.53 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: सच्चा कर्मयोगी

एक बार सेवाग्राम में गांधीजी से एक कार्यकर्ता ने पूछा, 'आप के जीवन पर किस व्यक्ति का प्रभाव सबसे अधिक पड़ा?' गांधीजी ने कहा, 'भाई रायचन्द्र, टाल्स्टाय और रस्किन से मैं बहुत प्रभावित हुआ हूं, मगर मेरे ऊपर सबसे ज्यादा प्रभाव भाई रायचन्द्र का ही पड़ा है।' कार्यकर्ता ने पूछा, 'वह कैसे?' गांधीजी ने कहा, 'भाई रायचन्द्र का बहुत बड़ा व्यापार था। वह हीरे मोती की परख करते थे और लाखों का कारोबार करते थे।' कार्यकर्ता ने गांधीजी को आश्चर्य से देखा। उसे यह बात थोड़ी अटपटी लग रही थी कि गांधीजी आखिर एक व्यापारी से क्यों प्रभावित हुए। गांधीजी ने उसकी मनोदशा को भांपकर कहा, 'लेकिन वह साधारण कारोबारी नहीं थे। वह एक संत थे। उनकी गद्दी पर कोई और चीज हो या न हो, कोई धार्मिक पुस्तक अवश्य रखी होती थी। बगल में वह एक डायरी भी रखते थे। जब भी उन्हें फुरसत मिलती, वह पढ़ने लगते। पुस्तक में मन को छूने वाली कोई बात होती तो वह उसे डायरी में नोट कर लेते। जो व्यक्ति लाखों की लेन- देन की बात करके फौरन ज्ञान की पुस्तक पढ़ने लगे और आत्मज्ञान की बात लिखने लगे, वह व्यापारी नहीं बल्कि शुद्ध ज्ञानी कहा जाएगा। मेरे साथ उनका कोई स्वार्थ नहीं था। मगर जब भी मैं उनकी दुकान पर पहुंचता, वह धर्म चर्चा शुरू कर देते थे। उस समय मुझे धर्म चर्चा में रुचि नहीं थी फिर भी मैं भाई रायचन्द्र की बातों को ध्यान से सुनता था। इसके बाद मैं कई संत-महात्माओं से मिला, मगर किसी ने मुझे इतना प्रभावित नहीं किया। मुझसे लोग पूछते हैं कि आखिर रायचन्द्र में क्या खास बात है जिससे मैं इतना प्रभावित हुआ। मुझे उनके कर्मयोग ने प्रभावित किया। आम धारणा यह है कि एक काम करते हुए दूसरा काम करना कठिन है। मगर रायचन्द्र को देख कर लगा कि मनुष्य सांसारिक जीवन जीते हुए भी संत और ज्ञानी हो सकता है। इसी कारण मुझे रायचन्द्र सच्चे कर्मयोगी नजर आए।'

## सूडोकु नवताल- 7246

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 9 | | | 5 | | | | 4 |
| 4 | | | 2 | | 7 | | 8 | |
| | 1 | 6 | | 8 | | | | 3 |
| 8 | | 5 | | 9 | | | | 7 |
| 3 | 6 | | | 2 | | | 1 | 9 |
| 1 | | | | 3 | | 5 | | 2 |
| 5 | | | | 7 | | 6 | 3 | |
| | 3 | | 1 | | 8 | | | 5 |
| 9 | | | | 6 | | | 2 | 1 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल -7245 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 8 | 1 | 6 | 9 | 4 | 2 | 5 | 3 |
| 2 | 6 | 4 | 5 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 2 | 7 | 4 | 6 | 8 |
| 9 | 5 | 8 | 7 | 4 | 1 | 3 | 2 | 6 |
| 1 | 2 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 7 | 6 | 3 | 8 | 2 | 9 | 1 | 5 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 6 | 5 | 8 | 4 | 1 |
| 6 | 4 | 2 | 8 | 1 | 9 | 5 | 3 | 7 |
| 8 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 6 | 9 | 2 |

# जीएसटी सुधार और वैश्विक संकेत तय करेंगे बाजार की दिशा

मुंबई। घरेलू शेयर बाजारों में पिछले सप्ताह देखी गई तेजी के बाद इस सप्ताह में निवेशकों की निगाहें मुख्य रूप से केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तावित जीएसटी सुधारों और वैश्विक आर्थिक संकेतों पर टिकी रहेंगी। अनुमान है कि सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कुछ अहम बदलावों की घोषणा कर सकती है, जिससे बाजार में सकारात्मक माहौल बन सकता है। वित्त मंत्रालय द्वारा जीएसटी प्रणाली को और अधिक पारदर्शी और सरल बनाने की दिशा में बड़े कदम उठाए जा सकते हैं। इससे व्यापारियों और कंपनियों को कर अनुपालन में राहत मिलने की संभावना है। विशेष रूप से उपभोक्ता वस्तुओं, ऑटोमोबाइल, और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों को इसका सीधा लाभ मिल सकता है। हालांकि, निवेशक सुधारों की प्रकृति और विस्तार से जानकारी मिलने तक सतर्क रुख अपना सकते हैं। यदि सुधार व्यावहारिक और दूरगामी हुए, तो बाजार में और तेजी देखने को मिल सकती है। इसी बीच वैश्विक कारक भी बाजार की चाल को प्रभावित करेंगे। अमेरिका और चीन की आर्थिक स्थिति, फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव, और डॉलर-रुपया विनिमय दर जैसे कारक निवेशकों की रणनीति को प्रभावित कर सकते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यह सप्ताह बाजार के लिए निर्णायक हो सकता है। निवेशकों को सतर्क रहकर निर्णय लेने की सलाह दी जा रही है, खासकर तब जब घरेलू नीति और वैश्विक घटनाएँ दोनों ही मोर्चों पर हलचल तेज है।




# एथनॉल मिश्रित पेट्रोल से माइलेज और तकनीकी समस्याएं, विशेषज्ञ चिंतित

नई दिल्ली। भारत में वाहनों के लिए 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रित पेट्रोल (ई20) के उपयोग को लेकर माइलेज और तकनीकी समस्याओं पर बहस तेज हो गई है। सोशल मीडिया पर कई वाहन मालिकों ने शिकायत की है कि इस ईंधन के कारण उनके वाहनों की माइलेज में करीब 7 फीसदी तक की गिरावट आई है। साथ ही, कुछ लोगों ने इंजन के रबड़ और धातु के कलपुर्जों के जल्दी खराब होने की आशंका भी जताई है। विशेषज्ञों का मानना है कि एथनॉल की हाइग्रोस्कोपिक प्रकृति यानी नमी को सोखने की क्षमता इसका प्रमुख कारण है। ऑल इंडिया पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन ने बताया कि अगर पेट्रोल पंप के भूमिगत टैंक में पानी चला जाए, तो एथनॉल उससे घुलकर ईंधन की गुणवत्ता को प्रभावित कर सकता है। इससेह्र वाहन की परफॉर्मेंस पर असर पड़ सकता है। पेट्रोलियम मंत्रालय ने इन चिंताओं को खारिज करते हुए कहा कि ई20 का उद्देश्य प्रदूषण कम करना, किसानों की आय बढ़ाना और आयात पर निर्भरता घटाना है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने भी माना कि ई20 से माइलेज में थोड़ा अंतर हो सकता है, लेकिन इसे स्वच्छ और स्वदेशी ऊर्जा के लिए जरूरी कदम बताया।




# 1 अक्टूबर से यूपीआई पर आम यूजर्स के लिए कलेक्ट रिक्वेस्ट बंद

नई दिल्ली। भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने ऑनलाइन ठगी रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है। राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) ने 1 अक्टूबर, 2025 से यूपीआई पर आम यूजर्स के लिए पीयर-टू-पीयर कलेक्ट रिक्वेस्ट बंद करने का फैसला किया है। कलेक्ट रिक्वेस्ट एक ऐसा फीचर था जिससे कोई भी यूजर अपने दोस्त या रिश्तेदार से पैसे मांग सकता था। उदाहरण के तौर पर अगर किसी दोस्त को 500 वापस लेने होते थे तो वह यूपीआई ऐप के जरिए कलेक्ट रिक्वेस्ट भेजता था और जैसे ही पैसा मांगा गया व्यक्ति अपने पिन से उसे मंजूरी देता, पैसा उसके खाते में ट्रांसफर हो जाता था। हालांकि, इस सुविधा का गलत फायदा उठाकर धोखेबाज लॉटरी, कैशबैक, या नौकरी के बहाने फोन कर यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट भेजकर फ्रॉड करते थे। वे कहते थे कि आपके खाते में पैसा आने वाला है, बस रिक्वेस्ट अप्रूव कर दें। जैसे ही पीड़ित अपना यूपीआई पिन डालता, उसके खाते से पैसा धोखेबाजों के खाते में चला जाता था। एनपीसीआई ने इस धोखाधड़ी को रोकने के लिए आम यूजर्स के लिए कलेक्ट रिक्वेस्ट बंद करने का कदम उठाया है। इसका मतलब है कि अब एक आम व्यक्ति दूसरे आम व्यक्ति से यूपीआई कलेक्ट रिक्वेस्ट के जरिए पैसे नहीं मांग पाएगा। इस बदलाव का रोजमर्रा के यूपीआई पेमेंट पर कोई असर नहीं पड़ेगा। दुकानें, कंपनियां और वेरिफाइड व्यवसाय अभी भी कलेक्ट रिक्वेस्ट भेज सकेंगे। यूजर्स क्यूआर कोड, मोबाइल नंबर या यूपीआई आईडी के जरिए पेमेंट करना जारी रख सकते हैं। इस कदम से आम यूजर्स के पैसे पहले से ज्यादा सुरक्षित हो जाएंगे और गलती से फ्रॉड रिक्वेस्ट को अप्रूव करने का डर खत्म होगा। यूपीआई पर यह बदलाव सुरक्षा बढ़ाने के लिए अहम कदम माना जा रहा है।



# शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेला में उत्साहपूर्वक मनाया गया स्वतंत्रता दिवस और जन्माष्टमी पर्व






लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बहेला में 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस और 16 अगस्त को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन बड़े उत्साह के साथ किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह- 15 अगस्त को प्रातः 7:30 बजे प्राचार्य गणेश फरदे ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बहेला की सरपंच श्रीमती सुनीता चौरागड़े, पंचगण और गांव के प्रबुद्ध नागरिक उपस्थित रहे। ध्वजारोहण के बाद छात्रों ने रैली निकालकर ग्राम भ्रमण किया। प्रातः 9 बजे स्कूल प्रांगण में बाल सभा आयोजित हुई, जिसमें लगभग 20 छात्रों ने स्वतंत्रता दिवस पर गीत, भाषण और नृत्य प्रस्तुत किए। सत्र 2024-25 में कक्षा 10वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्रों युक्ता फरदे, दिव्या गेडाम, राज मस्करे, नैना दशहरे, गरिमा लिल्हारे, जतिन पिछोरे, गुंजन उके, शालिनी कटरे, आस्था ढेकवारे, वैष्णवी लांडे, साधना मस्करे और रेवती टांडेकर को पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही, कक्षा 12वीं के स्कूटी पुरस्कार प्राप्तकर्ता रविकुमार नगपुरे और तनिक्षा लिल्हारे को भी सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती सुनीता चौरागड़े और अन्य अतिथियों ने स्वतंत्रता दिवस पर अपने विचार साझा किए। प्राचार्य ने सभी अतिथियों, छात्रों और नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुखदेव रहांगडाले, डाली राम उपराडे और उत्तम गेडाम ने किया। समापन पर मिठाई और कक्षा 1 से 8 तक के छात्रों के लिए विशेष मध्याह्न भोजन वितरित किया गया। जन्माष्टमी उत्सव- 16 अगस्त को प्रातः 9 बजे स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि पीटीए अध्यक्ष रमेश कुमार कुराहे, पुनाराम पिछोरे और अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्राचार्य गणेश फरदे और अतिथियों ने भगवान श्रीकृष्ण के चित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलन और आरती की। छात्रों ने श्रीकृष्ण की झांकियां और नृत्य प्रस्तुत किए, जिसमें कक्षा 1 से 12 तक के छात्र शामिल थे। शिक्षक सुमंत कुमार कार्तिकेय, सुखदेव रहांगडाले और डाली राम उपराडे ने भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर प्रकाश डाला। सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं कार्यक्रम में उपस्थित रहीं।

# साकेत पब्लिक स्कूल, लांजी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। साकेत पब्लिक स्कूल, लांजी में 15 अगस्त को 79वें स्वतंत्रता दिवस का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। समारोह की शुरुआत मां भारती, मां सरस्वती, राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और डॉ. बी.आर. अंबेडकर के चित्रों पर संस्था के संचालक संतोष मोरघड़े, प्राचार्य महेंद्र कुमार दुरुगकर, और प्रधानपाठक श्रीमती नेत्रेश्वरी डॉ. किशोर सोनवाने द्वारा दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद राष्ट्रीय ध्वज की पूजा-अर्चना की गई, और संरक्षक दामोदर मारेघड़े ने ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात एनसीसी कैडेट्स ने प्रभात फेरी निकाली और सुभाष चौक पर सामूहिक ध्वजारोहण कर राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। समारोह के अंत में संतोष मोरघड़े ने स्वतंत्रता दिवस के महत्व और स्वच्छता के प्रति जागरूकता पर अपने विचार व्यक्त किए। श्रीमती नेत्रेश्वरी डॉ. किशोर सोनवाने ने आभार प्रकट कर कार्यक्रम के समापन की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका श्रीमती भुनेश्वरी गव्हारे, शिक्षक सत्येंद्र मुरकुटे और प्रदीप रामटेके ने किया। इस अवसर पर शिक्षकगण कोमलप्रसाद ठाकरे, निर्मलसिंह सोलंकी, थानेश बनोठे, धर्मेंद्र दुरुगकर, हेमंत महोबिया, एनसीसी अधिकारी संदीप कुमार रामटेक्कर, शिक्षिकाएं श्रीमती विनिता मोरघड़े, श्रीमती मंजू कश्यप, श्रीमती ज्योति परिहार, श्रीमती मुक्ता सोमनकर, श्रीमती लता मुरकुटे, श्रीमती अनिता दहीकर, श्रीमती लक्ष्मी मोरघड़े, श्रीमती पायल भंडारकर, श्रीमती प्रीति बिंझलेकर, श्रीमती सुरभी लटारे, कु. शारदा किरनापुरे, सुश्री प्रगति यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।



# वीरांगना रानी अवंती बाई विद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया

लांजी (पद्मेश न्यूज)। नगर के वीरांगना रानी अवंती बाई विद्यालय में 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह धूमधाम से मनाया गया। सुबह 7:30 बजे विद्यालय प्रांगण में मुख्य अतिथि विशाल खोंगल




(उपाध्यक्ष, एकल अभियान संच, लांजी) ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और मां भारती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन व माल्यार्पण के बाद ध्वजारोहण किया। इसके पश्चात् बच्चों को मिष्ठान वितरित किया गया। ध्वजवंदन के बाद विद्यालय से प्रभात फेरी निकाली गई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए सुभाष चंद्र चौक पहुंची। वहां विधायक राजकुमार कर्राहे द्वारा ध्वजारोहण के बाद प्रभात फेरी पुनः विद्यालय लौटी। समारोह में बबलू खानोरकर, सुरेंद्र श्रीवास, मोतीचंद कलपुरे, रिखीराम रामटेक्कर, श्रीमती शेख हसीना, रवींद्र मेश्राम, संतोष पलांदुरकर, नरेश चौहान, बलवंत राव रामटेक्कर, श्रीमती परबता मेहरबान (अध्यक्ष, पालक शिक्षक संघ), श्रीमती आंचल बसोने सहित नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। शाला के प्रधानपाठक विजय कुशले ने सभी का आभार व्यक्त किया। विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया गया, जिसकी अध्यक्षता सुरेंद्र श्रीवास ने की, जबकि बबलू खानोरकर मुख्य अतिथि रहे। खेमराज मस्करे, श्रीमती संगीता रामटेक्कर और श्रीमती हसीना शेख ने निर्णायक की भूमिका निभाई। शिशु विभाग से कु. नम्रता बसोने, कु. आरुषि हरडे, कु. प्राची वाकले, प्रतीक मातरे, ऋषभ धारणे; प्राथमिक स्तर से कु. याशी पलांदुरकर, कु. पवित्रा दुरुगकर, कु. अंशिका चौहान, कु. देवांशी ऐरने, निर्भय पांचे; माध्यमिक स्तर से कु. ऋषिका पुषम, कु. किंजल कुंघारकर, कु. मानवी सोमनकर, गौरव सोमनकर, कु. तमन्ना गणवीर, देवेश नेवारे आदि बच्चों को अतिथियों द्वारा पुरस्कार व मिष्ठान देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षकों कु. पूनम नेवारे, श्रीमती दमयंती राने, संजय हट्टेवार, श्रीमती प्रेमकुमारी तिड़के, श्रीमती दीपिका रामटेके, कु. दीक्षा कुशले, कु. काजल किरमे, कु. झनकार कुशले, कु. अर्चना राउत, कु. पूजा बल्लारखेड़े, कु. आंचल भंडारकर, कु. मनीषा जाम्भुरे और श्रीमती सरिता नेवारे का महत्वपूर्ण योगदान रहा। मंच संचालन संजय हट्टेवार ने किया। अंत में, प्रधानपाठक विजय कुशले ने सभी अतिथियों, शिक्षकों और सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।

# एक शाम शहीदों के नाम
# सुमित गोयल इंवेट्स के कलाकारों ने दी शानदारी प्रस्तुति





लांजी (पद्मेश न्यूज)। देश की आजादी के लिए कुर्बान क्रांतिकरी शहीदों एवं देश की रक्षा में बलिदान वीर सैनिकों को नमन करते हुए उनकी याद में एक शाम शहीदों के नाम कार्यक्रम का भव्य आयोजन 15 अगस्त की शाम नगर के सुभाष चौक में आयोजित किया गया। उक्त आयोजन सुमित गोयल इवेंट्स लांजी द्वारा किया गया जिसमें 9 गायक कलाकारों द्वारा देश भक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुतियां देकर शहीदों को नमन किया। इसके बाद गायक कलाकारों ने वतन पर जान न्यौछावर करने वाले अमर शहीदों की शान में एक से बढ़ कर एक लोकप्रिय गीतों से समा बांधा। इस अवसर पर अतिथियों के रूप में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती ज्योति ईश्वर उमरे, बेटा बचाओ अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वर उमरे, एकल अभियान संच अध्यक्ष झनकार किरनापुरे, साकेत पब्लिक स्कूल के संचालक संतोष मोरघड़े, डॉ राजेश रणदिवे, डॉ किशोर सोनवाने, श्रीमती लता किरनापुरे, श्रीमती शिखा कैलाशपुरी गोस्वामी, पार्षद सौरभ मोनू पशीने, कैलाश गोस्वामी, बंटी अर्जुनवार, जितू रामटेककर, ललीत अग्रवाल, डॉ अंकित खरोले, आलोक चौरसिया, गौरव बैस, भूतपूर्व सैनिक गणेश मोरघड़े, रूप बिसेन, पवन सोनवाने एवं संगठन के सभी सदस्य, पत्रकार दिनेश रामटेक्कर, योगेंद्र दहीकर, महेंद्र गुड्डु कर्राहे, सुमित गोयल, कपिल आसटकर, जितेंद्र विक्की तिड़के, पार्षद मुकेश रणदिवे, श्रीमती कांति कर्राहे, सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित थे। शहीदों के सम्मान में आयोजित इस कार्यक्रम में नागपुर, तिरोड़ा और बालाघाट जिले के कलाकारों ने अपनी सुमधुर आवाज में प्रस्तुति देकर देशभक्ति गीतों से समां बांध दिया। कलाकारों में सुचिता गजभिये, शफक जाफरी, राजेश तिवारी, जय भाऊ, सैम पीटर, प्रदीप नामदेव खेड़े, मयंक बसोने, राघवेंद्र मिश्रा और अबीर शामिल थे। उल्लेखनीय है की सुमित गोयल इवेंट्स द्वारा लगातार चार वर्षों से शहीदों की याद में प्रतिवर्ष 15 अगस्त की शाम यह देशभक्ति कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जिसके आयोजन से नगर में देशभक्ति की सुबह से लेकर शाम तक गूंज बनी रहती है।

# दृष्टि कांप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट ने स्वतंत्रता दिवस पर निकाली भव्य तिरंगा रैली





**लांजी (पद्मेश न्यूज)। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारत भर में विभिन्न कार्यक्रमों और रैलियों का आयोजन किया जाता है। इसी कड़ी में लांजी के दृष्टि कंप्यूटर एजुकेशन इंस्टीट्यूट ने एक भव्य तिरंगा रैली का आयोजन किया। सुबह 9 बजे ध्वजारोहण के बाद रैली संस्था से शुरू होकर सुभाष चौक, भिलाई रोड, बालाघाट रोड, आमगांव रोड और लंजकाई मंदिर रोड होते हुए वापस संस्था पर समाप्त हुई।**

## रैली की विशेषताएं

रैली में चार घोड़ों पर वीर शिवाजी, महाराणा प्रताप, महारानी लक्ष्मी बाई और अवंतीबाई लोधी के किरदार साकार किए गए। जिप्सी में भारत माता, जिजामाता, भीमराव अंबेडकर और रजिया सुल्तान की झांकियां थीं। इसके पीछे हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, मंगल पांडे, भगत सिंह, राजगुरु, सुखदेव (हथकड़ियों और बेड़ियों में बंधे हुए), नेताजी सुभाष चंद्र बोस अपनी आजाद हिंद फौज के साथ और 14 राज्यों के परिधानों में सजे विद्यार्थी शामिल थे। रैली में भारत माता के जयघोष और देशभक्ति के नारे गूंजते रहे। सुभाष चौक पर विद्यार्थियों ने नृत्य और नाटक की मनमोहक प्रस्तुति दी, जिसने पूरे क्षेत्र को देशभक्ति के रंग में सराबोर कर दिया। रास्ते में आम जनता ने रैली की सराहना की और उत्साहवर्धन किया। यह रैली समाज को एकता और देशभक्ति का संदेश देने के उद्देश्य से अनूठे अंदाज में आयोजित की गई। इसमें संस्था के विद्यार्थी, शिक्षक और स्टाफ शामिल थे। संस्था की संचालिका शिखा सचिन चावड़ा ने रैली को सफल बनाने के लिए आम जनता, पुलिस, पत्रकारों, विद्यार्थियों, शिक्षकों, स्टाफ, घोड़ा सवारों, जिप्सी चालकों, डीजे, ड्रोन कैमरा और बैलून सज्जा से जुड़े सभी लोगों का आभार व्यक्त किया।

# दिव्यांग जन कल्याण संघ में 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

लांजी (पद्मेश न्यूज)। दिव्यांग जन कल्याण संघ ने 79वां स्वतंत्रता दिवस समारोह उत्साहपूर्वक मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत महापुरुषों के चित्रों के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। संघ के अध्यक्ष तन्मय जगदीश मिश्रा ने संघ कार्यालय भानेगांव में ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर श्री मिश्रा ने संघ की परंपरा के अनुसार दिव्य रत्न पुरस्कार 2025 की घोषणा की। यह पुरस्कार, जो 2022 से शुरू किया गया है, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाले विशिष्ट व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है। पुरस्कार वितरण समारोह 31 अगस्त 2025 को तन्मय जगदीश मिश्रा के 27वें जन्मदिन के अवसर पर सेवा संकल्प दिवस के दौरान ग्राम स्वराज भवन, भानेगांव में आयोजित होगा। इस दौरान गोंदिया के ख्यातिप्राप्त डॉक्टर निःशुल्क चिकित्सा सेवाएं प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में संघ की संरक्षक श्रीमती परमिला देवीचरण ठाकरे, लक्ष्मण छुट्टानी, उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकरे, सचिव रूपेश कुमार कुथे, संयुक्त सचिव श्रीमती अनीता उईके, केदारनाथ ऐंडे, सुश्री पारूल ठाकरे, राजकुमार बेदरे, श्रीमती परमिला पारधी, श्रीमती केशर उरकुडे, सतीश डोल्हारे, सुश्री सलिता ठाकरे, महेंद्र तेलासकर, जगदीश मिश्रा सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।




# यूनिवर्सल कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट में धूमधाम से मनाया गया 79वां स्वतंत्रता दिवस

लांजी (पद्मेश न्यूज)। यूनिवर्सल ज्ञानदीप शिक्षण एवं जन कल्याण समिति, लांजी (म.प्र.) द्वारा संचालित यूनिवर्सल कम्प्यूटर इंस्टीट्यूट के प्रांगण में 15 अगस्त को 79वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्था की परंपरा के अनुसार, ध्वजारोहण कार्यरत सैनिक या भूतपूर्व सैनिक के हाथों कराया जाता है, जो इस क्षेत्र में छुट्टी के दौरान या निवासरत हों। यह परंपरा पिछले पांच वर्षों से निरंतर चली आ रही है। इस वर्ष ध्वजारोहण कार्यरत थल सैनिक कमलेश बसेना द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कमलेश बसेना, विशेष अतिथि डॉ. प्रवीण बैस, नंदू रामटेक्कर, नरेश आसटकर (समिति उपाध्यक्ष), अजय उपराडे, राजेंद्र सातपुते, सुनिल रामटेक्कर सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रमेश आसटकर ने की। इस अवसर पर संस्था के वर्तमान छात्र-छात्राओं के साथ-साथ बड़ी संख्या में पूर्व छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। अतिथियों द्वारा मेधावी छात्राओं मोनिका, फायजा खान, भारती येरने, मुस्कान शुक्ला, गायत्री सोनवाने, प्राची बिसेन और खुशी खेरे को कोर्स के डिप्लोमा प्रदान किए गए। कार्यक्रम में संस्था की संचालिका श्रीमती रेखा आसटकर, शिक्षक देवेंद्र क्षीरसागर, भानुप्रताप प्रजापति और कार्यकारी संचालक रमेश आसटकर उपस्थित रहे। छात्र-छात्राओं ने स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में अपनी शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिसने समारोह में उत्साह का संचार किया।



# देवीप्रसाद श्रीवास्तव का निधन

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी बाजार चौक निवासी लोक निर्माण विभाग से टाइमकीपर पद से सेवानिवृत्त देवीप्रसाद श्रीवास्तव का 71 वर्ष की आयु में 17 अगस्त को सुबह 10.30 बजे निधन हो गया। आप अपने पीछे तीन पुत्र स्व. विनोद श्रीवास्तव, शिव कुमार श्रीवास्तव, प्रकाश कुमार श्रीवास्तव एवं पुत्री श्रीमती सीमा श्रीवास्तव का भरा-पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सिधार गए। इनका अंतिम संस्कार आज 18 अगस्त को सुबह 10.30 बजे कोटेश्वर मोक्षधाम में किया जाएगा। इनके निधन पर समाज के परिजनों, नाते रिश्तेदारों इष्ट मित्रों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की है।



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव के विदेशी निवेश संवर्धन के प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम

## जर्मनी की पांच अग्रणी कंपनियां 18 अगस्त से पांच दिवसीय म.प्र. दौरे पर

**भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के विदेशी निवेश आकर्षित करने के प्रयासों के परिणाम आना शुरू हो गए हैं। विदेशी निवेश संवर्धन के लिए मुख्यमंत्री के यूरोप दौरे के फलस्वरूप अब जर्मन की कंपनियों ने मध्यप्रदेश का रूख किया है। मध्यप्रदेश ग्लोबल स्टार्टअप एक्सचेंज कार्यक्रम के अंतर्गत 18 अगस्त से 22 अगस्त तक पांच अग्रणी जर्मन टेक कंपनियों का दौरा शुरू हो रहा है। इसमें म.प्र. और जर्मनी के बीच व्यापार एवं नवाचार को मजबूती मिलेगी। म.प्र. के उद्यमों और जर्मन कंपनियों के बीच रणनीतिक साझेदारी बढ़ेगी। साथ ही तकनीकी आदान-प्रदान और निवेश अवसरों में वृद्धि होगी। म.प्र. ग्लोबल स्टार्ट अप एक्सचेंज कार्यक्रम का उद्देश्य तकनीकी हस्तांतरण को प्रोत्साहित करना, एआई, डेटा एनालिटिक्स और आईटी उद्योग में श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों, नवाचारी प्रयासों का आदान-प्रदान करना है।**

जर्मन कम्पनियों का यह दौरा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, इंटरनेट ऑफ थिंग्स और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में नई संभावनाओं का सेतु बनेगा। इससे प्रदेश में अनुसंधान एवं नवाचार की दिशा को नई ऊर्जा मिलेगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि इस तरह की वैश्विक तकनीकी साझेदारी से प्रदेश में नवाचार और रोजगार के नये अवसर सृजित होंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि यह पहल केवल तकनीकी सहयोग का आरंभ नहीं, बल्कि मध्यप्रदेश के लिए, एक व्यापक नवाचार यात्रा की नींव है। ग्लोबल नॉलेज एक्सचेंज और कटिंग-एज टेक्नोलॉजी से विकसित होने वाली ट्रांसफॉर्मेटिव साझेदारियाँ प्रदेश के स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतरराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाने में सहायक होंगी। प्रतिनिधिमंडल में टाइलर्स के स्टीवन रैनविक, टैलोनिक के निकोलस, स्टेएक्स के एलेक्सजेन्ड्रा के मिकीट्युक, क्यू-नेक्ट-एजी के मटियास प्रोग्गा और क्लाउड-स्क्रिड के फिलिप रेजमुश शामिल हैं। ये कंपनियां वैश्विक स्तर पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित डेटा इंटीग्रेशन, वर्कफ्लो ऑटोमेशन, आईओटी और कनेक्टिविटी सॉल्यूशंस, एंटरप्राइज़ सॉफ्टवेयर तथा डॉक्यूमेंट प्रोसेसिंग एआई तकनीक के क्षेत्र में विशेषज्ञता के लिए जानी जाती हैं। इन कंपनियों का अनुभव और तकनीकी क्षमता मध्यप्रदेश के उद्यमियों, स्टार्ट-अप्स और युवाओं को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करेगी। प्रतिनिधिमंडल इंदौर प्रवास के दौरान तकनीकी कार्यशालाओं और रणनीतिक चर्चाओं में शामिल रहेगा। प्रतिनिधिमंडल आईआईटी इंदौर में इनक्यूबेशन सेंटर का भ्रमण करेगा और स्थानीय स्टार्ट-अप्स से संवाद स्थापित करेगा। इसके बाद भोपाल प्रवास के दौरान उद्योग विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और शैक्षणिक व तकनीकी संस्थानों के साथ उच्चस्तरीय बैठकें होंगी। यह पूरा कार्यक्रम तकनीकी सहयोग, अनुसंधान और निवेश से जुड़ी ठोस संभावनाओं का मार्ग प्रशस्त करेगा। प्रतिनिधि मंडल के बी2बी व्यावसायिक बैठकें और कई तकनीकी साझेदारी के समझौते होंगे। साथ ही, अंतराष्ट्रीय निवेश और नई साझेदारियों के द्वार खुलेंगे। इस पहल से प्रदेश के उच्च कौशल वाले हजारों युवाओं के लिये रोजगार सृजित होंगे। इससे प्रदेश के युवा वैश्विक प्रशिक्षण कार्यक्रमों से जुड़ सकेंगे। साथ ही राज्य में नए 'अनुसंधान और विकास' केंद्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। यह दौरा मध्यप्रदेश के लिए एक व्यापक नवाचार यात्रा की बुनियाद सिद्ध होगा। इस दौरे से वैश्विक नॉलेज और कटिंग एज टेक्नोलॉजी से ट्रांसफॉर्मेटिव साझेदारी विकसित होगी, जो प्रदेश के स्टार्ट-अप्स और उद्यमियों को अंतराष्ट्रीय बाजार तक पहुँचाने का मार्ग प्रशस्त करेगी। इस पहल से नवाचार हब के रूप में मध्यप्रदेश की स्थिति और सुदृढ़ होगी और आने वाले वर्षों में राज्य को भारत का टेक्नोलॉजी पॉवर हाउस बनाने की दिशा में निर्णायक गति मिलेगी।



## शासकीय स्कूलों में हाई और हायर सेकण्डरी स्कूल की त्रैमासिक परीक्षा समय सारणी जारी

### 28 अगस्त से शुरू होंगी परीक्षाएं

भोपाल। प्रदेश के शासकीय स्कूलों में इस वर्ष कक्षा 9 से कक्षा 12वीं तक की त्रैमासिक परीक्षाएं 28 अगस्त से शुरू हो रही है। इस संबंध में आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय ने समस्त संभागीय संयुक्त संचालक और जिला शिक्षा अधिकारी को दिशा निर्देश जारी किये है। परीक्षाएं हाई-हायर सेकण्डरी स्कूल की 28 अगस्त से शुरू होंगी। यह परीक्षाएं 9 सितम्बर तक सम्पन्न हो जायेंगी। त्रैमासिक परीक्षा के प्रश्न पत्र विमर्श पोर्टल पर भेजे जायेंगे। इससे राज्य स्तर पर परीक्षा पेपर की गुणवत्ता सुनिश्चित हो सकेगी। निर्देशों में कहा गया है कि अभिभावकों और शिक्षकों की मीटिंग (पीटीएम) आयोजित करने के लिये कहा गया है। यह मीटिंग सभी स्कूलों में 16 सितम्बर को होगी। मीटिंग में बच्चों के अभिभावकों को उत्तर पुस्तिकाओं का अवलोकन कराया जायेगा। इस व्यवस्था के लिये संयुक्त संचालक एवं जिला शिक्षा अधिकारी को अलग-अलग दल गठित कर न्यूनतम 10-10 स्कूलों का निरीक्षण करने के लिये कहा गया है। त्रैमासिक परीक्षा के परिणाम 20 सितम्बर तक विमर्श पोर्टल पर प्रविष्ट करने के लिये भी कहा गया है। परीक्षा की समय सारणी स्कूलों के नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने के लिये भी कहा गया है। माध्यमिक शिक्षा मण्डल की हाई स्कूल और हायर सेकण्डरी परीक्षा सत्र वर्ष 2026-27 अपार आईडी व्यवस्था अनिवार्य की गई है। मण्डल की समस्त परीक्षाओं के फॉर्म में यूडीआईएसई पोर्टल पर आधारित विद्यार्थियों के लिये स्थाई शैक्षणिक आईडी (अपार) ऑटोमेटेड परमानेंट एकेडमिक एकाउण्ट को अनिवार्य किया गया है। इस शैक्षणिक सत्र वर्ष 2025-26 के लिये कक्षा 9वीं से 12 में भरे जाने वाले आवेदन पत्रों में अपार आईडी को वैकल्पिक किया गया है। आगामी सत्र वर्ष 2026-27 में यह व्यवस्था अनिवार्य होगी।

# 52 जातियों के हजारों लोगों को पहचान दिलाएगी सरकार

शाजापुर। प्रवासी समुदाय मप्र की 52 घुमंतु के हजारों लोगों को अब सरकार अपनाएगी। उन्हें पहचान और दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। इसके लिए दुपाड़ा मार्ग स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां मंत्री, विधायक, एएसपी, एसडीएम सहित वरिष्ठ जन शामिल हुए और अपने विचार व्यक्त किए। प्रांत प्रमुख प्रवासी समुदाय मालवा प्रांत के रविप्रतापसिंह बुंदेला ने बताया कि प्रवासी समुदाय विमुक्त मप्र की 52 घुमंतु समाज की जाति हैं, जिनमें कंजर, बंजारा, गाड़गिया, लोहार भी आते हैं। जिनके पूर्वजों ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी बनकर देश की आजादी में अपनी पहचान तक मिटा दी, लेकिन आज ये लोग अपनी पहचान पाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और दर-दर भटक रहे हैं। कई लोग इन्हें अपमानित भी करते हैं। इसके लिए हमारे द्वारा अभियान चलाया जा रहा है और इनके सामाजिक सम्मान के लिए प्रवासी समुदाय पिछले 8 से 10 सालों से इनके बीच में काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि इनके आवश्यक दस्तावेज, अन्य शासकीय सुविधाएं, जाति प्रमाण-पत्र सहित इन्हें जागरूक करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। जिसमें केबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त बाबूलाल बंजारा भी शामिल हुए। इस अवसर पर एएसपी घनश्याम मालवीय, भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. रवि पांडे, एसडीएम मनीषा वास्कले आदि उपस्थित थे।

### आधारकार्ड व जाति प्रमाण-पत्र की भी मिलेगी सुविधा

उन्होंने बताया कि देश की आजादी के लिए अपनी पहचान मिटा देने वाले आज अपनी पहचान को तरस रहे हैं। इन लोगों को आधार कार्ड, वोटर कार्ड, जाति प्रमाण-पत्र न होने की वजह से शासन की योजनाओं का लाभ नहीं मिल पाता है। इसलिए अभियान के तौर पर पूरे प्रदेश में इन लोगों को पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है।

### विधायक ने भी की घोषणा

कार्यक्रम में उपस्थित विधायक अरूण भीमावद ने कहा कि हमारी सरकार आप लोगों को पहचान दिलाएगी। आप लोगों को मांगलिक आयोजन या शादी-ब्याह में भी परेशानी का सामना नहीं करना पड़े इसके लिए समाज की धर्मशाला का निर्माण भी होगा। साथ ही आप लोगों की जो भी समस्या है उसके त्वरित निराकरण के लिए आगामी एक माह में शिविर लगाया जाएगा।

# देश में फैल रही नफरत के खिलाफ जन संवाद ज़रूरी-दिग्विजय सिंह

**इंदौर। पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने रविवार को इंदौर में कहा कि देश में फैल रही नफरत के खिलाफ सकारात्मक रूप से जन संवाद करना बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि आज राहुल गांधी देश की परेशानियों को लेकर जो आवाज़ उठा रहे हैं, उसकी आज सबसे ज्यादा आवश्यकता है। दिग्विजय सिंह ने यह बात पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल द्वारा संकलित और संयोजित पुस्तक के विमोचन समारोह के दौरान कही। यह पुस्तक राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो यात्रा' और 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' पर आधारित है और यह इन यात्राओं पर लिखी गई भारत की पहली पुस्तक है।**

पुस्तक विमोचन का यह कार्यक्रम विद्यासागर स्कूल सभागृह में आयोजित किया गया। समारोह की शुरुआत में 15 मिनट की संपूर्ण यात्रा की वीडियो क्लिपिंग दिखाई गई, जिसके बाद अतिथियों ने दीप प्रज्वलन किया। दिग्विजय सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि हमारे देश और सनातन धर्म में यात्राओं का अपना महत्व है। उन्होंने आदि शंकराचार्य से लेकर चंद्रशेखर तक की पदयात्राओं का उदाहरण दिया। उन्होंने अपने जीवन के पांच सूत्रों पर भी अमल करने की बात कही, जिनमें संवाद और संपर्क प्रमुख हैं। उन्होंने बताया कि जब उनसे राहुल गांधी की यात्रा के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा था कि इससे अच्छी बात हो ही नहीं सकती।



राज्यसभा सांसद दिग्विजय सिंह ने इस अवसर पर लोकतंत्र और चुनाव आयोग पर भी अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि एक सफल लोकतंत्र के लिए निष्पक्ष चुनाव आवश्यक है, लेकिन आज चुनाव आयोग बीजेपी का एक अंग बनकर काम कर रहा है और फर्जी तरीके से वोटर बढ़ाए और घटाए जा रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बीजेपी और आरएसएस ने राहुल गांधी की छवि को बिगाड़ने के लिए एक अभियान चला रखा था, लेकिन 'भारत जोड़ो यात्रा' ने इस धारणा को काफी हद तक बदल दिया।

### पुस्तक में समाहित हैं गांधी और पटेल परिवार के आत्मीय संबंध

पुस्तक के संकलक पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल ने बताया कि इस पुस्तक को तैयार करने में अनिल त्रिवेदी, मदन परमालिया, जगदीश जोशी और प्रीतीश राजू ने सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने 7 सितंबर 2022 को कन्याकुमारी से लोकतंत्र बचाने के उद्देश्य से 'भारत जोड़ो यात्रा' की शुरुआत की थी, जिसने 3570 किलोमीटर की दूरी तय कर 30 जनवरी 2023 को श्रीनगर में समापन किया था। इस पुस्तक में यात्रा के अविस्मरणीय पलों को चित्रों और खबरों के साथ संजोया गया है। पुस्तक में गांधी और पटेल परिवार की चार पीढ़ियों के आत्मीय संबंधों के वृत्तांत भी शामिल हैं।

सत्यनारायण पटेल ने बताया कि इस पुस्तक की डिजिटल कॉपी पूरे भारतवर्ष में भेंट की जाएगी और इसे संदर्भ ग्रंथ के रूप में देश भर के कांग्रेस कार्यालयों में भी भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य उद्देश्य गांधी परिवार के आजादी से पहले के समर्पण, त्याग और बलिदान के साथ यात्राओं की जरूरत को भी उनके परिवार तक पहुँचाना है। कार्यक्रम में दिग्विजय सिंह की धर्मपत्नी अमृता सिंह ने भी अपनी 30 दिन की यात्रा के अनुभव साझा किए।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा, रघु परमार, शहर कांग्रेस अध्यक्ष चिंटू चौकसे, अमृता सिंह, बालमुकुंद गौतम (पूर्व विधायक) सहित कई कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रघु परमार ने किया और आभार मदन परमालिया ने माना।

# साधारण जीवन ही सच्चा आनंद देता है, श्रीकृष्ण से सीखें धैर्य और कर्म का महत्व-मंत्री राजपूत

**भोपाल। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर राहतगढ़ में यादव महासभा द्वारा भव्य शोभायात्रा और मेधावी विद्यार्थी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। पूरा नगर श्रीकृष्ण के जयकारों और भक्ति गीतों से गूंज उठा। शोभायात्रा में समाज के विभिन्न वर्गों और 70 से अधिक ग्रामों से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया।**

खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों का अध्ययन आवश्यक है। सत्य, अहिंसा और प्रेम ही जीवन के सच्चे मार्ग हैं। हमारा अधिकार केवल कर्म पर है, फल पर नहीं। हमें प्रतिकूल परिस्थितियों में भी धैर्य रखना चाहिए, क्योंकि शांत मन वाला व्यक्ति हर चुनौती का समाधान पा लेता है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का स्वभाव नटखट जरूर था, लेकिन उन्होंने सदैव जीवन के कठिनतम समय में भी संतुलन बनाए रखा। यही धैर्य और विवेक हमें भी अपनाना चाहिए।

### 25 लाख की सहायता और मेधावी छात्रों को सम्मान

खाद्य मंत्री राजपूत ने यादव समाज के निर्माणाधीन भवन के लिए 25 लाख रुपये की राशि स्वीकृत करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि समाज का विकास तभी संभव है जब हम शिक्षा, संस्कृति और एकता को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर उन्होंने 65 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले यादव समाज के 85 मेधावी विद्यार्थियों को 2-2 हजार रुपये प्रोत्साहन राशि, शील्ड और प्रमाणपत्र प्रदान किए। यह पहल समाज में शिक्षा के महत्व को बढ़ावा देने के लिए की गई। साथ ही उन्होंने कारसदेव बाबा के चबूतरे का लोकार्पण किया और उपस्थित समाजजनों को साधारण जीवन और उच्च विचारों का संदेश दिया।



### विनम्रता से व्यक्ति की पहचान

खाद्य मंत्री राजपूत ने कहा कि जीवन जितना साधारण होगा, उसे जीने में उतना ही अधिक आनंद आता है। पद और पैसे से व्यक्ति बड़ा नहीं बनता, बल्कि उसके व्यवहार और विनम्रता से उसकी पहचान होती है। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का उदाहरण देते हुए कहा, हमारे मुख्यमंत्री इतने बड़े पद पर होते हुए भी विनम्र और शालीन हैं। वे लगातार गरीबों और आमजनों के हित के लिए कार्य कर रहे हैं।

### भव्य शोभा यात्रा और जनसमूह की रही उपस्थिति

इस कार्यक्रम ने न केवल जन्माष्टमी के धार्मिक महत्व को रेखांकित किया, बल्कि समाज में शिक्षा, एकता और संस्कारों के प्रति जागरूकता का भी संदेश दिया। शोभायात्रा में सजे-धजे रथ, ढोल-नगाड़े, बैंड-बाजे, और श्रीकृष्ण की झांकियों ने पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण बना दिया। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने फूलों की वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

# इंदौर के 200 साल पुराने 5 पेड़ होंगे संरक्षित

इंदौर। स्वच्छता में लगातार आठवीं बार देश में नंबर एक बनने के बाद, इंदौर अब अपनी प्राकृतिक विरासत को संजोने के लिए एक नया कदम उठा रहा है। महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने घोषणा की है कि शहर के 200 साल पुराने पाँच धरोहर पेड़ों को वृक्ष धरोहर के रूप में संरक्षित और विकसित किया जाएगा। इन पेड़ों के पास उनके इतिहास और महत्व को दर्शाने वाले सूचना पट्ट भी लगाए जाएंगे। यह घोषणा सेवा सुरभि संस्था द्वारा डेली कॉलेज क्षेत्र स्थित आयकर कॉलोनी में आयोजित एक समारोह में की गई। इस कार्यक्रम में सांसद शंकर लालवानी, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, और निगमायुक्त डॉ. शिवम वर्मा की उपस्थिति में उन सफाईकर्मियों को सम्मानित किया गया, जिनके प्रयासों से इंदौर ने स्वच्छता में आठ बार बाजी मारी। इस अवसर पर 170 पौधों का रोपण भी किया गया। इस आयोजन में पद्मश्री जनक पलटा, समाजसेवी भरत मोदी, विष्णु बिंदल, अरविंद बागड़ी, डॉ. भारत शर्मा, प्रो. राजीव झालानी, पर्यावरणविद ओ.पी. जोशी, और भाजपा प्रवक्ता दीपक जैन टीनू सहित अन्य गणमान्य नागरिक शामिल थे।

### ये पाँच पेड़ बनेंगे शहर की पहचान

महापौर भार्गव ने बताया कि जिन पाँच वट वृक्षों को संरक्षित किया जाएगा, वे हैं: संवाद नगर, रेसीडेंसी कोठी, एमवाय परिसर, कृषि कॉलेज गेट और मेडिकल हॉस्टल के सामने स्थित पेड़। यह विचार पर्यावरणविद डॉ. ओ.पी. जोशी की पुस्तक और सांसद शंकर लालवानी द्वारा सुझाए गए अन्य पेड़ों से प्रेरित है। महापौर ने कहा कि इंदौर अब स्वच्छता का महागुरु बन गया है और नौवीं बार भी स्वच्छता में बाजी मारने का पूरा भरोसा है। इस सफल आयोजन में संस्था के संयोजक ओमप्रकाश नरेड़ा, मोहित सेठ, चांदमल जैन, कमल कलवानी और मुकुंद कारिया प्रमुख रूप से शामिल थे।

# नशा मुक्ति व स्वदेशी वस्तुओं को बढ़ावा देने का लिया संकल्प

जबलपुर। मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन द्वारा मदन महल स्थित ब्रह्म कुमारी आश्रम में स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अमित सिसौदिया की पहल पर आयोजित समारोह के प्रारंभ में जबलपुर अध्यक्ष डॉ. अजय कुमार वाधवानी ने ध्वजारोहण किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों ने नशा मुक्ति, स्वदेशी वस्तुओं एवं पर्यटन को बढ़ावा देने की शपथ ली। इस मौके पर शहर के प्रमुख इन्फ्लुएंसर पेज मेरा जबलपुर, हमारा जबलपुर, जेबीपी पेज, अपना प्यारा जबलपुर, जबलपुर पब्लिक, मिस्टर फौज, विचित्र जबलपुर, जबलपुर वाले, जबलपुर रिलाइडेड, ए टू जेड जबलपुर, जबलपुर ब्लागर, जबलपुर नजारे, घूमते जबलपुर और जबलपुर पेज के संचालकों को स्मृति चिन्ह व सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। समारोह में डॉ. अजय कुमार वाधवानी, बी.के. दीदी, ज्योति दीदी, एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, डॉ. आनन्द बहरानी, डॉ. अशोक मेठवानी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. श्रीकांत साहू, एड. रोशन मंध्यानी, बिनीता मैदान, आमोद गुप्ता आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

# पत्रकारिता में योगदान के लिए वरिष्ठ पत्रकार महेश श्रीवास्तव को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड

इन्दौर। राज्यसभा सदस्य एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने शनिवार को वरिष्ठ पत्रकार श्री महेश श्रीवास्तव को हिंदी पत्रकारिता में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए भारतीय पत्रकारिता महोत्सव के लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया। श्री श्रीवास्तव ने लगभग 65 वर्ष के अपने पत्रकारीय जीवन में रिपोर्टर से लेकर समूह सम्पादक की भूमिका का निर्वहन किया और अनेक राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त किए हैं। श्री श्रीवास्तव ने मध्यप्रदेश शासन के आधिकारिक गान सुख का दाता सबका साथी भी लिखा है जिसमें मध्यप्रदेश की सांस्कृतिक ऐतिहासिक और प्राकृतिक महिमा को दर्शाया गया है। यह गान मध्यप्रदेश की एकता और गौरव को बढ़ाता है। स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. ने अप्रैल माह में आयोजित भारतीय पत्रकारिता महोत्सव के अवसर पर श्री श्रीवास्तव को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित करने की घोषणा की थी। सम्मान के अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह ने वरिष्ठ सम्पादक और साहित्यकार महेश श्रीवास्तव को मध्यप्रदेश की अमूल्य निधि बताया। उन्होंने कहा कि बरसों-बरस तक श्री श्रीवास्तव के लिखे आलेख और सम्पादकीय आज भी उनके स्मृति पटल पर अंकित है। इस अवसर पर स्टेट प्रेस क्लब, म.प्र. के अध्यक्ष प्रवीण खारीवाल एवं संभागीय संयोजक, भोपाल संजीव श्रीवास्तव ने पूर्व मुख्यमंत्री श्री सिंह एवं वरिष्ठ पत्रकार श्री श्रीवास्तव का स्वागत किया एवं स्मृति चिन्ह भेंट किया।

# अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति के सातों नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने संभाला पदभार

इंदौर। अग्रवाल समाज की शीर्ष संस्था श्री अग्रवाल समाज केन्द्रीय समिति इंदौर के नवनिर्वाचित सभी सात पदाधिकारियों ने रविवार को अपना पदभार संभाल लिया है। चुनाव अधिकारी राम ऐरन ने स्नेह नगर स्थित अग्रसेन भवन में आयोजित एक सौहार्दपूर्ण प्रक्रिया में सभी पदाधिकारियों को सर्वसम्मति से निर्वाचित घोषित किया। नव-निर्वाचित पदाधिकारियों में विनोद अग्रवाल (संरक्षक), प्रेमचंद गोयल (अध्यक्ष), रमेश मित्तल और टीकमचंद गर्ग (उपाध्यक्ष), पवन सिंघानिया (महामंत्री), ओमप्रकाश अग्रवाल (कोषाध्यक्ष) और जगदीश गोयल (सहमंत्री एवं संयोजक) शामिल हैं। चुनाव अधिकारी राम ऐरन ने सभी को उनके निर्वाचन प्रमाण पत्र सौंपे। इस मौके पर केन्द्रीय समिति के पूर्व अध्यक्षों ने भी अपनी प्रसन्नता व्यक्त की और नए पदाधिकारियों का स्वागत किया। पदभार ग्रहण करने के बाद, नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने अपनी पहली बैठक में पितृ पुरुष महाराजा अग्रसेन की 5149वीं जयंती को धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया। यह महोत्सव 22 सितंबर को पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसके साथ ही, नई कार्यकारिणी ने यह भी निर्णय लिया है कि जल्द ही वे केन्द्रीय समिति के संविधान में आवश्यक सुधार करेंगे ताकि सभी समाजबंधुओं को एकजुट किया जा सके। इस पहल का उद्देश्य समाज में एकता और समन्वय को और मजबूत करना है।

# इस्कॉन मंदिर में मची नंदोत्सव की धूम

इंदौर। निपानिया स्थित इस्कॉन मंदिर में रविवार को नंदोत्सव का भव्य आयोजन किया गया, जिसने हजारों श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षित किया। इस दौरान इस्कॉन के संस्थापक श्रील प्रभुपाद का जन्मोत्सव भी श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। उनके जीवन और कार्यों को याद करते हुए, इस्कॉन इंदौर के अध्यक्ष स्वामी महामनदास प्रभु ने कहा कि श्रील प्रभुपाद ने हिप्पी विकृति को हैप्पी संस्कृति में बदलकर एक क्रांतिकारी बदलाव लाया। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर कर हरे राम हरे कृष्ण संकीर्तन से जोड़ा। स्वामी महामनदास प्रभु ने बताया कि इस्कॉन के 1000 से अधिक मंदिर दुनिया के 200 से ज्यादा देशों में स्थापित हैं, जिनमें कई मुस्लिम राष्ट्र भी शामिल हैं। लाखों विदेशी भक्त आज सनातन धर्म से जुड़कर कृष्ण भक्ति में लीन हैं। उन्होंने श्रील प्रभुपाद की यात्रा का भी जिक्र किया, जब वे 13 अगस्त 1965 को अपनी जेब में केवल 50 रुपये लेकर एक मालवाहक जहाज से निकले थे और 20 अगस्त को उसी जहाज पर पहला कृष्ण जन्मोत्सव मनाया था। सुबह से ही मंदिर में नंदोत्सव की धूम रही और भक्तों ने बड़ी संख्या में आकर प्रसाद का लाभ उठाया। इस मौके पर श्रील प्रभुपाद की प्रतिमा का दुग्धाभिषेक भी किया गया। समाजसेवी पी.डी. अग्रवाल, राजेश कस्तूरी, सिद्धार्थ अग्रवाल, जय काकवानी, विनोद सिंघानिया सहित कई गणमान्य नागरिकों ने व्यवस्थाओं में सहयोग दिया। इस भव्य आयोजन में राज्य के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट, सांसद शंकर लालवानी और अन्य कई विशिष्ट अतिथि शामिल हुए। इस साल करीब 2 लाख श्रद्धालुओं ने जन्माष्टमी महोत्सव में भाग लेकर इसे एक ऐतिहासिक आयोजन बना दिया।

## मुंबई में 19 अगस्त को आयोजित बैठक में 15 सदस्यीय टीम चयन की संभावना

# बुमराह ने खुद को एशिया कप के लिए उपलब्ध बताया, BCCI को दी जानकारी

नई दिल्ली ।

भारतीय टीम के स्टार तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने अगले महीने होने वाले एशिया कप के लिए खुद को उपलब्ध रखा है। बुमराह ने कुछ दिनों पहले चयनकर्ताओं से बात की थी और इस टूर्नामेंट में खेलने की जानकारी दी थी। बताया जा रहा है कि अजीत अगरकर की अगुआई वाली चयन समिति 19 अगस्त को मुंबई में बैठक करेगी और एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय टीम चुनेगी।

एशिया कप का आयोजन यूएई में नौ से 28 सितंबर तक होगा। यह टूर्नामेंट टी20 प्रारूप में खेला जाएगा। सूत्रों ने कहा, बुमराह ने चयनकर्ताओं को बताया है कि वह एशिया कप के लिए उपलब्ध रहेंगे। जब चयन समिति के सदस्य अगले सप्ताह बैठक करेंगे तो वे इस पर चर्चा करेंगे।




### इंग्लैंड दौरे पर बुमराह ने खेले थे 3 मैच

मालूम हो कि बुमराह कार्यभार प्रबंध के चलते इंग्लैंड दौरे पर पांच में से तीन टेस्ट मैच में ही खेले थे। उन्हें एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवें और अंतिम टेस्ट से पहले रिलीज कर दिया गया था। इंग्लैंड दौरे पर बुमराह पहले टेस्ट मैच में खेले, जबकि दूसरे टेस्ट मैच से उन्हें आराम दिया गया। इसके बाद उन्होंने तीसरे और चौथे टेस्ट मैच में हिस्सा लिया, जबकि पांचवें टेस्ट मैच में नहीं खेले। टेस्ट सीरीज के दौरान बुमराह ने कुल 119 .4 ओवर गेंदबाजी की और दो बार फाइव विकेट हॉल लिए।

### लंबे समय बाद टी20 टीम में नजर आएंगे बुमराह

एशिया कप का आयोजन इस बार टी20 प्रारूप में होना है इसलिए बुमराह को लंबे स्पैल नहीं करने होंगे और टीम प्रबंधन के पास यह विकल्प भी होगा कि उन्हें किस मैच में आराम देना है। एशिया कप की शुरूआत और बुमराह के आखिरी बार खेलने में 40 दिनों का अंतराल होगा। बुमराह ने भारत के लिए आखिरी बार टी20 मुकाबला पिछले साल टी20 विश्व कप के फाइनल में खेला था, जहां भारत ने दक्षिण अफ्रीका को सात रनों से हराया था। बुमराह ने उस मैच में 18 रन देकर दो विकेट लिए थे।

### कुछ दिनों पहले यूएई पहुंचेगी टीम

भारतीय टीम एशिया कप के लिए जल्द ही यूएई पहुंचेगी। टीम के ज्यादातर खिलाड़ी बिना मैच अभ्यास के एशिया कप में जाएंगे जिस कारण भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने टीम प्रबंधन से पूछा है कि क्या वे बेंगलूरू में छोटा शिविर करना चाहेंगे। हालांकि, टीम प्रबंधन का मानना है कि थोड़ा पहले यूएई पहुंचना अच्छा रहेगा जिससे खिलाड़ी परिस्थितियों में ढल सकें। सूत्र ने कहा, शिविर लगाने के बजाय, टीम तीन-चार दिन पहले ही उड़ान भरेगी जिससे टूनार्मेंट शुरू होने से पहले उन्हें अच्छा अभ्यास मिल सके।

### रिंकू सिंह का एशिया कप टीम में जगह बना पाना मुश्किल

एशिया कप टी20 के लिए भारतीय टीम से रिंकू सिंह को बाहर किया जा सकता है। रिंकू कुछ साल पहले तब पूरे देश में चर्चा का विषय बन गए थे, जब उन्होंने यश दयाल के ओवर में लगातार पांच छक्के लगाकर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) को आईपीएल मैच जिताया था और तब से उन्हें भारतीय टीम में एक फिनिशर के रूप में देखा जाने लगा था। रिंकू के करियर ग्राफ में हालांकि पिछले कुछ समय में थोड़ी गिरावट देखी गई है और वह टी 20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में जगह बनाने में असफल रहे (वह स्टैंड बाई पर थे)। हालिया दिनों में उन्होंने भारत के लिए खेलते हुए अच्छा प्रदर्शन नहीं किय हैं। आईपीएल 2024 में उन्होंने केवल 113 गेंदों का जबकि 2025 के सत्र में केवल 134 गेंदों का सामना किया था, जिससे उनकी भूमिका कम होने का संकेत मिलता है। अगर इस समय केवल एशिया कप टी-20 को ही ध्यान में रखा जाए तो रिंकू की स्थिति थोड़ी अस्थिर नजर आती है। यदि सभी फिट और उपलब्ध रहे तो अभिषेक शर्मा, संजू सैमसन (बल्लेबाज-विकेटकीपर), तिलक वर्मा, कप्तान सूर्य कुमार यादव और हार्दिक पंड्या का शीर्ष पांच में चयन तय है।

# इसमें किसी की कोई गलती नहीं हैः अश्विन

## ब्रेविस कॉन्ट्रोवर्सी पर चेन्नई के बयान के बाद दी सफाई




नई दिल्ली । पूर्व भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने आईपीएल 2025 के बीच में चेन्नई सुपर किंग्स द्वारा डेवाल्ड ब्रेविस की खरीद पर खुलकर बात की है। 38 वर्षीय अश्विन ने कहा कि इसमें किसी की कोई गलती नहीं थी, और चोट के कारण खिलाड़ियों का रिप्लेसमेंट लीग में एक आम बात रही है।

उन्होंने आगे कहा कि हर टीम चोट के कारण रिप्लेसमेंट नियम में मौजूद लचीलेपन का फायदा उठा रही है। मुद्दा यह है कि खिलाड़ी की कोई गलती नहीं है, फ्रैंचाइजी की कोई गलती नहीं है, और शायद गवर्निंग बॉडी की भी कोई गलती नहीं है। बता दें, अश्विन ने पहले कहा था कि ब्रेविस को खरीदने के लिए सीएसके ने अंडर द टेबल भी कुछ पैसे दिए थे, जिस पर सीएसके ने सफाई दी।

16 अगस्त को, सीएसके ने एक बयान जारी कर स्पष्ट किया कि फ्रैंचाइजी ने ब्रेविस को निष्पक्ष रूप से खरीदा है। अब अश्विन को इस मुद्दे पर सफाई देनी पड़ी है। उन्होंने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा हम ऐसे दौर में जी रहे हैं जहां हमें सच्ची कहानियों पर भी स्पष्टीकरण देना पड़ता है। ऐसे में, यह थोड़ा मुश्किल है। लेकिन मैं इस पर बात नहीं करूंगा। हम सभी को यह समझना होगा कि अगर किसी फ्रैंचाइजी को किसी खिलाड़ी की जरूरत होती है, तो फ्रैंचाइजी उस खिलाड़ी या खिलाड़ी के एजेंट से बात करती है और बीसीसीआई से कहती है, देखिए, हमारा फलां खिलाड़ी चोटिल है, हमें एक और खिलाड़ी चाहिए।

मामला यहीं खत्म हो जाता है। उन्होंने आगे कहा, आईपीएल या जिन्हें मंजूरी देनी होती है, वे मंजूरी दे देते हैं और खिलाड़ी आकर खेलता है। अगर यहां कोई गलती होती, तो वह खिलाड़ी फ्रैंचाइजी में नहीं खेलता। यह ब्रेविस के बारे में नहीं है। आमतौर पर ऐसा ही होता है। एक और बात है जो मैं समझाना चाहता हूं। वीडियो में मेरा इरादा यह बताना था कि ब्रेविस कितनी अच्छी बल्लेबाजी कर रहे थे। हमें यह समझना होगा कि आईपीएल में खेलने वाले हर खिलाड़ी का एक त्रि-भागीय अनुबंध होता हैः खिलाड़ी, फ्रैंचाइजी और आईपीएल का एक बाध्यकारी अनुबंध होता है।

## शूटिंग प्रतियोगिता में यश सोनी ने जीता रजत पदक



भोपाल। 7 से 14 अगस्त तक महू में आयोजित 28वीं मध्यप्रदेश राज्य शूटिंग प्रतियोगिता 2025 में भोपाल के यश सोनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया। यश ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार और अपने स्कूल को दिया। यश के इस प्रदर्शन पर उनके स्कूल एवं परिवार वालों ने बधाई एवं शुभकामनाएं दी।



## DPL में सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को हराया

नई दिल्ली । यश धुल के शानदार शतक की बदौलत सेंट्रल दिल्ली किंग्स ने यहां दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) के बारिश से प्रभावित मैच में नॉर्थ दिल्ली स्ट्राइकर्स को 15 रन से हरा दिया। धुल ने 56 गेंद पर 101 रन बनाए जिसमें आठ चौके और सात छक्के शामिल हैं।

**यश धुल ने खेली 101 रन की शतकीय पारी**

युगल सैनी ने 28 गेंदों में 63 रन बनाकर उनका अच्छा साथ दिया जिससे सेंट्रल दिल्ली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 16 ओवर में सात विकेट पर 197 का विशाल स्कोर खड़ा किया। स्ट्राइकर्स के लिए हिंषत राणा ने बेहतरीन गेंदबाजी की और चार ओवर में सिर्फ़ 35 रन देकर तीन विकेट लिए। अर्जुन राप्रिया ने हैट्रिक ली, लेकिन वह दो ओवर में 30 रन देकर काफ़ी महंगे साबित हुए।

सलामी बल्लेबाज सार्थक रंजन (26 गेंदों पर 52 रन) और अर्नव बुग्गा (13 गेंदों पर 43 रन) ने पांच ओवरों के अंदर 85 रन की साझेदारी करके स्ट्राइकर्स को अच्छी शुरुआत दिलाई लेकिन इसके बाद उसने लगातार विकेट गंवाए और आखिर में उसकी टीम नौ विकेट पर 182 रन ही बना सकी।

## MLS में लियोनेल मेसी ने इंटर मियामी को जीत दिलाई, गैलेक्सी को 3-1 से हराया



फोर्ट लॉडरडेल । लियोनेल मेसी ने चोट से उबरकर दशकों से भारी समर्थन के बीच एक गोल किया जबकि एक गोल करने में मदद की जिससे इंटर मियामी ने मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) फुटबॉल टूर्नामेंट में एलए गैलेक्सी पर 3-1 से जीत दर्ज की। मेसी चोटिल होने के कारण पिछले दो मैच में नहीं खेल पाए थे। मैच के बाद मियामी के डिफेंडर मैक्सिमिलियानो फाल्कन ने मेसी की तारीफ करते हुए कहा, हमें इसकी आदत हो गई है। आपने देखा होगा कि उसने क्या किया, गोल पर साफ़ नज़र रखते हुए गेंद हासिल की और गोल कर दिया। अर्जेंटीना के सुपरस्टार ने हमवतन रोड्रिगो डी पॉल की मदद से गोल करके दर्शकों को रोमांचित किया। मेसी को दो अगस्त को नेकाक्सा के खिलाफ लीग कप मैच में हैमस्ट्रिंग में चोट लग गई थी।

इंटर मियामी उनके बिना लीग कप क्वॉर्टर फाइनल में पहुंच गया, लेकिन एमएलएस मुकाबले में उसे अपने राज्य के प्रतिद्वंद्वी ऑरलैंडो सिटी से 4-1 से हार का सामना करना पड़ा।

## यूरोपीय संघ को इजराइल पर युद्ध समाप्त करने के लिए दबाव डालना चाहिए: मेटे



नई दिल्ली । गाजा में जारी युद्ध और आम इंसानों की मौत ने दुनिया भर में इजराइल के खिलाफ माहौल बना दिया है। हमेशा इजराइल के सपोर्ट में खड़े दिखने वाले यूरोपीय देश भी अब खुलकर पीएम नेतन्याहू और उनकी नीतियों का विरोध करने लगे हैं।

अब डेनमार्क की प्रधानमंत्री मेटे फ्रेडरिक्सन ने इजराइली प्रधानमंत्री को एक समस्या बताते हुए कहा कि गाजा में बिगड़ते मानवीय संकट के बीच युद्ध समाप्त करने के लिए यूरोपीय संघ को भी इजराइल पर दबाव डालना चाहिए। अगर तब भी हालात नहीं सुधरते तो फिर इजराइल पर भी रूस की तरफ प्रतिबंध लगाए जाने चाहिए। डेनमार्क ने कई देशों द्वारा फिलिस्तीन को मान्यता देने को लेकर किए जा रहे विचार पर अपनी सहमति नहीं जताई। पीएम ने कहा कि फिलिस्तीनी राज्य को तत्काल मान्यता देने से संघर्ष कम नहीं होगा। हालांकि उन्होंने कोपेनहेगन के द्वि-राज्य समाधान के समर्थन की पुष्टि की।

## सूडान में अर्धसैनिक बल की गोलीबारी में 31 लोगों की मौत

काहिरा । सूडान की सेना के खिलाफ लड़ रहे एक अर्धसैनिक बल ने दारफुर में भुखमरी से पीड़ित लोगों के विस्थापन शिविर पर गोलाबारी की, जिसमें सात बच्चों और एक गर्भवती महिला समेत कम से कम 31 लोगों की मौत हो गई। एक चिकित्सा समूह ने यह जानकारी दी। यह एक सप्ताह से भी कम समय में इस अर्धसैनिक बल का दूसरा हमला है। सूडान डॉक्टर्स नेटवर्क ने एक बयान में कहा कि उत्तरी दारफुर प्रांत की राजधानी अल-फशर के बाहर अबू शौक शिविर पर रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) की गोलाबारी में 13 लोग घायल हो गए। देश में चल रहे इस संग्राम पर नजर रखने वाले संगठन 'रेसिसटेंस कमेटीज इन अल-फशर' ने कहा कि आरएसएफ ने सुबह-सुबह शिविर पर कई घंटों तक गोलाबारी की। उसने एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि इस हमले में निजी संपत्तियों और शिविर के बुनियादी ढांचे को भी भारी नुकसान पहुंचा है। आरएसएफ ने इस संबंध में तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

## मेलानिया ट्रंप ने पुतिन को लिखा शांति पत्र, भावी पीढ़ी की सुरक्षा का किया आग्रह

वाशिंगटन, । अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की पत्नी मेलानिया ट्रंप ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नाम एक पत्र लिखा और यूक्रेन में शांति का अनुरोध किया। ट्रंप ने मेलानिया का यह पत्र पुतिन को अलास्का में सौंपा। ट्रंप और पुतिन के बीच अलास्का में शिखर बैठक हुई जिसमें यूक्रेन और रूस के बीच लंबे समय से जारी युद्ध को समाप्त करने संबंधी बातचीत की गई



हालांकि इस बैठक का कोई ठोस परिणाम नहीं निकला। मेलानिया ट्रंप के इस पत्र में यूक्रेन का नाम नहीं लिया गया लेकिन पुतिन से बच्चों और उनकी उस मासूमियत के बारे में विचार करने की अपील की गई 'जो भौगोलिक सीमाओं, सरकार और विचारधारा से परे है। अमेरिकी प्रथम महिला ने संघर्ष का उल्लेख सीधे तौर पर नहीं किया बस पुतिन से इतना कहा कि वे अपने प्रयास से उन बच्चों की हंसी वापस ला सकते हैं जो इस संघर्ष में फंस गए हैं। इन बच्चों की मासूमियत की रक्षा कर-के आप न सिर्फ रूस की बल्कि पूरी मानवता की सेवा करेंगे। पुतिन केवल कलम से ही इन बच्चों की मदद कर सकते हैं। ऐसे आरोप हैं कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण के बाद यूक्रेन से बच्चों को पकड़कर रूस ले जाया गया है।

## मालोर्का को 3-0 से हराया, राफिन्हा और यामल ने दागे

# ला लिगा में बार्सिलोना का विजयी आगाज

मैड्रिड । बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपने खिताब के बचाव की शुरुआत मालोर्का पर 3-0 की आसान जीत के साथ की। उसने मालोर्का को मिले दो रेड कार्ड का फायदा उठाया।

पिछले सत्र में बार्सिलोना के शानदार आक्रमण का नेतृत्व करने वाले राफिन्हा और लामिने यामल को एक बार फिर अपना प्रभाव छोड़ने में सिर्फ सात मिनट लगे। यामल के किलिंग क्रॉस पर राफिन्हा ने टीम की तरफ से पहले गोल किया। फेरान टोरेस ने 23वें मिनट में बार्सिलोना की बढ़त दोगुनी कर दी। इस गोल के खिलाफ हालांकि मालोर्का ने शिकायत की थी, क्योंकि उनके एक खिलाड़ी के सिर में गेंद लगने के बाद वह जमीन पर गिर गया था। यामल ने दूसरे हाफ के स्टॉपेज टाइम में टॉप कॉर्नर पर गोल करके स्कोर 3-0 कर दिया। पिछले सत्र में 102 गोल करके लीग जीतने वाली बार्सिलोना की टीम अनुभवी स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की के बिना मैदान पर उतरी जो चोटिल होने के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए।



## एचएमजी ट्रॉफी बैडमिंटन-जया यादव का शानदार प्रदर्शन, दो वर्गों के क्वार्टर फाइनल में

इंदौर। इंदौर जिला बैडमिंटन संगठन द्वारा आयोजित तीसरी एचएमजी ट्रॉफी विद्यालयीन खुली बैडमिंटन स्पर्धा में कई युवा खिलाड़ियों ने प्रभावशाली प्रदर्शन करते हुए क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। शिक्षा शिखर, महू की जया यादव ने सबसे ज़्यादा प्रभावित किया, जिन्होंने 13 और 15 वर्ष बालिका वर्ग में वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों को हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया। अन्य प्रमुख खिलाड़ियों ने भी शानदार खेल दिखाया। 13 वर्ष बालिका एकल में गिरिजा जाधव, अधरिका शुक्ला, नायशा पुरोहित, कृषा सोलंकी, पहल चढोकर, ईश्मन सलूजा और तिविषा जैन क्वार्टर फाइनल में पहुँचे। 11 वर्ष बालक एकल में हर्षवर्धन सिंह राजपूत, विहान डोर्ले, अशांक मिश्रा, निखिल यादव और वेदांत सिंह तोमर ने अपनी जगह पक्की की। इसी तरह, 15 वर्ष बालिका एकल में अभ्युदया इस, अर्ना गरिमा, रेनी अग्रवाल, दिवा चौकसे और तिविषा जैन भी अंतिम आठ में शामिल हुईं। इस दौरान कुछ बड़े उलटफेर भी देखने को मिले। जया यादव ने 15 वर्ष बालिका एकल में दूसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी तनवी दुबे और 13 वर्ष बालिका एकल में तीसरे वरीयता प्राप्त खिलाड़ी तानिया अग्रवाल को हराया। 15 वर्ष बालिका एकल में अभ्युदया पहाडिया ने तीसरे वरीयता प्राप्त गिरिजा जाधव को शिकस्त दी, जबकि 11 वर्ष बालक एकल में निखिल यादव ने पांचवें वरीयता प्राप्त अरिंजय कृष्ण बिंजु को मात दी।

## म.प्र. राज्य मास्टर्स टेबल टेनिस - इंदौर के खिलाड़ियों का दबदबा, जीते कई खिताब

इंदौर। मध्य प्रदेश वेटरंस टेबल टेनिस कमेटी और मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन द्वारा आयोजित पहली राज्य मास्टर्स टेबल टेनिस प्रतियोगिता में इंदौर के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। संध्या सोमानी (भोपाल) ने महिला वर्ग में और इंदौर के प्रमोद सोनी, विपिन पंडित, संजय मेहता, किशोर मोटवानी और विशाल जोशी ने पुरुष वर्ग में अपनी-अपनी श्रेणियों में खिताब जीतकर शहर का नाम रोशन किया। इस प्रतियोगिता में विभिन्न आयु वर्गों के खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। 70+ पुरुष वर्ग के फाइनल में प्रमोद सोनी ने संतोष कौशिक को कड़े मुकाबले में 6-11, 14-12, 11-6, 8-11, 11-7 से हराया। वहीं, 65+ आयु वर्ग में विपिन पंडित (इंदौर) ने विभूति शर्मा (इंदौर) को 11-5, 11-7, 11-9 से, 60+ आयु वर्ग में संजय मेहता (इंदौर) ने मनोज सोनी (इंदौर) को 11-8, 11-8, 11-4 से पराजित किया। 50+ में किशोर मोटवानी (इन्दौर) ने मनोज सोनगरा (इन्दौर) को 11-6, 11-6, 11-4 से तथा 40+ पुरुष वर्ग में विशाल जोशी (इन्दौर) ने कुणाल गजभीये (भोपाल) को 11-7, 11-5, 11-3 से पराजित कर खिताब जीता। महिला वर्ग में भोपाल की संध्या सोमानी ने 40+ आयु वर्ग का खिताब अपने नाम किया, उन्होने मनीषा कटारिया (इंदौर) को 11-8, 7-11, 13-11, 11-6 से शिकस्त दी। डबल्स में भी मुकाबला रोमांचक रहा। पुरुष डबल्स में कुणाल दुर्वे और नवीन नातू की जोड़ी विजयी रही, जबकि मिक्स्ड डबल्स का खिताब किशोर मोटवानी और नीता वैष्णव ने जीता। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी ने किया। प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण मध्य प्रदेश ओलंपिक संघ के उपाध्यक्ष ओम सोनी के हाथों संपन्न हुआ। इस अवसर पर मध्य प्रदेश टेबल टेनिस संगठन के जयेश आचार्य, रिंकु आचार्य, मधुर शर्मा व गौरव पटेल विशेष रूप से उपस्थित थे।

# केशव इंग्लिश हायर सेकेण्डरी में मनाया गया आजादी का पर्व

वारासिवनी(पद्मेश न्यूज)। देश का राष्ट्रीय पर्व स्वतंत्रता दिवस केशव इंग्लिश हायर सेकेण्डरी स्कूल में हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया। साथ ही ध्वजारोहण किया गया। विद्यालय को संचालित करने वाली ज्ञानविकास समिति के अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ,उपाध्यक्ष संजय मान्धाता, सचिव विजय तेलास्कर,सह सचिव शौर्य रूसिया, कोषाध्याक्ष तिलक पारधी, वरिष्ठ सदस्य उत्तमप्रकाश रूसिया, मुकेश अग्रवाल, श्रीराम रूसिया, डिलेन्द्र देशमुख, ऋषि तिवारी, श्रीमती निर्मला पटले,श्रीमती चेतना देवरस, रमेश देव्हारे, ज्ञानीराम पटले एवं समिति के समस्त सदस्यगण एवं पालकगण भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि के द्वारा झंडा वंदनकर की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्रप्रसाद ने अपने उद्बोधन में देश के क्रांतिक्रारियोंको याद कराते हुए स्ववंत्रता पर्व की बधाई दी। समिति के अध्यक्ष प्रदीप तिवारी ने अपने उद्बोधन में अपनी संस्कृति की रक्षा एवं राष्ट्रप्रेम की भावना जगाने का अव्हान किया। श्रीमती निर्मला पटले के द्वारा हिन्दी पर्व एवं हिन्दी नववर्ष के प्रारंभ के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम का संचालन शिक्षिका सुश्री सोनाली गोस्वामी ने किया नन्हे मुन्नों ने भी कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा नृत्य नाटक और भाषण की प्रस्तुति दी गई । नन्हे मुन्ने बच्चे भी स्वतंत्रता सेनानियों की वेशभुषा में उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रंगारंग प्रस्तुतियाँ देशभक्ति के रंगों से सराबोर थी। कार्यक्रम में एक भारत श्रेष्ठ भारत की तर्ज पर विभिन्न राज्यों के लोक नृत्यों को शामिल किया गया था। विद्यार्थियों ने ऑपरेशन सिंदूर घटना का मंचन किया जिसकी प्रस्तुति सराहनीय रही। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगीत के साथ किया गया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्राचार्य प्रदीप शर्मा के द्वारा सभी का आभार प्रदर्शन किया गया। शिक्षक रवि शंकर पटले के





निर्देशन में मिष्ठान वितरण किया गया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का सराहनीय योगदान रहा।

## सरस्वती विद्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

स्थानीय सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में हर्षउल्लास के साथ स्वतंत्रता दिवस मनाया गया। जिसमें ध्वजारोहण के साथ साथ मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति विद्यार्थियों के द्वारा दी गई। यह कार्यक्रम मुख्य अतिथि राजेंद्र मानवटकर ,अध्यक्षता सचिव विजय तेलास्कर की उपस्थिति में मनाया गया। जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती की पूजा अर्चना कर दीप प्रज्ज्वलित किया। तत्पश्चात सरस्वती वंदना कर मुख्य अतिथि के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। सभी ने ध्वज प्रणाम के साथ सामूहिक राष्ट्रगान किया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। जिसमें नृत्य गीत भाषण जैसी प्रतियोगिताओं में छात्र छात्राओं के द्वारा शानदार प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर प्रदीप तिवारी ,संजय मांधाता ,शौर्य रुसिया, तिलक पारधी, मुकेश अग्रवाल ,श्रीमती चेतन देवरस, श्रीमती निर्मला पटले, ऋषि तिवारी सहित विद्यार्थी एवं शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रहे।

## कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास मनाया गया

कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल में १५ अगस्त को स्वतंत्रता दिवस का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास समारोह पूर्वक मनाया गया। समारोह का शुभारंभ मुख्य अतिथि आई डी टेंभरे के द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। राष्ट्र गान ध्वज सम्मान के उपरांत माँ सरस्वती, महात्मा गांधी, डॉ. भीमराव आंबेडकर एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रतिक पुरूष स्वामी विवेकानंद के छाया चित्र के समक्ष मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश भक्ति गीतों की धूम रही। कु. सलोनी पटले एवं कुमारी सलोनी आमाडारे कक्षा १० वीं के द्वारा गायन किया गया देश भक्ति गीत विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा है। देश भक्ति गीतों के कार्यक्रम में श्रीमती कुसुम नकाशे द्वारा भी देश भक्ति गीत की प्रस्तुति की गई। समारोह के अंत में स्कूल संचालक एवं प्राचार्य निरंजन बिसेन, मुख्य अतिथि आई डी टेंभरे के द्वारा छात्र छात्राओं एवं उपस्थित शिक्षक शिक्षिकाओं से देश की एकता एवं अखण्डता को बनाये रखने के लिए प्रेरित किया गया। समारोह के अंत में समारोह के अध्यक्ष अधिवक्ता स्वप्निल डोंगरे के द्वारा देश भक्ति पूर्ण आकर्षक कविता प्रस्तुत की गई। समारोह का सफल संचालन एवं आभार व्यक्त राकेश कुमार मिश्रा कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा देश भक्तिपूर्ण शेरों शायरियों से किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय परिवार का विशेष योगदान रहा। वहीं सार्वजनिक स्वतंत्रता दिवस समारोह गांधी चौक में कु. प्रीति पराते कक्षा ५वीं के द्वारा आकर्षक देश भक्तिगीत की प्रस्तुति की गई तथा राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वंय सेविकाओं द्वारा रानी अवंति बाई स्टेडियम में आकर्षक परेड का प्रदर्शन किया गया। जिसकी कमांडर कु. श्रुति गौतम को पुरस्कृत किया गया। परेड़ का निर्देशन राकेश कुमार मिश्रा कार्यक्रम अधिकारी राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा किया गया।

# शासकीय हाई स्कूल देवलगांव में 79वां स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

लांजी (पद्मेश न्यूज)। 15 अगस्त 2025 को शासकीय हाई स्कूल देवलगांव में 79वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम से मनाया गया। प्राचार्य आर.के. बेंजामिन ने प्रात: 7:30 बजे ध्वजारोहण किया, जिसके बाद ग्राम में प्रभात फेरी निकाली गई। प्राथमिक शाला और ग्राम पंचायत



कार्यालय में भी ध्वजारोहण कार्यक्रम में भाग लिया गया। स्कूल परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें प्राचार्य को कार्यक्रम अध्यक्ष, पूरनलाल बागडकर को मुख्य अतिथि, तथा मुन्ना कुमार बागडे, राजेश सोनवाने, और मनोहर राऊत को विशेष अतिथि मनोनीत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती, महात्मा गांधी, और डॉ. बी.आर. अंबेडकर की पूजा-अर्चना से हुई। छात्र-छात्राओं ने सरस्वती वंदना, स्वागत गीत, नृत्य, गीत, और भाषण प्रस्तुत किए। शासन के निर्देशानुसार मेहंदी प्रतियोगिता और हर घर तिरंगा रैली का आयोजन हुआ। सत्र 2024-25 में कक्षा दसवीं में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली उमा कृष्ण कुमार वाहने, द्वितीय स्थान प्राप्त सुकन्या मुन्ना बागडे, और तृतीय स्थान प्राप्त सुवानी सदानंद बागडे को शिल्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्राचार्य ने बच्चों को संबोधित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और भविष्य में भी मेधावी छात्रों को पुरस्कृत करने की घोषणा की। कार्यक्रम का संचालन एस.एल. घोरमारे ने किया और उन्होंने ही आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शाला परिवार के शैलेष नागदेवे, ईश्वरी प्रसाद कुशले, दुधराम चौधरी, सविता टेंभरे, भोलाराम घोरमारे, कांति जीवतोडे, अनीता चौरागढे, और छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

लांजी (पद्मेश न्यूज)। शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय लांजी में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व





हर्षोल्लास और भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं आरती से हुई, जिसमें प्राचार्य डी.के. फुल्लारे सहित सभी शिक्षकगण एवं अतिथि उपस्थित रहे। मंच का संचालन अनंतराम फुंडे एवं आर.जी. नागपुरे ने किया। दोनों ने कृष्ण भजनों से माहौल को भक्ति रस से सराबोर कर दिया। बच्चों ने राधा-कृष्ण की वेशभूषा धारण कर नृत्य, गीत और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्नों की अदाओं और मनमोहक झाँकियों ने दर्शकों का मन मोह लिया। पूरे सभागार में तालियों की गड़गड़ाहट गूंज उठी। कार्यक्रम उपरांत प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर डी.के. फुल्लारे, एस.आई. बनाठे, अभिलाषा मौर्य, रविता टांडेकर, जी.आर. चिखले, आशा दुरुगकर, छाया किशोर धरते, मुकेश हरिनखेड़े, रामगोपाल नागपुरे, पद्माकर लटारे, शिवानी खरगाल, प्रेमलता अवसरे, नंदकिशोर मेश्राम, बीरेश्वर सोनवाने, खेमराज कोठारे, भूमेश्वरी बघेल, अंजू करहि, ममता भरने, समता बागड़े, चंद्रकुमार वैद्य, मुरलीधर मेश्राम, ओमकार बढ़ई, अंकित मेश्राम, व्यावसायिक प्रशिक्षक किरण कुमार व धर्मेन्द्र सुलाखे, चंद्रशेखर दुरुगकर, फरीन खान सहित समस्त अतिथि शिक्षक मौजूद रहे। विद्यालय परिवार ने इस आयोजन के माध्यम से श्रीकृष्ण के उपदेशों—धर्म, कर्म और मित्रता—का संदेश दिया। प्राचार्य डी.के. फुल्लारे ने कहा कि बच्चों की प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ा दी और सभी को श्रीकृष्ण की लीलाओं से जोड़ दिया।

# नक्सल प्रभावित ग्राम सोनगुडडा में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। सुदूर वनांचल आदिवासी नक्सल प्रभावित क्षेत्र सोनगुडडा में देश का 79 वा स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त को हर्षोल्लास पूर्वक समारोह मनाया गया। जिसमें सर्व प्रथम एकीकृत शासकीय हाईस्कूल सोनगुडडा में प्रभारी प्राचार्य एच एल गेडाम ने पुजा अर्चना कर ध्वजारोहण किया। उक्त अवसर पर सभी शिक्षक शिक्षिका एवं छात्र छात्राएं तथा पालक गण भी उपस्थित थे। इसके पश्चात प्राथमिक शाला सोनगुडडा में तेजराम नगपुरे संकुल सह समन्वयक साक्षरता के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। तत्पश्चात विद्यालय प्रांगण से छात्र छात्राओं की प्रभातफेरी निकाली गई। उक्त प्रभातफेरी आदिवासी बालक आश्रम पहुंची जहां बालक आश्रम में विनोद कुमार टेम्भरे नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य के द्वारा ध्वजारोहण किया गया उक्त अवसर पर आश्रम के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। तत्पश्चात छात्र छात्राओं की प्रभातफेरी राष्ट्रीय नारे लगाते हुए। पुलिस चौकी सोनगुडडा में पहुंची जहां पुलिस चौकी प्रभारी लोकेन्द्रसिंह एवं हाक फोर्स प्रभारी पींटु कुमार बघेल ने ध्वजारोहण किया। उक्त अवसर पर पुलिस चौकी एवं हाक फोर्स के सभी जवान तथा विद्यालय के छात्र-छात्राएं सभी शिक्षक शिक्षिकाये ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पुलिस चौकी सोनगुडडा एवं हाक फोर्स के संयुक्त तत्वावधान में सभी छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं एवं ग्रामीण जनों को स्वलपहार भी कराया गया। एवं सभी छात्र छात्राओं को पेन एवं कापी प्रदान की गई। तत्पश्चात प्रभातफेरी ग्राम का भ्रमण करते हुए ग्राम पंचायत सोनगुडडा पहुंची जहां पर सरपंच कमल सिंह धुर्वे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उक्त अवसर पर सचिव श्री पुनित चिचाम एवं सहायक सचिव संजय मर्सकोले सभी पंच गण तथा



ग्राम के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। पंचायत की ओर से स्वलपहार भी कराया गया। तत्पश्चात प्रभातफेरी कन्या आश्रम सोनगुडडा पहुंची जहां पर पूर्व सरपंच श्री तातूसिंह धुर्वे ने ध्वजारोहण किया। उक्त अवसर पर कन्या आश्रम के सभी कर्मचारी उपस्थित थे। तत्पश्चात प्रभातफेरी आंगनबाड़ी केंद्र सोनगुडडा में पहुंची जहां पर पूर्व सरपंच श्रीमती रिशन बाई धुर्वे के द्वारा ध्वजारोहण किया गया उक्त अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका उपस्थित थे। तत्पश्चात प्रभातफेरी हाईस्कूल सोनगुडडा के प्रांगण में पहुंची जहां पर उक्त प्रभातफेरी एक सभा के रूप में परिवर्तित हुई। जहां पर कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती वंदना से हुई। जहां पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं के द्वारा वेशभूषा के साथ एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीत पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उक्त कार्यक्रम में मुख्यअतिथि कमल सिंह धुर्वे सरपंच एवं अध्यक्षता प्रभारी प्राचार्य एच एल गेडाम सर थे। विशिष्ट अतिथि पूर्व सरपंच श्रीमती रिशन बाई धुर्वे, नवनियुक्त प्रभारी प्राचार्य विनोद कुमार टेम्भरे , शिक्षक घनश्याम लिल्हारे, पालक गण, ग्राम के गणमान्य नागरिक भारी संख्या में उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान सरपंच कमल सिंह धुर्वे के द्वारा कार्यक्रम में भाग लेने वाले छात्र छात्राओं को नगद पुरस्कार देकर एवं विद्यालय की ओर से भी पुरस्कार देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान स्वलपहार भी कराया गया। छात्र छात्राओं के कार्यक्रम के पश्चात कार्यक्रम के मुख्यातिथि कमल सिंह धुर्वे सरपंच ने सभा को संबोधित करते हुए स्वतंत्रता दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए गए एवं सभी छात्र-छात्राओं को प्रतिदिन स्कूल आने एवं अच्छी पढ़ाई करने तथा ग्राम के नागरिकों को शासन का सभी लाभ लेने की बात कही गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रभारी प्राचार्य एच एल गेडाम सर के द्वारा भी सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि स्वतंत्रता दिवस हमारे लिए बहुत कुछ खास है। हमें आजादी कैसे मिली पुरा वर्णन करते हुए बताया गया। एवं सभी का आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक तेजराम नगपुरे, विरेन्द्र कुमार टेकाम, महेन्द्र ठाकरे, मिलिंद डोंगरे, अनिल कुमार बाहे, सुरेन्द्र कुमार शरणागत, विनय कटरे, कार्तीक ठाकरे, जयेश खरोले, पंकज नागरे, प्रशांत धार्मिक शिक्षिकाओं में श्रीमती ज्योति शरणागत, श्रीमती भागवंती मातरे, श्रीमती दिपीका पेंढारकर, कु वर्षा बोपचे, हाईस्कूल के कर्मचारी नान्हूसिंह पंद्रे, रतनसिंह मेरावी आदि का सराहनीय योगदान रहा। संपूर्ण कार्यक्रम का सफल मंच संचालन शिक्षक तेजराम नगपुरे ने किया। कार्यक्रम के अंत में सुरुचिपूर्ण भोजन ग्रहण कराया गया।

# देश को नशा मुक्त बनाने सामूहिक प्रयासों से जनभागीदारी का किया आव्हान

किरनापुर(पद्मेश न्यूज)। केंद्रीय गृह मंत्री के निर्देशों के आलोक में नशीली दवाओं के खतरे के बारे में सार्वजनिक जागरूता बढ़ाने और नशीली दवाओं के नियंत्रण के लिए समर्थन जुटाने के उद्देश्य से 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी-07 बटालियन भारद्वाज राजेश हरि प्रसाद के नेतृत्व में बड़गांव में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में श्री रवीन्द्र सिंह (उप कमाण्डेन्ट),अजय पटियाल (उप कमाण्डेन्ट), निरीक्षक/जीडी विजय सिंह चौहान तथा बटालियन के जवानों ने राष्ट्रव्यापी ड्रग जागरूकता अभियान के तहत भारत देश को नशामुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास में जन-भागीदारी के लिए हिस्सा लिया । इस अभियान के तहत श्री भारद्वाज राजेश हरि प्रसाद, द्वितीय कमान



अधिकारी द्वारा अपने संबोधन में बताया गया कि युवाओं को नशे की लत के दुष्परिणामों से बचाना अभियान का एक प्रमुख फोकस है । नशे से आजादी के लिए हर स्तर पर जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन जीने के लिए प्रेरित किया जा सकता है । तत्पश्चात् उपस्थित अधिकारियों व जवानों द्वारा देष को नशामुक्त करने के लिए शपथ लिया गया।

# आज लोकसभा में पेश होगा जन विश्वास (संशोधन) विधेयक

नई दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल सोमवार को लोकसभा में जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2025 पेश करेंगे। यह विधेयक जीवन और व्यापार को सुगम बनाने के लिए कुछ छोटे अपराधों को अपराधमुक्त करेगा। लोकसभा की वेबसाइट पर प्रकाशित लोकसभा की कार्यसूची के अनुसार, मंत्री जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) विधेयक, 2025 पेश करेंगे, जिसका उद्देश्य जीवन और व्यापार को सुगम बनाने के लिए, विश्वास-आधारित शासन को और बेहतर बनाने के लिए अपराधों को अपराधमुक्त बनाने के लिए कुछ अधिनियमों में संशोधन करना है। इस विधेयक के माध्यम से 350 से अधिक प्रावधानों में संशोधन का प्रस्ताव है। एक अधिकारी के अनुसार, इस कदम से देश में अधिक व्यवसाय और नागरिक-केंद्रित वातावरण बनाने में मदद मिलेगी। यह विधेयक देश के व्यावसायिक माहौल को बेहतर बनाने के सरकार के प्रयास का हिस्सा है। इससे पहले 2023 में, जन विश्वास (प्रावधानों में संशोधन) अधिनियम पारित किया गया था, जिसके तहत 19 मंत्रालयों और विभागों द्वारा प्रशासित 42 केंद्रीय अधिनियमों के 183 प्रावधानों को अपराधमुक्त कर दिया गया था।

# चोरी पकड़ी गई तो चुनाव आयोग सियासी दलों पर ही दोष मढ़ रहा आप नेता ने किया पलटवार

नई दिल्ली। भारतीय चुनाव आयोग ने रविवार को कहा कि वह किसी के साथ भेदभाव नहीं करता है, इस पर आम आदमी पार्टी ने पलटवार करते हुए कह दिया कि जब चोरी पकड़ी गई तो सियासी दलों पर दोष मढ़ने लगे हैं। दरअसल रविवार को चुनाव आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा, कि वह बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग, गरीब-अमीर, महिला, बुजुर्ग और युवा मतदाताओं के साथ मजबूती से खड़ा था, है और आगे भी खड़ा रहेगा। आयोग ने कहा उसके लिए सभी बराबर है, फिर चाहे विपक्ष में कोई हो या सत्ता पक्ष में। इसी के साथ चुनाव आयोग ने वोट चोरी मामले पर सख्त रुख दिखाया है। इस पर आप नेता अनुराग ढांडा ने कहा, कि चुनाव आयोग अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए अब राजनीतिक दलों पर दोष मढ़ रहा है। आयोग की चोरी पकड़ी गई है और अब वह शर्मिंदगी महसूस कर रहा है। आप नेता ढांडा ने आरोप लगाया कि चुनाव आयोग और बीजेपी की मिलीभगत अब जगजाहिर हो चुकी है। उन्होंने दावा किया कि पिछली वोटर लिस्ट की खामियों को जब राजनीतिक दलों ने उजागर किया, तो चुनाव आयोग ने उल्टा यह जिम्मेदारी दलों पर डाल दी। आप नेता ने कहा, कि चुनाव आयोग का काम निष्पक्ष चुनाव कराना और वोटर लिस्ट को शुद्ध करना है, लेकिन वह इसमें पूरी तरह नाकाम साबित हुआ है। दिल्ली चुनाव का हवाला देते हुए उन्होंने कहा, कि वोट चोरी करके बीजेपी ने चुनाव जीता। हमने बार-बार शिकायत की कि फर्जी वोट जोड़े जा रहे हैं और असली वोट काटे जा रहे हैं, लेकिन आयोग ने कोई सुनवाई नहीं की। इससे साफ है कि बीजेपी और चुनाव आयोग की मिलीभगत ने लोकतंत्र को कमजोर किया है। अनुराग ढांडा ने प्रधानमंत्री मोदी की रैलियों पर भी सवाल उठाए और कहा कि जनता ने समर्थन नहीं दिया, इसलिए बीजेपी ने वोट चोरी का सहारा लिया। उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी शिक्षकों और एमसीडी कर्मचारियों को रैलियों में भीड़ जुटाने के लिए इस्तेमाल कर रही है। इस विवाद के बाद चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठ रहे हैं, जबकि आयोग लगातार यह दोहराता रहा है कि उसका काम केवल पारदर्शी और स्वतंत्र चुनाव कराना है।

# बोलेरो वाहन की टक्कर से 8 वर्षीय बालक राजकुमार की मौत

लांजी (पद्मेश न्यूज)। लांजी बालाघाट मार्ग पर ग्राम भिमोड़ी में एक सड़क हादसे में 8 वर्षीय मासूम बालक राजकुमार पिता घनश्याम गरूड़े की बोलेरा वाहन के टकराने से मृत्यू हो गई। इस घटना में बोलेरो वाहन जो कि बालाघाट पुलिस एफएसएल टीम का बताया जा रहा है जिसके चालक की लापरवाही के चलते यह हादसा घटित हुआ जिसमे बालक की मृत्यू हो गई। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार 17 अगस्त को ग्राम भिमोड़ी में सभी ग्राम वासियों के द्वारा श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व मनाया गया तथा संध्या काल करीब 5 से 6 बजे के बीच श्री कृष्ण जी की प्रतिमा विसर्जन करके ग्राम के लोग वापस हो रहे थे। इसी विसर्जन कार्येक्रम में मासूम बालक राजकुमार गरूडे भी शामिल था जो कि विसर्जन करने के उपरांत सड़क किनारे घोटीघुसमारा मार्ग चौक प्रवेश द्वार के पास खडा था लांजी की ओर से बालाघाट जा रहा पुलिस वाहन क्रमांक एम पी 50 जेड ए 9919 जो बालाघाट पुलिस एफएसएल टीम का वाहन है जिसमें प्रभारी महिला अधिकारी एवं टीम बैठी हुई थी। घटना के संबध में प्रत्यक्ष दर्शी जिसमें सरपंच प्रतिनिधि पुरूषोत्तम अस्तने एवं वहां उपस्थित लोगो ने बताया कि हम सभी कन्हैया जी का विसर्जन करके वापस आ रहे थे यह बालक सड़क के किनारे खड़ा हुआ था लांजी की ओर से आ रहा पुलिस वाहन जिसका चालक तेज गति से खतरनाक ढंग से लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुये आया बालक को जोरदार टक्कर मार दी, जहां बालक बोलेरो वाहन के बोनट से टकराकर लगभग 10 फिट दुर जा गिरा, तुरंत ही स्थानीय लोगो के द्वारा बालक को उठाया गया तथा 100 डायल एवं 108 को सूचित किया गया लेकिन उक्त दोनो ही वाहन समय पर नही पंहुच पाये तथा बालक की हालत बिगड़ रही थी जिसके चलते बालाघाट की ओर से आ रहे वन विभाग के



वाहन से बालक को सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां डॉ अंकित खरोले, डॉ अक्षय उपराड़े एवं टीम के द्वारा तत्काल सभी संभावनाओ के तहत उपचार किया गया लगभग 25 मीनट तक मेहनत की गई लेकिन बच्चे की जान नही बच पाई, टक्कर इतनी जोरदार थी बच्चे का सर सहित अनेको स्थानो में चोटे होना बताया गया है जिसके चलते बालक राजकुमार की जान चली गई।

## विधायक राजकुमार कर्राहे पहुंचे सिविल अस्पताल

घटना की जानकारी लगते ही विधायक राजकुमार कर्राहे तुरंत ही सिविल अस्पताल लांजी पंहुचे जहां उन्होने स्वयं देखा की डाक्टरों की टीम मेहनत कर रही है। वहीं आपके द्वारा घटना के संबध में पुलिस अधिकारियो एवं डाक्टर्स को पूर्व मे ही सूचित कर दिया गया था कि घटना घटित हुई आप लोग तैयार रहे। आपने घटना के संबंध में कड़ी निंदा करते हुये कहा कि पुलिस ही लोगो को जानकारी देती है कि वाहन धीरे चलाना चाहिये, नियमों का पालन करना चाहिये लेकिन आज पुलिस वाहन चला रहे वाहन चालक से ही ऐसी लापरवाही हुई है। जिन पर सख्त से सख्त कार्यवाही होनी चाहिये यह हम सुनिश्चित करेंगे। वही आपने बच्चे के मदद के लिये भी कहा कि शासकीय योजनाओं सहित हमारे द्वारा जो भी संभावित मदद हो सकती है कि जावेगी। सड़क हादसे में मृत बालक राजकुमार गरूडे जो कि ग्राम बिसोनी निवासी है अपने नाना के यहा ग्राम भिमोड़ी मे रहता था, बालक के माता पिता हैदराबाद कमाने गये हुये है घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। जो कि आज 18 अगस्त को लांजी पंहुचेंगे। पुलिस के द्वारा उक्त घटना के संबध में मर्ग कायम किया जा रहा है शव को वर्तमान में मर्च्यूरी गृह में सुरक्षित रखा गया है आज परिजनों के आने के उपरांत शव का पोस्टमार्टम किया जायेगा उसके पश्चात शव परिजनों को सौंपा जायेगा। वहीं घटना कारित करने वाला पुलिस वाहन लांजी पुलिस थाने में अभिरक्षा में रखा गया है।

## परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल

घटना की जानकारी लगते ही जहां ग्रामीणों ने घटना को लेकर दुख जताया है वही परिजन जब हास्पिटल पंहुचे तो उनका रो रोकर बुरा हाल था। एक 8 वर्षीय मासूम की जान चली गई है जिसने अभी ठीक तरह से दुनिया भी नही देखी थी। ग्रामीण जनों ने पुलिस विभाग के द्वारा की गई इस लापरवाही पर आक्रोश जताते हुये कहा कि इन पर कड़ी से कड़ी कार्यवाही किया जाना चाहिये।

# पुलिस थाना बहेला एवं कृषि विभाग की रिसेवाड़ा में छापामार कार्यवाही

### प्रायवेट व्यापारी द्वारा अवैध रूप से खाद का भंडारण और विक्रय किया जा रहा था

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पुलिस थाना बहेला क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रिसेवाड़ा में पुलिस एवं कृषि विभाग की टीम द्वारा 15 अगस्त को संयुक्त रूप से छापामार कार्यवाही की गई है। कार्यवाही के दौरान पाया गया कि ग्राम रिसेवाड़ा निवासी राधेश्याम पिता अनंतराम सोनवाने द्वारा अपनी किराना दुकान एवं गोदाम में बिना अनुमति के अवैध रूप से रासायनिक उर्वरक का भंडारण एवं विक्रय किया जा रहा था। मौके पर कृषक हीरालाल बढ़ई पिता चंदन बढ़ई को राधेश्याम सोनवाने के गोदाम से 02 बोरी यूरिया (प्रति बोरी 45 किलो) अवैध रूप से ले जाते हुए पकड़ा गया। जिसे उसने नगद 650 रुपए प्रति बोरी की दर से खरीदे जाने की बात स्वीकारी। गोदाम की तलाशी लेने पर कुल 32 बोरी (लगभग 1.555 मीट्रिक टन) उर्वरक अवैध रूप से भंडारित पाया गया, जिनमें विभिन्न कंपनियों के यूरिया, एस.एस.पी. एवं एन.पी.के. उर्वरक शामिल हैं। पूछताछ में राधेश्याम सोनवाने उर्वरक भंडारण और विक्रय के संबंध में वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने में असफल रहा। इस राधेश्याम सोनवाने के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3, 3(2) (d), 7 तथा उर्वरक (नियंत्रण) अधिनियम 1985 की धारा 3 एवं 7 के तहत थाना बहेला में अपराध क्रमांक-51/2025 पंजीबंद्ध किया गया है। बालाघाट जिला प्रशासन ने कृषकों से अपील की है कि उर्वरक, बीज एवं अन्य कृषि सामग्री हमेशा अधिकृत विक्रेताओं से ही खरीदें। यदि किसी प्रकार की अवैध विक्रय/भंडारण की जानकारी मिले तो तत्काल नजदीकी पुलिस थाना या कृषि विभाग को सूचित करें।



# मिस्त्री -मजदूर की लड़ाई में दुकानदार घायल

### समझाईश देकर विवाद सुलझाना दुकानदार को पड़ा महंगा
### मिस्त्री सहित 8- 10 लोगो ने हमला कर दुकानदार को किया घायल

बालाघाट(पद्मेश न्यूज)। पैसों के लेनदेन वाले मामले में एक मजदूर और मिस्त्री के बीच हुए विवाद को समझाईश देकर सुलझाना, एक दुकानदार को उस वक्त महंगा पड़ गया। जब मिस्त्री ने अपने 8-10 साथियों के साथ मिलकर दुकानदार के घर में घुसकर उसकी पिटाई कर दी। रविवार की सुबह लाठी डंडो से हुई इस मारपीट में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामला भरवेली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सुरवाही के सुरवाही टोला चौक का बताया गया है।जहा मारपीट में घायल सुरवाही टोला निवासी 35 वर्षीय दुकानदार महेश पिता माखनलाल बाहेश्वर को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।



## मजदूर और मिस्त्री के बीच पैसों को लेकर उपजा था विवाद

प्राप्त जानकारी के अनुसार सुरवाही निवासी महेश बाहेश्वर की सुरवाही टोला में किराने की दुकान है। जहां चौक में गणेश जी की प्रतिमा बैठने को लेकर वह अपने साथियों के साथ आयोजन व चंदे की बात कर रहे थे। बताया गया कि उसी दरमियान बगदरा निवासी मिस्त्री संतोष बोरकर का सुरवाही निवासी मजदूर पंचम बोपचे के साथ मजदूरी के पैसों को लेकर विवाद हो गया।जहां मजदूर और मिस्त्री के बीच हो रही तू-तू मैं- मैं और विवाद को सुलझाने के लिए दुकानदार महेश बाहेश्वर गया और दोनों को समझाईश देकर विवाद खत्म कर दिया। जिसके बाद मिस्त्री और मजदूर अपने-अपने घर चले गए। इसी बात की रंजिश रखते हुए बगदरा निवासी मिस्त्री संतोष बोरकर रविवार की सुबह अपने 8-10 साथियों को लेकर महेश के घर पहुंचा और लाठी डंडों से मारपीट शुरू कर दी।इस दौरान बीच बचाव के लिए महेश की पत्नी आई जिसके साथ भी मारपीट की गई। हालांकि इस मारपीट में पत्नी को मामूली चोटे आई, तो वही लाठी डंडो से की गई इस मारपीट में महेश बाहेश्वर के गंभीर रूप से घायल होने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है।उधर मामले की सूचना मिलने पर भरवेली पुलिस द्वारा इस पूरे मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

AICTE भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त एवं RGPV & DTE भोपाल से सम्बध्द
सतपुड़ा इंजीनियरिंग & पॉलिटेक्निक कॉलेज
प्रवेश प्रारंभ
B.Tech. & Polytechnic
▷ COMPUTER SCIENCE ENGINEERING
▷ MINING ENGINEERING
▷ CIVIL ENGINEERING
▷ MECHANICAL ENGINEERING
▷ ELECTRICAL ENGINEERING
Lateral Entry Admission NEP 2020 के तहत किसी भी ब्रांच से डिप्लोमा/B.Sc. (Maths) उत्तीर्ण छात्रों का B.Tech. एवं ITI उत्तीर्ण छात्रों का पॉलिटेक्निक के द्वितीय वर्ष में सीधे प्रवेश
सतपुड़ा कैम्पस, लालबर्रा रोड, गर्रा, बालाघाट
6262604111, 9425836824




पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, निःसंतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464







स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.१, गुजरी चौक, बालाघाट ( म.प्र. ) से मुद्रित कराकर काली पुतली चौक, बालाघाट से प्रकाशित, संपादक- उमेश बागरेचा, मो.नं. - ९४२५१३८७१० रजि. नं. एम.पी. एच. आई. एन. /२००९/३२३११, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट